सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-214 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 13 जनवरी 2024
01 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## पीएम मोदी ने देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज का किया उद्घाटन

# देश बदलेगा और बढ़ेगा भी: मोदी

**तोहफा**



**नासिक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। महाराष्ट्र में अटल सेतु के अलावा पीएम ने कई योजनाओं का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ ही विकसित भारत के संकल्प के लिए ऐतिहासिक है। आज दुनिया के सबसे बड़े पुल में से एक अटल सेतु देश को मिला है। आज का ये कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि का प्रणाम है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर 2016 का दिन मैं नहीं भूल सकता। जब मैं अटल सेतु के शिलान्यास के लिए यहां आया था। तब मैंने छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए कहा था कि लिखकर रखिए... देश बदलेगा भी और देश बढ़ेगा भी। पीएम ने कहा कि ये मोदी की गारंटी थी और आज मैं फिर छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए, सिद्धि विनायक जी को प्रणाम करते हुए यह अटल सेतु मुंबई और देश के लोगों को समर्पित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं होता और ना ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है। हमारे लिए हर प्रोजेक्ट भारत के नवनिर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। मोदी ने कहा कि जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा।




**02** | घंटे की यात्रा 15 मिनट में होगी पूरी

**17,840** करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अटल सेतु का निर्माण किया गया है

# जेल में बंद संजय सिंह दोबारा बने सांसद

**निर्वाचित**

- बिना मुकाबले के आप की तीन सीटों पर जीत
- स्वाति, संजय और एनडी के एमपी बनने का रास्ता साफ



**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीन राज्यसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के तीनों उम्मीदवार स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और एन डी गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। किसी अन्य दल के उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था। आप सांसद संजय सिंह, एन डी गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। पार्टी ने संजय सिंह और एन डी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामित किया जबकि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल को सुशील गुप्ता के स्थान पर नामित किया था। रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा ने तीनों उम्मीदवारों को शुक्रवार विजेता घोषित कर दिया। जेल में बंद संजय सिंह भी अपना सर्टिफिकेट लेने पहुंचे। कोर्ट की ओर से इसकी इजाजत मिली हुई थी। इससे पहले उन्हें नामांकन के लिए भी जेल से बाहर आने की छूट मिली थी। संजय सिंह का बतौर राज्यसभा सांसद यह दूसरा कार्यकाल होगा। आम आदमी पार्टी के तीनों उम्मीदवारों का पहले से ही निर्विरोध जीतना तय था। दिल्ली विधानसभा के 70 विधायकों में से आप के 62 विधायक हैं।

# पुंछ में आतंकी हमला

## एक बार फिर सेना के वाहन को बनाया निशाना

**हादसा**

- कई राउंड फायरिंग
- सभी आतंकी भागने में कामयाब रहे
- जंगलों में तलाशी अभियान शुरू

**पुंछ।** जम्मू संभाग के पुंछ में शुक्रवार को आतंकियों ने एक बार फिर सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला बोला है। दहशतगर्दों की इस नापाक हरकत पर भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए फायरिंग की, हालांकि सभी आतंकी फिलहाल भागने में कामयाब रहे। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेरबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। सैन्य वाहन पर हमले के बाद कृष्णा घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई एक तरफ जहां सुरक्षा बलों की तरफ से घटना स्थल के आस पास के जंगलों में तलाशी अभियान शुरू कर दिए गए हैं। वहीं कृष्णा घाटी की तरफ आने वाली मुख्य सड़क सहित सभी सड़कों पर पुलिस सेना और एसओजी की तरफ से नाकेबंदी करके हर आने जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की जा रही है।

## 22 को अयोध्या धाम जंक्शन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

**अयोध्या।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले वीवीआईपी की सुरक्षा के दृष्टिगत 22 जनवरी को अयोध्या धाम जंक्शन पर कोई ट्रेन नहीं रोकी जाएगी। प्रदेश पुलिस के अनुरोध पर रेलवे ने इसकी सहमति प्रदान कर दी है। वहीं रोडवेज की बसों को भी 21 और 22 जनवरी को अयोध्या के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अयोध्या होकर अपने गंतव्य को जाने वाली बसों को दूसरे रूट से भेजा जाएगा। इसके अलावा लखनऊ से बड़ी संख्या में अति विशिष्ट अतिथियों के सड़क मार्ग से अयोध्या जाने की वजह से लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग को सुबह से लेकर शाम तक ग्रीन कॉरीडोर बनाकर निजी वाहनों के लिए प्रतिबंधित करने की तैयारी है।

# भारी डीजल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए बनाएं नीति

**प्रदूषण**

- सुप्रीम कोर्ट का सरकार को आदेश



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को छह महीने के भीतर एक नीति बनाने का निर्देश दिया है। जिसके तहत भारी डीजल वाहनों को हटाकर उनकी जगह बीएस VI वाहनों को लाया जाएगा। न्यायालय ने कहा कि स्वच्छ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली में रहने वाले लोगों का नहीं है, बल्कि पूरे देश के लोगों का है। पीठ ने कहा, प्रदूषण, विशेष रूप से वायु प्रदूषण, पिछले कुछ दशकों से चिंता का विषय रहा है। वायु प्रदूषण भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है। अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन के अधिकार में प्रदूषण-मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार भी शामिल है। वायु प्रदूषण का मुद्दा हर नागरिक के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह नागरिकों के जीवन स्तर को प्रभावित करता है और उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। यह देखते हुए कि बीएस VI इंजन ट्रक और ट्रेलर स्वच्छ ईंधन पर चलते हैं, शीर्ष अदालत ने कहा कि वायु प्रदूषण का मुद्दा प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# भारतीय वायुसेना के माल वाहक विमान का मलबा मिला

**जांच**

- आठ साल पहले बंगाल की खाड़ी में हुआ था गायब
- सवार थे 29 लोग

**नई दिल्ली।** करीब साढ़े सात साल बाद भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक मालवाहक विमान का मलबा मिला है। यह मलबा बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई पर पाया गया। 22 जुलाई 2016 को विमान जब लापता हुआ था, तब उसमें चालक दल के छह सदस्यों समेत 29 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा एक ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) तैनात किया गया था। उसके द्वारा हाल ही में ली गई तस्वीरों की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि यह मलबा मालवाहक विमान एएन-32 का है। मलबा चेन्नई तट से 310 किलोमीटर की दूरी पर है। मंत्रालय ने कहा कि इन तस्वीरों की जांच की गई और पाया गया कि ये एएन-32 विमान से मेल खाती हैं। जिस जगह पर मलबा पाया गया है, इतिहास में उस इलाके (संभावित दुर्घटना स्थल) में किसी अन्य विमान के लापता होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

## सीएम योगी ने स्मार्ट फोन और टेबलेट का किया वितरण

# अयोध्या होगा दुनिया का सबसे भव्य टूरिस्ट स्पॉट: सीएम योगी

**सृजन**

- स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई : सीएम
- एक वर्ष में 31 करोड़ पर्यटक आए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े 31 करोड़ पर्यटक आए। इससे प्रदेश में विभिन्न तरह के रोजगार का सृजन हुआ है। 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अयोध्या सबसे विकसित और भव्य टूरिस्ट स्पॉट होगा।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के धार्मिक पर्यटक स्थल को विकसित कर रही है। काशी विश्वनाथ में पहले एक साथ पचास श्रद्धालु भी खड़े नहीं हो पाते थे। कॉरिडोर बन जाने से अब पचास हजार श्रद्धालु एक साथ धाम में एकत्र होकर धार्मिक आयोजन में भाग ले सकते हैं। सीएम योगी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप/इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन/टैबलेट का वितरण किया। साथ ही सीएम योगी ने 'My Bharat' पोर्टल के माध्यम से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। इसके अलाव 14 जनवरी से प्रारंभ हो रहे विशेष स्वच्छता अभियान से उन्होंने युवाओं से और प्रदेश के समस्त नागरिकों को जोड़ने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति तक न रुकने का संदेश दिया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद की इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। क्योंकि हर राह की एक मंजिल होती है, जब हम अपनी सही मंजिल और मार्ग का चुनाव करके आगे बढ़ेंगे तो निश्चित की हमें सफलता मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि विवेकानंद यूथ अवार्ड के तहत हमारी सरकार प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को जोड़ रही है। इसके तहत युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन दिया जा रहा है।

> सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस राज्य है, जो किसी के सामने हाथ नहीं फैलता है। अब यूपी के पास युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए पंच प्रण- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, नागरिक कर्तव्य और एकता एवं एकजुटता का संकल्प दिया है। इन्हीं संकल्पों के साथ यदि हम पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।






# 65.66 करोड़ रुपये की विस क्षेत्र लखीमपुर में परियोजनाओं का लोनिवि मंत्री, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया का लोकार्पण-शिलान्यास




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सूबे के पीडब्ल्यूडी मंत्री उप्र जितिन प्रसाद व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर के तहत विभिन्न योजनाओं में लागत रू. 50.73 करोड़ के लम्बाई 43.535 किमी के कुल 26 कार्यों का शिलान्यास और लागत रू. 14.93 करोड़ के लम्बाई 48.990 किमी के 33 कार्यों का निर्माण,मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज 26 कार्यों के शिलान्यास हो रहा है। क्षेत्र की बड़ी मांग एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर बेलरायां-पनवारी मार्ग का वह भाग जिसमें रेलवे स्टेशन और संकटा देवी आता है। इस 10 किमी मार्ग को 38 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा आपके जनप्रतिनिधि, सांसद-विधायक दमदार हैं, जो बड़ी-बड़ी परियोजनाओं खींचने में सक्षम है। जिले को सरकार ने बड़ी-बड़ी सौगात दी है। देश में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में जो कार्य कभी नहीं हुए, वह आज आपकी आंखों के सामने साकार होते दिख रहे हैं। आगे भी बड़े बड़े काम कराए जाएंगे।

### अलीगंज मार्ग की स्वीकृति मिल गई है

सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अफसरो से कहूंगा यह समझ लीजिए। मोदी-योगी के स्पष्ट निर्देश है। ना गुणवत्ता से कोई समझौता और समय सीमा पर पूरा काम होना चाहिए। इसी बीच लोनिवि मंत्री जितिन ने एसई को माइक पर बुलवाया और पूछा बेलराया-पनवारी मार्ग, जिसका शिलान्यास हो रहा है। उसकी लिखा पड़ी हो गई या नहीं। इस पर जवाब में सर प्रोसेस में है, इस माह एग्रीमेंट हो जाएगा मंत्री जनता यह सब नहीं जानती बस तारीख बताओ, सर 15 जनवरी से काम शुरू हो जाएगा वही देवकली-अलीगंज मार्ग 15 फरवरी तक शुरू हो जाएगा। इस पर मंत्री ने चेताया कि काम एक दिन भी लेट शुरू न हो। लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार सब सुन ले, गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेतावनी दी, अगर कमी पाई गई तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बड़ी-बड़ी परियोजनाएं आपके लिए लाई जाएगी। बड़े काम होने के साथ-साथ गांव की पक्की सड़के वर्ल्ड क्लास बनाकर देंगे तब अपने आपको सफल मानेंगे। ठंड के बाद लोक निर्माण विभाग गांव गांव की सड़के घरों तक के लिए बनाकर देगा।

### केंद्र में मोदी, प्रदेश में योगी के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हुएः टेनी

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित हुए, जिससे लोगों की ज़रूरतें भी पूरी हुई और उनके जीवन जीने की सुविधा भी बढ़ी है। लोगों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन आया है। यह केवल ज़रूरतें पूरी करने तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था, व्यावहारिक विदेश नीति, रक्षानीति सब पर महत्वपूर्ण काम किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज 9.5 वर्षो के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में शुरू हुई। हम हर गांव-शहर में जा रहे। जहां लोगों के अनुभव को सुनने को मिल रहा, जो हमको संतोष और आनंद देता है। लोगों का विश्वास और भरोसा केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रति बढ़ा है। देश में अच्छा वातावरण है। पीएम के नेतृत्व में जहां एक ओर देश सम्मानित राष्ट्र बना, वही विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने को निरंतर आगे बढ़ रहा। उन्होंने जनमानस से पूछा कि आज गांव में लोग बिजली का हफ्ता पूछते हैं क्या? कि बिजली दिन के हफ्ते की है या रात के हफ्ते की। बाजार में कहीं लालटेन मिलती है क्या। कोविड कालखंड में भारत ने वैक्सीन बनाई। महज 09 माह के भीतर 200 करोड़ से ज्यादा वैक्सीनेशन करके कोविड को नियंत्रित किया।

# जिलाधिकारी ने की रू. 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली सीएमआईएस डैश बोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें तथा सभी कार्यदाई संस्थाएं अद्यतन प्रगति की सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंक प्रभावित न होने पायें। डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह कम से कम 02 बार विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएसटीओ एवं सीडीओ के जरिए उन्हें उपलब्ध कराई जाये तथा



समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे। डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि ऐसी परियोजनाएं जिसमें पूरा बजट प्राप्त होने के बावजूद कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है ऐसे प्रकरणों में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध शासन को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं, जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है नियमानुसार प्रशासकीय विभाग को हस्तान्तरण की कार्यवाही समय से पूर्ण कराकर परियोजना को जनउपयोग में लाया जाय। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान के लिए अवगत कराया जाए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरविंद कुमार वर्मा तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाए एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 111 कृषि यंत्रों का ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का किया गया चयन




*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यंत्रों के वितरण से सम्बन्धित कृषकों के चयन हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त 18 विकास खण्डों के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यंत्रीकरण से सम्बन्धित योजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेश, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड) योजना के यंत्रों यथा-रोटावेटर, कल्टीवेटर, मिनी राइस मिल, लेजर लैण्ड लेवलर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, कस्टम हायरिंग हब, आलू बोने की मशीन, आलू खोदने की मशीन, पैडी मल्टी क्राप थ्रेशर इत्यादि यंत्रों की कुल 111 ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया। 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक यंत्रों की बुकिंग करने वाले किसानों द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# संगोष्ठी व सम्मान समारोह का किया गया कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी वा सम्मान समारोह का कार्यक्रम पी डी भारतीय इण्टर कालेज में किया गया जिसमें विनोद श्रीवास्तव, श्याम नारायण वर्मा, नगर संघचालक अरुण शुक्ला, ज्योति, अतुल रस्तोगी, लोक भारती के जिला संयोजक, किशन प्रकाश पाण्डेय जिला संगठन मंत्री, जिला संयोजक अखिल तिवारी उपस्थित रहे। विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्रों के लिए नित्य नए आयाम स्थापित करती आई है जब जब युवाओं ने देश का नेतृत्व किया है देश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षिक परिसरों मे काम करने वाला नहीं बल्कि समाज हित में भी काम करने वाला संगठन है। अतुल रस्तोगी ने बताया भारत युवाओं का देश है इतिहास गवाह है




युवाओं ने जब जब देश का नेतृत्व किया है देश के अंदर एक नई क्रांति लाने का काम किया है सभी लोग संगठन से जुड़े ओर राष्ट्र निर्माण मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। नगर अध्यक्ष ने बताया विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा संगठन है हम समोहम्मदी-खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी वा सम्मान समारोह का कार्यक्रम पी डी भारतीय इण्टर कालेज में किया गया जिसमें विनोद श्रीवास्तव, श्याम नारायण वर्मा, नगर संघचालक अरुण शुक्ला, ज्योति, अतुल रस्तोगी, लोक भारती के जिला संयोजक, किशन प्रकाश पाण्डेय जिला संगठन मंत्री, जिला संयोजक अखिल तिवारी उपस्थित रहे। विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्रों के लिए नित्य नए आयाम स्थापित करती आई है जब जब युवाओं ने देश का नेतृत्व किया है देश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षिक परिसरों मे काम करने वाला नहीं बल्कि समाज हित में भी काम करने वाला संगठन है।

अतुल रस्तोगी ने बताया भारत युवाओं का देश है इतिहास गवाह है युवाओं ने जब जब देश का नेतृत्व किया है देश के अंदर एक नई क्रांति लाने का काम किया है सभी लोग संगठन से जुड़े ओर राष्ट्र निर्माण मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। नगर अध्यक्ष ने बताया विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा संगठन है हम ब परिषद के कार्यकर्ता है यह गौरव की बात है। कार्यक्रम में राम मिश्रा, उत्कर्ष, निखिल, विनय, वंश, आकाश, दुर्गेश, पुष्कर, चेतन, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को भिन्न-भिन्न स्थानो से किया गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तों बलराम सिंह पुत्र गोवर्धन सिंह निवासी जौहरा थाना फूलबेहड़ संबंधित अधिपत्र मु0नं0 - 2985/14 धारा 323,324,504 भादवि0 व 3 1 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट 2. श्रवन उर्फ सरवन पुत्र इतवारी निवासी ग्राम मेहन्दी थाना फूलबेहड संबंधित अधिपत्र मु0नं0 - 398/22 धारा 379/411 भादवि0 को भिन्न-भिन्न स्थानो से गिरफ्तार किया गया।

# 04 घण्टे में सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित मु0अ0सं0 18/2024 धारा 457/380 भादवि का 04 घण्टे में सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त जब्बीर पुत्र सिद्दीक उम्र 26 वर्ष निवासी मंसूरी मोहल्ला प्यारेपुर थाना कोतवाली सदर को एक अदद लेडीज पर्स रेक्सीन, पच्चीस सौ रूपया नगद, दो अदद आधार कार्ड, चार अदद कंगन पीली धातु, एक अदद अंगूठी सफेद धातु, एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु, एक अदद लाकेट पीली धातु, एक अदद मोबाइल वीबो कम्पनी, एक अदद मोबाइल मोटोरोला, एक अदद एलईडी टीवी से साथ रेलवे स्टेशन लखीमपुर परिसर से गिरफ्तार किया गया उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी करके अभियुक्त को न्याया0 भेजा गया है।

# निजी भूमि तालाब निर्माण, खारा जल (महिला वर्ग) में लाभार्थी चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण 19 जनवरी तक

**रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 निजी भूमि तालाब निर्माण, खारा जल (महिला वर्ग) आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गयी है। योजना के तहत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख का विस्तृत विवरण तथा विज्ञापन उक्त विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के जनपदीय मण्डलीय एवं निदेशालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली द्वारा दी गई।

# तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया

**सहारनपुर।** जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में ऑडियो विजुअल के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गई एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के वर्क प्लान को विस्तार से बताया गया।

एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजीव मांगलिक ने तंबाकू उन्मूलन सेवाओं एवं जनजागरूकता से संबंधित जानकारी दी। समस्त काउंसलर को रुटीन परामर्श के साथ तंबाकू नियंत्रण हेतु काउंसिलिंग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार मुदस्सर अली ने ऑडियो विजुअल के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में संबंधित जानकारी दी गई एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के वर्क प्लान को विस्तार से बताया।

# स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशों के अनुपालन में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

जेवी जैन कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बीएससी कंप्यूटर साइंस के बच्चों को सरकार द्वारा प्रदत्त स्मार्ट फोन वितरित किए गए। रजनीश मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती को युवा दिवस के रूप में मनाये जाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानन्द के विचारों और आदर्शों के महत्व को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। इसलिए किसी भी देश के विकास में उस देश के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। राज्य सरकार द्वारा युवाओं को सशक्त बनाये जाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अन्तर्गत स्टार्टअप इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि का वितरण कराया गया। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा जो फोन वितरित किए जा रहे हैं इनका उपयोग बच्चे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में ज्ञान वर्धन बातों के लिए करेंगे।

# महापौर ने दिलायी स्वच्छता और पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज युवा दिवस के उपलक्ष में दिल्ली रोड स्थित अमृत तालाब पर मानव श्रृंखला बनायी गयी और लोगों को स्वच्छता तथा पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलायी गयी। शपथ महापौर डॉ.अजय कुमार ने दिलायी। नगर निगम द्वारा आज युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 161वी जयंती पर दिल्ली रोड स्थित अमृत तालाब पर एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस दौरान तालाब के चारों ओर शहर के लोगों ने मानव श्रृंखला बनायी। इस अवसर पर महापौर डॉ.अजय कुमार ने लोगों को सहारनपुर में स्वच्छता बनाये रखने तथा अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने और पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलायी। यह भी शपथ दिलायी गयी कि वे जब भी अयोध्या जायेंगे तो अयोध्या को स्वच्छ अयोध्या बनाने मे पूर्ण सहयोग करेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का आधार है। स्वच्छ रहकर ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने लोगों में राष्ट्रीयता की भावना भी जागृत की और आध्यात्म के साथ समाज सुधार का काम भी किया। वे समाज सुधार के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करते थे और चरित्र निर्माण व मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व पर बल देते थे।

# निगम ने फुटपाथ पर रात बिताने वाले 34 लोगों को रैन बसेरे पहुंचाया

**सहारनपुर।** फुटपाथ पर रात गुजारने वाले निराश्रित लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरा पहुंचाने का अभियान नगर निगम द्वारा ब्रहस्पतिवार की रात चलाया गया। पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से फुटपाथ पर सो रहे 34 लोगों को गाड़ियों में बैठाकर जनमंच परिसर स्थित रैन बसेरे में पहुंचाया गया।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर नगर निगम के सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह के नेतृत्व में कर निर्धारण अधिकारी साहब सिंह व राजस्व विभाग की टीम ने जीपीओ रोड, रेलवे रोड व कोर्ट रोड पर खुले आसमान के नीचे फुटपाथ पर सोने वाले निराश्रित लोगों को वहां से गाड़ियों में बैठाकर जनमंच परिसर स्थित रैन बसेरे पहुंचाया। दो महिलाओं सहित 34 लोगों को रैन बसेरे लाया गया। सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देशन में नगर निगम द्वारा राहगीरों, सड़क पर रात बिताने वाले निराश्रित लोगों को कड़कड़ती सर्दी से बचाने के लिए जहां शहर में 280 स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं वहीं खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों के लिए निगम द्वारा संचालित रैन बसेरों में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गयी है।

# 22 जनवरी को मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धितः डीएम



**रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शासनादेश के आलोक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आदेश दिये है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस जनपद में संचालित सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडलशाप, भांग, ताड़ी, सी0एल0-2, एफ0 एल0-2/एफ0एल0 2बी, एफ0एल0-49, एफ0एल0-16,17 एवं एफ0एल0-09/09ए अनुज्ञापनों से सम्पूर्ण दिवस को मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगी। उन्होंने कहा है कि इस बंदी के लिए लाइसेंसधारी किसी प्रतिकर या दावे का हकदार नहीं होगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# पुलिस अधिकारियों के साथ की गई बैठक

**रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद रायबरेली में पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा का जनपद रायबरेली में आगमन हुआ एवं रिजर्व पुलिस लाइन में मानप्रणाम ग्रहण किया गया। आगामी त्योहारों एवं 22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी के दृष्टिगत बेहतर कानून व्यवस्था को सुदृढरण बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक रायबरेली अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक की गई। तथा सर्व संबंधित को सुरक्षा के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस लाइन में नवनिर्मित साइबर क्राइम थाने का औचक निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना को आवश्यक दिशा में दिए गए।

# सांसद बृजभूषण शरन सिंह अपने 5000 समर्थकों साथ करेंगे अयोध्या मे परिक्रमा तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय से अगामी 14 जनवरी श्रीरामजन्मभूमि प्राकट्य



महोत्सव के अवसर पर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरन सिंह अपने 5000 समर्थकों साथ करेंगे अयोध्या मे परिक्रमा तैयारी पुरी सोशल मीडिया पर परिक्रमा मे शामिल होने को लेकर लगा पोस्टर का भरमार नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने की पुष्टि।

मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय के प्रांगण से अगामी 14 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमि प्राकट्य महोत्सव पर बीते 70 साल से की जा रही परिक्रमा इस बार भी भक्त और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं इस बार कैसरगंज भाजपा सांसद बृजभूषण शरन सिंह को कैसरगंज रामकोट समिति का अध्यक्ष भी बने है इस बार सांसद स्वयं अपने समर्थकों साथ 14 जनवरी को परिक्रमा मे शामिल होने के लिए इच्छुक लोगों से नंदिनी नगर महाविद्यालय प्रांगण मे आने की अपील जैसे पोस्टर सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहे हैं सांसद के प्रिय नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने पोस्टर की पुष्टि कर बताया कि यह परिक्रमा बीते 70 सालो से हो रही है इस बार यह परिक्रमा और भी खास है सांसद कैसरगंज रामकोट समिति के अध्यक्ष बने है। नंदिनी नगर महाविद्यालय से करीब एक हजार लोग जो कि नवाबगंज से है इस परिक्रमा मे करीब 5000 लोग शामिल होने का अनुमान है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में हर्षोल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेंजर तरबगंज ज्योतिर्मय शुक्ला रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेंजर तरबगंज ज्योतिर्मय शुक्ला ने कहा किउठो जागो और तब तक मत रुको जब तक कि लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।÷ स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रवर्तित यह उत्प्रेरक मंत्र युवा जागरण का प्रतीक है। उन्होंने छात्र छात्राओं का आह्वान किया तथा उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वाभिमान भाव भरने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डॉ महेंद्र कुमार भारती ने कहा कि हमें




विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा उन्होंने आगे कहा कि अगर भारत को 2047 में एक विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें विवेकानंद के आदर्शों को स्वीकार करना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलकर राष्ट्र और समाज का विकास करना होगा। इस अवसर पर जिला प्रमुख अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पवन शुक्ला, छात्र शिवनारायण मिश्रा छात्रा अनुष्का पांडे, नूर बानो, मुस्कान दुबे आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः शिवनारायण मिश्रा, युवराज मिश्रा, राज मिश्रा, निबंध प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय अभय तिवारी, ज्योति भारती, गायत्री यादव, गायन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मुस्कान दुबे, अनुष्का पांडे, दिव्या दुबे, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने स्वाति शुक्ला, शालिनी, वंदना पांडे आदि को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व प्रातः नगर पंचायत बेलसर के बाजार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद विचार संदेश यात्रा भी निकल गई।

# किसान यूनियन व व्यापारी नेताओं ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिये सौपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष(दद्दू गुट) व व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने 7 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा। जिसमें किसानो की विभिन्न समस्याओं से लेकर गौशालाओं में फैले भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया गया। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद त्रिवेदी(रजोल दददू) के नेतृत्व में दूलापुर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील प्रशासन के माध्यम से सरकार से विभिन्न मांगो को पूरा करने की मांग की गई। किसान नेताओं की जायज मांगो को देखते हुए व्यापार मंडल लालगंज ने भी किसानो के समर्थन का ऐलान किया। जिसके बाद किसान नेताओं के साथ भारी संख्या में व्यापारी नेताओं ने भी तहसील पहुंचकर ज्ञापन कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सरकार से मांगो को पूरा करने की मांग की है।

# विवेकानंद के सपनों का स्वरूप है एकल विद्यालय

**नवाबगंज (गोंडा)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के दुल्लापुर में शुक्रवार को विवेकानंद जयंती एकल विद्यालय अभियान ने मनाई। दुल्लापुर के पंडित पुरवा में एकल विद्यालय के तत्वाधान में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गयी। संच प्रमुख शिवानी सिंह सहित माल्यार्पण करते हुए नमन किया। संच प्रमुख उपस्थित सभी आचार्यो व ग्राम सभा के लोगों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी का कथन था कि यदि बच्चे विद्यालय तक नहीं पहुंच सकते तो बच्चों को विद्यालय तक पहुंचना होगा। उनके इस कथन के अनुरूप ही एकल विद्यालय का जन्म हुआ। हम सभी उनके सिद्धांतो को स्वयं और जन जन में प्रसारित करें। इस मौके पर संच अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सचदेवा, विहारी लाल पांडेय, अनीता, दीपिका, आराधना, खुशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# अन्तर्राज्यीय साईबर ठगी गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले की स्वाट, साइबर सेल व पडरौना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्जीय साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश करते हुए चार अपराधियों को दबोच लिया। पुलिस टीम इन अभियुक्तों के पास से से नगदी समेत भारी मात्रा में फर्जी एटीएम, सिम व फर्जी आधार कार्ड, बिना नाम की पासबुक, मुहरें तथा अपराध में प्रयुक्त मोबाइल व एक चार पहिया वाहन बरामद किया है।

शुक्रवार को एसपी धवल जयसवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियो एवं जनपद में हो रही साइबर ठगी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली पडरौना मय टीम व निरीक्षक मनोज कुमार पंत प्रभारी साईबर सेल मय टीम व उ0नि0 शरद भारती प्रभारी सर्विलांस सेल कुशीनगर मय टीम तथा उ0नि0 आलोक कुमार प्रभारी स्वाट टीम कुशीनगर मय टीम के संयुक्त प्रयास द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत परसौनी नहर पुल के पास से 4 नफर शातिर साईबर अपराधीयों सुरज कुमार सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी दहियहवा टोला नार्थ थाना मुफास्सिल जिला छपरा बिहार, धीरज कुमार पुत्र परशुराम प्रसाद यादव निवासी दहियहवा टोला मुंशीपल चौक थाना नगर जिला छपरा बिहार, सुरज कुमार पुत्र दिनेश कुमार सिंह निवासी दहियवा टोला नार्थ थाना नगर छपरा राज्य बिहार तथा रोहित कुमार पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी नवाजी टोला थाना मुफस्सिल छपरा राज्य बिहार को गिरफ्तार कर मौके से कब्जे से अवैध रुप से भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर अर्जित किये गये कुल 54,000/- रुपये नगद, 56 फर्जी/चोरी के एटीएम कार्ड, कुल फर्जी सिमकार्ड, 115, 28 आधार कार्ड, 12 मोबाईल फोन भिन्न भिन्न कम्पनियो के (कीपैड व एण्ड्रॉयड तथा आईफोन), एक चार पहिया वाहन स्वीफ्ट डिजायर (फर्जी नम्बर प्लेट के), 8 फर्जी मुहरे, एक फर्जी आरसी पेपर की बरामदगी की गयी। **अपराध का तरीका**- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग जिस जिले में प्रवेश करते है उसी जिले की प्रतिरूपित/कुटरचित रजिस्ट्रेशन नं0 अपने चार पहिया स्विफ्ट कार में लगा देते है तथा उसी रजिस्ट्रेशन नं0 की कुटरचित आरसी भी अपने बचाव में तथा चेकिंग में बचने के लिए उपयोग करते है तथा यह आपराधिक कृत्य इसलिए भी करते है कि एटीएम मशीनों में जनता के भोले-भाले लोगो के साथ धोखाधड़ी करते हुए उसी कम्पनी का एटीएम बदलकर उसका पैसा उड़ा देते है तथा सीसीटीवी कैमरे में किसी दूसरे जनपद में ऐसा धोखाधडी साईबर अपराध करते समय इनके गाडी के नंबरों की पुनरावृत्ति न हो इसका पूर्ण इन्तजाम कर लेते है।

**भोले भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी कर एटीएम बदलकर पैसा निकाल लेते थे**

## सीएनसी ट्रेंनिंग एवं प्रोडक्शन लैब का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** यदुपति सिंघानिया सेंटर फॉर टेक्निशियन ट्रेंनिंग प्राइवेट आई.टी.आई 81 बी दादा नगर कानपुर में कौशल की प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए संस्थान में सीएनसी ट्रेंनिंग एवं प्रोडक्शन लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि मार्कंडेय साही, श्रम आयुक्त तथा श्रीमती सौम्या पाण्डेय अपर श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही ने प्रशिक्षुओं को आई.टी.आई प्रशिक्षण के पश्चात् की संभावनाओं के बारे में अवगत कराया तथा अपर श्रम आयुक्त सौम्या पांडे द्वारा संस्थान के अनुदेशकों (शिक्षको) की प्रशंसा करते हुए संस्थान व जे.के समूह का समाज में योगदान की उत्कृष्टता का वर्णन करते हुए प्रशिक्षुओ को प्रोत्साहित किया व आगमी भष्विय की शुभकामनाएं दी । इसी क्रम में श्रीमती सौम्या पाण्डेय द्वारा यह भी बताया गया की वह स्वयं भी इलेक्ट्रिकल इन्जीनियर है और उन्होने प्रशिक्षुओ से बात करते हुए अपने अनुभव को साझा किया।

# नशा मुक्त समाज बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: विनोद सोनकर

## नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** स्वामी विवेकानंद जी की जयन्ती पर युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकने और युवाओं को इससे से होने वाली समस्या से रूबरू कराने के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कौशाम्बी विनोद कुमार सोनकर रहे।

शुक्रवार को धर्मा देवी कालेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमे नशा मुक्त इकाई के सदस्य आकांक्षा जी एवं स्वप्निल जी एवं कार्यक्रम के संयोजक पंकज सोनकर जी ने बच्चों से रूबरू होकर नशा मुक्त हेतु तार्किक वार्तालाप किया। बतौर मुख्यातिथि सांसद विनोद सोनकर ने छात्रों को नशा करने से होने वाले दुष्प्रभाव पर अपने विचार रखते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश को नशा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है युवाओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए ताकि वे नशे से दूर रह कर एक नशा मुक्त समाज दे सकें। स्कूल कॉलेज में नशा से बचाव के संसाधन होने चाहिए बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिस क्रम में छात्र-छात्राओं ने तकनीकी ज्ञान प्राप्त करते नशा मुक्त इकाई के सदस्यों से अपनी जिज्ञासाएँ भी व्यक्त की,जिसमे मितेन्द्र सिंह एवं इंशा जिया आदि कई बच्चों ने जिज्ञासा परख प्रश्नों का समाधान किया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर शीतला प्रसाद पटेल(पूर्व विधायक), चन्द्रकान्त पाण्डेय, मनोज कुमार आदि गणमान्य एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया। उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डे ने दी।

## विवेकानन्द जयंती का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस का उत्सव मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से चर्चा की । उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी छात्रों को सामूहिक भावना में जोड़ने का एक सुनहरा मौका प्रदान करता है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर एनडी . स्कूल एंड कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को ध्यान में रखते हुए उनकी पुण्य प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी छात्रों को सामूहिक भावना में जोड़ने का एक सुनहरा मौका प्रदान करता है। इस अद्वितीय क्षण में, शिक्षकों ने अपनी विचारधाराओ से युवा आदर्शकर्ता स्वामी विवेकानंद की उदाहरणशीलता को समर्थन दिया। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा की और छात्रों को उनके दृष्टिकोण से प्रेरित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में योगदान करने के माध्यम से कैसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई। गोष्ठी में साकार रूप से मौजूद रहे छात्र और शिक्षकों ने एक महान योगदान देने वाले युवा आत्मा की स्मृति में दी गई पुण्य प्रतिमा को सुंदरता से सजाया और उसमें फूलों का माला चढ़ाई।इस अद्वितीय और प्रेरणादायक समारोह ने युवा पीढ़ी को समर्पित और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रेरित किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार,डॉक्टर सचिन त्रिपाठी, रणजीत सिंह, शैलेंद्र कुमार, सुमन कुशवाहा,गायत्री चावला, प्रीति, रूपल, सिमरन, श्वेता पांडे जी ,हिमांशु,शिवम त्रिपाठी , सुमित श्रीवास्तव, रुखसार, मयंक जायसवाल, उर्वशी गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, सुधांशु, प्रज्ञा, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे हैं।

# शरीर के किसी भी अंग में गांठ के रूप में होती है लिम्फ नोड्स की टीबी: डीटीओ

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** इंटरमीडिएट पास करने के बाद वर्ष 2021 में 22 वर्षीय राधा ने जब स्नातक में दाखिला लिया तभी उन्हें बुखार आया पर उन्होंने इसे नज़र अंदाज़ किया। बुखार नहीं उतरने पर परिजनों ने राधा को अस्पताल में एडमिट करवाया और वह ठीक होकर वापस घर आ गयीं। अभी कुछ राहत मिली ही थी कि उनके गले में तीन गाँठ उभरने लगीं।

गाँव के कुछ लोगों ने इसे कंठमाला बताया और कहा झाड़फूंक करवाओ। तब परिवार के सदस्य घबरा गये और जागरूकता और जानकारी के अभाव में एक तांत्रिक (ओझा) के पास ले गये। कुछ आराम न मिलने पर एक दिन घर में सपेरे को बुलाकर भाई ने पूरी स्थिति बताई तो सपेरे ने राधा के गले में सांप लपेटकर कुछ मन्त्र पढ़े और कुछ जड़ीबूटी हाथ में बांधकर कहा कि इसे तीन दिन बाद खोलना। यह बिलकुल ठीक हो जायेगी। तीन दिन बाद भी जब कुछ फायदा नहीं हुआ तब एक रिश्तेदार ने जिला अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने की हिदायत दी। घर वालों ने गंभीरता से लेते हुए जिला अस्पताल उर्सिला दिखाया और वहां से राधा को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज (हैलेट) रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में जाँच में प्रथम स्टेज की गले में लिम्फ नोड्स यानि गांठ की टीबी की पुष्टि हुईढ्ढ ब्लॉक कल्याणपुर के ग्राम कटरा भैसौर निवासी राधा बताती हैं कि परिवार में उसके अलावा उनका एक बड़ा भाई और मां हैं ढ्ढ ऐसे में इलाज और बहन की देख रेख में मुश्किल होते देख भाई ने अपनी प्राइवेट नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह उनके इलाज और देख रेख में जुट गए ढ्ढ इस बीच राधा ने चिकित्सक की सलाह पर पढ़ाई भी जारी रखी। वह बताती हैं, हर रोज दवा खाने से ऊब जाती थीं , शरीर में गर्मी आने लगती थी, लेकिन यह सोचकर दवा खाती रही कि कोर्स पूरा होने के बाद वह भी सामान्य लोगों की तरह जीवन गुजार सकेगी । लगभग छह महीने तक नियमित दवा के सेवन से वह पूरी तरह से ठीक हो गयीं। वह अब एकदम स्वस्थ है 7 अब गांव-समाज में जगा रहीं हैं जागरूकता की अलखन्टीबी से स्वस्थ होकर राधा सहयोगी संस्था वर्ल्ड विज़न के साथ वर्ष 2023 से जुड़कर चैंपियन के रूप में काम कर रहीं हैं। गांवों में महिलाओं और पुरुषों के साथ बैठक करके उन्हें टीबी से बचाव की समुचित जानकारी तथा सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी देती हैं। साथ हीं लोगों टीबी के लक्षण बताते हुए समझाती है की टीबी के लक्षण दिखने पर किसी झाड़ फूँक या अन्धविश्वास में ना पड़कर हमेशा चिकित्सकीय सलाह ही लेनी चाहिये।

## सामान्य से प्रबुद्ध मनुष्य बनने की यात्रा हैं स्वामी विवेकानंद: प्रो. राकेश

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** स्थानीय नेशनल पी जी कॉलेज बड़हलगंज में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गयी। युवाओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो.राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सामान्य मनुष्य से प्रबुद्ध मनुष्य बनने की यात्रा हैं। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने युवाओं से मानसिक जड़ता और गुलामी से मुक्ति का आह्वान किया। एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिपुरेश कुमार त्रिपाठी ने स्वामी जी को उदधृत करते हुए कहा कि भारत के सांस्कृतिक और प्राचीन मूल्यों की पुर्नस्थापना के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक प्रयास करने की जरूरत है।डॉ. परितोष त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी जी ने धर्म के असली मर्म को युवाओं को समझाया।डॉ. पूजा नायक ने बताया कि विवेकानंद जी को आज का युवा आदर्श बनाकर अपना आध्यात्मिक उत्थान कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधीर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर कालेज के डॉ. प्रभात चतुर्वेदी, डॉ. रामेश्वर पांडेय,डॉ. अजय कुमार मिश्र,डॉ. जय गोपाल पांडेय,डॉ. उदय प्रताप सिंह, डॉ. सुधीर मिश्र सहित अनेक आचार्यगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी प्रकार पंडित भृगु नाथ चतुर्वेदी कालेज आफ ला में स्वामी विवेकानन्द की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कालेज के प्राचार्य डॉ अभिषेक पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामीजी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा था कि युवा अपने चारित्रिक विकास के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान दें। उन्होंने शिकागो धर्म संसद में सनातन धर्म पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सभी धर्मो का मूल सनातन धर्म ही है।

## युवाओं को स्वदेशी जागरण मंच दिलायेगा रोजगार

**कानपुर।** भारत में अब कोई भी युवा बेरोजगार नही रहेगा सभी युवाओं को स्वदेशी जागरण मंच रोजगार दिलाने का काम करेगा। स्वदेशी जागरण मंच समूचे भारत के 756 जिलों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार देगा। स्वदेशी जागरण मंच के युवा प्रांतीय प्रमुख ने बताया की स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय स्वंम सेवा संघ का प्रमुख संगठन है और अभी राष्ट्रीय परिषद की कन्या कुमारी में बैठक हुई थी जिसमे यह निर्णय लिया गया था की इस बार युवा दिवस के मौके पर जैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युवाओं के लिए काम करता हुआ आ रहा है वैसे ही बार स्वदेशी जागरण मंच की सभी 756 जिलों में इकाई है।और आज से कानपुर में राष्ट्रीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा की क्योंकि युवाओं के पास रोजगार होगा तो युवा शक्ति सशक्त बनेगी तभी देश का विकास और मजबूती हो पाएगी जिसके लिए कानपुर में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान की टोली निकाल कर कानपुर में जिला रोजगार संघ बनाया जाए

# आयुष्मान योजना की मदद से जैनब की बची जान

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री आरोग्य योजना में विभिन्न रोगियों के उपचार के लिए भारत सरकार की ओर से 5 लाख रुपए तक के मुक्त इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाती है। आयुष्मान भारत योजना के दौरान मिलने वाली सुविधाओं में कैंसर, टीबी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट की बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, दांतों की सर्जरी, आंखों की सर्जरी, एमआरआई, सीटी स्कैन, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, डायबिटीज, घुटने बदलने, आंख-कान-गले की बीमारियों का भी इलाज किया जाता है।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत जिले में कुल 34 जिसमें 19 सरकारी व 15 निजी चिकित्सालय योजना से आबद्ध है। जनपद के अब तक 50 हजार लाभार्थियों ने इस योजना के अन्तर्गत देश भर के विभिन्न अस्पतालों में निशुल्क इलाज कराकर लाभ उठाया है। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के पहल पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बिटिया जैनब खातून को बिना एक भी पैसा खर्च किए राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में एस0एम0ए0 सिंड्रोम नामक पेट की गंभीर बीमारी का इलाज किया गया। बीमारी से पीड़ित बच्ची की जानकारी होने पर जिलाधिकारी महोदय के हस्तक्षेप के बाद आयुष्मान भारत योजना के जिले की टीम के सहयोग से जैनब का आयुष्मान कार्ड बनवाकर पेट की सर्जरी कराकर इलाज कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश झा ने बताया है कि सलेमपुर तहसील के सलेमपुर क़स्बा निवासी हदीसुन खातून कसबे में ठेले पर सब्जी बेचकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। हदीसुन की 18 वर्षीय बेटी जैनब खातून के पेट में कभी कभी असहनीय दर्द रहता था। कई निजी डाक्टरों को दिखाया पर कुछ आराम नहीं हुआ। इससे युवती की जान पर बन आई थी।

जैनब ने बताया कि इलाज के लिए भटकने के क्रम में बनारस बी0एच0यू0 दिखाया गया तो जाँच के बाद वहां के चिकित्सकों ने एस0एम0ए0 सिंड्रोम नामक पेट की गंभीर बीमारी के बारे में बताया और इलाज में करीब डेढ़ लाख रुपये का खर्च बताया। इतना खर्च सुनकर पूरा परिवार सन्न रह गया। निराश होकर सभी घर लौट आये। एक दिन तहसील दिवस पर जैनब को उसकी माँ हदीसुन खातून लेकर गई। वहां उन्होंने जिलाधिकारी महोदय से अपनी बेटी की बीमारी के बारे में बताया और अपनी पीड़ा सुनाया। जिलाधिकारी ने हदीसुन से अंत्योदय कार्ड के बारे में पूछा तो पता चला की कार्ड तो है पर कार्ड में जैनब का नाम नहीं है। जिलाधिकारी ने तत्काल संबधित अधिकारी को राशन कार्ड सही करने के लिए निर्देशित किया एवं अंत्योदय कार्ड बन जाने के बाद सी0एम0ओ0 को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहा। उसके बाद आयुष्मान भारत टीम द्वारा राज्य स्तर पर संपर्क कर जैनब का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। तत्पश्चात आयुष्मान कार्ड बनने के बाद हदीसुन जैनब को इलाज के लिए 27 दिसंबर 2023 को राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ लेकर गई। जहां आयुष्मान कार्ड की मदद से जैनब के इलाज के लिए सिटी स्कैन, ब्लड जाँच और एक्स-रे हुआ। 28 दिसंबर 2023 को जैनब के पेट की सर्जरी की गई। 02 जनवरी 2024 को जैनब को चिकित्सकों ने अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। जैनब अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्होंने जिलाधिकारी और सी0एम0ओ0 सहित आयुष्मान भारत योजना की टीम का आभार व्यक्त किया है।

- **डीएम, सीएमओ सहित आयुष्मान भारत योजना के सहयोग से बना आयुष्मान कार्ड**
- **राममनोहर लोहिया अस्पताल में हुआ (एसएमए सिंड्रोम) पेट की गंभीर बीमारी का इलाज**

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी सौंपा ज्ञापन

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान मजदूर यूनिट एसके सिंघानिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के सिंघानिया के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौप कर उनका निस्तारण किये जाने का बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें किसान के हितों के लिए एमएसपी न्यूनतम मूल समर्थन मूल्य लागू किया जाए स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट से सिफारिशों को पूरी तरह किसान हितों में लागू किया जाए केंद्र एवं राज्य स्तर पर किसान आयोग का गठन किया जाए किसान मित्रों की बहाली की जाए जिससे केंद्र द्वारा सरकार द्वारा किसान हितों में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों को मिल सके जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से किसान लाभान्वित हो सके उत्तर प्रदेश में शुगर चीनी मिलों पर पिछड़ा किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान कराया जाए एवं शुगर के एक्ट के तहत गन्ने का 14 दिनों में भुगतान कराया जाए प्रयागराज जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समय जनपद प्रयागराज के परेड ग्राउंड संगम तट पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के सिंघानिया एडवोकेट के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय कार्यकारी की बैठक संपन्न हुई जिसमें संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह राणा, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदीप चौधरी लंबरदार, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान नेम अली ,झारखंड प्रदेश प्रभारी रविकांत बनर्जी, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव ,उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश लकी तिवारी ,कपिल दिक्षित जिला अध्यक्ष बाराबंकी, वीरेंद्र सिंह गौतम जिला सहारनपुर ,चौधरी मगन कुमार जिला अध्यक्ष बुलंदशहर ,संजय सोलंकी मेरठ ,मंडल अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ,संयुक्त सचिव मंडल अध्यक्ष प्रयागराज गणेश अग्रहरि ,मंडल अध्यक्ष लखनऊ रमाकांत दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष लखीमपुर राधा रमण मिश्र ,जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी अमर सिंह तोमर, रवि अवस्थी महानगर अध्यक्ष सहारनपुर ,शाहनवाज चंद जिला प्रभारी, शामली श्याम राणा जिला अध्यक्ष प्रयागराज, राम सिंह पटेल प्रदेश कोषाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश ,अनिल राणा वरिष्ठ किसान नेता ,दुर्गा प्रसाद वर्मा प्रदेश प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजेंद्र दीक्षित मंडल अध्यक्ष अयोध्या, विशाल वर्मा सहित लगभग 14 प्रदेशों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और हजारों की संख्या में किसान सम्मिलित रहे।

## पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। तदुपरान्त आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत टोलियों का गठन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार रिहर्सल कराया गया। परेड के उपरान्त परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को लाइन परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## धूमधाम से मनी जयंती

**कौशाम्बी।** (सहज शक्ति) विश्व धर्म सभा के मंच से सम्पूर्ण विश्व में हिन्दुत्व का परचम लहराने वाले युवाओ के प्रेरणा स्रोत , समरसता के पक्ष धर,गरीबों की सेवा मे समर्पित , वेदांत ज्ञान साधना के साधक भारत के लाल, कायस्थ कुल भूषण परम पूज्य ÷ स्वामी विवेकानंद जी एवं आध्यात्मिक योग गुरू वैदिक विश्वविद्यालय के संस्थापक महर्षि महेश योगी जी की जयंती आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कौशाम्बी के कार्यालय में अखिल कायस्थ महासभा कौशाम्बी के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनाई गई।

## बाबा तुलसीराम के परिवारजनों को नहीं मिला न्यौता

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण एवं भगवान राम लला की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा व स्थापना की तैयारी अन्तिम चरण में है। रामजन्म भूमि आन्दोलन में समीपस्थ ग्राम गिधौसा निवासी बाबा स्वर्गीय तुलसी राम ने कार सेवा में सक्रियता से भाग लिया था। दिनांक 30 अक्टूबर 1990 को हुयी पुलिस कार्यवाही में गोली लगने से उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। आज जब बाबरी ढांचा ढहने के बाद के बाद भव्य राम मंदिर आकार ले रहा है ऐसे में उनके घरवालों को भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने का इंतजार है। न्योता ना मिलने का मलाल सभी परिवारीजनों को है। बाबा तुलसीराम के परिवारवालों ने बताया कि 30 अक्टूबर 1990 दिन मंगलवार को अयोध्या में कारसेवा में ग्राम गिधोसा थाना जालौन निवासी बाबा तुलसीराम प्रजापत ने पुलिस की गोली लगने से अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। जिसके बाद प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आई तो जिले के काबिना मंत्री बाबूराम दादा द्वारा उनके घर जाकर एक लाख रुपए की चेक दी गई थी। इस पैसे से उनके पुत्र कृष्ण कुमार ने गांव में उनका मंदिर बनवा दिया था। अब जब कारसेवकों के बलिदान व सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से भव्य मंदिर निर्माण सम्भव हुआ है तब उनके परिवार के लोगों को अयोध्या जी से निमंत्रण पत्र नहीं आया और ना ही किसी संगठन द्वारा सूचना दी गई है। जिसका उन्हें मलाल है क्योंकि वह इसके हकदार हैं बाबा तुलसीराम के नाती मानवेंद्र प्रजापति कहते हैं कि अभी भी अगर उन्हें निमंत्रण मिला तो वह अयोध्या जरूर जाएंगे जिसका वह बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जनवरी को लेकर पूरे क्षेत्र में अत्यधिक उत्साह का वातावरण है , जनता अपने आराध्य देव का भव्य मंदिर निर्माण का सपना पूरा होता देख कर रामराज्य की स्थापना का शुभारंभ मान रही है।



## बुजुर्ग महिला लगाई गुहार

**कानपुर।** अपने इकलौते बेटे और बहू परेशान होकर एवं बिठूर पुलिस की लचर कार्रवाई से असंतुष्ट हिंदूपुर बिठूर में रहने वाली 75 वर्षीय शकुंतला यादव को चलने में दिक्कत, आंखों से कम दिखता है मगर आंसुओं की लकीर चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। वह कहती हैं इकलौता बेटा बहू खून के प्यासे हैं मारते पीटते हैं व गंदी गालियां बकते हैं कभी खाना नहीं देते ना कोई मदद करते हैं। बिजली व पानी बंद कर देते हैं। अंधेरे में रहना पड़ता है। घर कब्जाना चाहते हैं पौत्र एवं पौत्री माता-पिता के साथ दादी पर हाथ उठाने में नहीं हिचकते। भरभराई आवाज के साथ शकुंतला यादव ने पीड़ा ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी को सुनाई। जेसीपी ने बिठूर इंस्पेक्टर को फोन कर वृद्धा की मदद करने के निर्देश दिए। शकुंतला बताती हैं बहुत समय पहले पति चंद्रभाल का निधन हो चुका है। उन्होंने मजदूरी कर बेटे को पाल पोसा। बेटे की शादी की। 17 साल पहले बेटा और बहू अपने हिस्से की जमीन बेचकर सारा पैसा लेकर कहीं चले गए थे। पिछले साल दोनों तीन बेटी और एक बेटे के साथ घर लौट आए।

# सपा नेता इं एज़ाज अंसारी ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन






अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी इंजीनियर एज़ाज अंसारी ने ईयर चैम्पियन डिस्ट्रिक फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन फुटबॉल किक लगाकर किया।

उद्घाटन मैच न्यू नेशनल स्पोटिंग क्लब शरैय्या मुबारक पुर आजमगढ़ और राठौर स्पोटिंग क्लब टाण्डा के द्वारा खेला गया, जिसमें न्यू नेशनल स्पोटिंग क्लब आजमगढ़ ने 6 गोल लगाकर राठौर स्पोटिंग क्लब टाण्डा पराजित किया। मैच अंतिम क्षण में राठौर स्पोटिंग क्लब टाण्डा की तरफ से एक गोल लगाया गया। पहला गोल न्यू नेशनल की तरफ से 13 नम्बर जर्सी पहने खिलाड़ी अबू मुआविया की तरफ से लगाकर मैच के शुरुआती दौर से ही राठौर स्पोटिंग क्लब पर दबाव बना दिया था। पूरे मैच में सबसे कम उम्र के अबू मुआविया पर दर्शकों की नज़रें बनी हुई थी। मैच में निर्णायक भूमिका के रूप में इरफान खान ने रेफ़री का कार्य बखूबी निभाया। बतौर मुख्य अतिथि एज़ाज अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्री भोक्ता ने उनका हौसला अफजाई किया। साथ ही उन्होंने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस तरह सपा नेता जफ़र हयात ने भी कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन होने से शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान होता है। मैच का आयोजन शमशाद खान, शादाब खान, अराफात कामिल, मोहित आलम व सीबू अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सपा के वरिष्ठ नेता टाण्डा नगरपालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर एज़ाज अंसारी व विशिष्ट अतिथि ज़फ़र हयात सैय्यद एहसान नफीस शिद्दीकी पूर्व सभासद शकील अहमदकैफुलवला, नगर महासचिव सईद अहमद, जिला सचिव इसरार अहमद, मास्टर ताज मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष हाफिज बदरूद्दुजा आदि व गणमान्य उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, ज़हरा बानो निवासी खान बड़ेपुर, सराय मोहिद्दीनपुर, हमज़ापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश - 223103, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम ज़हरा बानो से बदलकर ज़हरा बीबी कर दिया है। अतः वर्तमान में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टर मीडिएट वर्ष 2022, अनुक्रमांक- 2227069925 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**नेहा गोड़ पुत्री मधुसूदन प्रसाद, ग्राम व पोस्ट- भीमापार, जनपद- सिद्धार्थनगर।**

## प्राण प्रतिष्ठा के की सायकालं सभी अयोध्या वासी अपने घर प्रतिष्ठानों में श्री राम ज्योति अवश्य प्रज्जवलित करेंः लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा पार्षद व



पार्षद प्रत्याशी रहे कार्यकर्ता की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक पर्व की तरह मनाए जाने को लेकर जिम्मेदारियां तय की।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के की सायकालं सभी अयोध्या वासी अपने घर प्रतिष्ठानों में श्री राम ज्योति अवश्य प्रज्जवलित करें। अपने निवास के निकट के मंदिर आयोजित पूजन कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिए व राम ज्योति प्रज्जवलित करने हेतु कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क करें। राम ज्योति से परिवेश में ऐसी आभा बिखरे, जिससे सब राममय हो जाए।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा टोली बना कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व सभी वार्डो की गलियां, देवस्थान पर टोली बना कर स्वच्छता अभियान चलाएं। व्यापारियों से सम्पर्क कर प्रतिष्ठानों को भी राम ज्योति से जगमग करने का अनुरोध करें। कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि हर घर तक पूजित अक्षत पहुंचे।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सभी पार्षद प्रधानमंत्री की मंशानुसार 14 जनवरी से देवालयों मंदिर सहित अन्य स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाएं। लोगों को पॉलीथीन मुक्त अयोध्या का संकल्प दिलाएं। स्वच्छ अयोध्या सुन्दर अयोध्या की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान करें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही महानगर के प्रमुख चौराहें की साज सज्जा के लिए जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। सभी पार्षद व पार्षद प्रत्याशी रहे कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क करें। लोगों से संवाद कर प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों व प्रतिष्ठानों को दीपोंत्सव की भांति झालरों आदि से सुसज्जित करने का अनुरोध करें। बैठक में ओम प्रकाश सिंह, पर

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के अवध विश्विद्यालय इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम संत कबीर सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो संत शरण मिश्रा चीफ प्रॉक्टर अवध विश्विद्यालय ,मुख्य वक्ता राहुल गौड़ अखिल भारतीय प्रमुख विकासार्थ विद्यार्थी महानगर अध्यक्ष डा आलोक सिंह महानगर मंत्री सत्यम दुबे इकाई अध्यक्ष याशनी दीक्षित इकाई मंत्री शेषमणि ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राहुल गौड़ जी ने बताया अभाविप स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को लेकर दुनिया भर के कैम्पसों में काम करती है अभाविप ही एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है जो विवेकानंद जी के विचारों से ओत प्रोत युवा तैयार करता है जो विश्व भर




में उनके विचारों पर काम करता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो संत शरण मिश्रा ने 1893 में शिकागो में हुए सम्मेलन की याद दिलाते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने भाषण में मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों! आपने जिस सम्मान सौहार्द और स्नेह के साथ हम लोगों का स्वागत किया हैं उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्ष से पूर्ण हो रहा हैं। संसार में संन्यासियों की सबसे प्राचीन परम्परा की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूँ; धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूँ; और सभी सम्प्रदायों एवं मतों के कोटि कोटि हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूँ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ मोनिका परमार ,महानगर उपाध्यक्ष डॉ अंकित मिश्रा नगर उपाध्यक्ष पलव पांडेय प्रो कौशल किशोर पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक महानगर सहमंत्री अर्पित श्रीवास्तव शशांक विद्यार्थी अनुराग मिश्रा किशन सिंह आदित्य सिंह प्रियांशु तिवारी कार्तिक तिवारी सचिन सिंह मीडिया सयोंजक शेखर तिवारी अवध विश्वविद्यालय संगठन मंत्री अश्वनी मौर्या साकेत विस्तारक आकाश मिश्रा महानगर संगठन मंत्री सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### रालोद का एक प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल की अगुवाई में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी सोहावल मनोज श्रीवास्तव से मिला निराश्रित गोवंश से किसानों की फसल को बचाने व संरक्षित करने, सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहों पर बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए अलाव जलाने सहित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार भले ही खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने का दावा कर रही पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है प्रदेश में 6168 अस्थाई गो आश्रम स्थल, 298 वृहद संरक्षण केंद्र , 253, कान्हा गो आश्रम तथा 314 कांजी हाउस खोल कर 14,02,505न निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने का सरकार दावा खोखला है प्रदेश सरकार दिसंबर माह खूले मे घूम रहे गोवंश को पकड़ने का जो लक्ष्य जिले वार निर्धारित किया था।

## वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता का धूमधाम मनाया गया 68 वां जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश गुप्ता का 68 वां जन्मदिन अयोध्याधाम में पत्रकारों ने धूमधाम से मनाया गया। जय प्रकाश गुप्ता का



फूल माला पहना कर स्वागत, अभिनंदन किया गया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर आये सभी पत्रकारों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कहा कि पत्रकारिता से ही हमारी समाज में पहचान है। उन्होंने मौजूद सभी सम्मानित पत्रकार साथियों को निष्पक्ष पत्रकारिता से जुड़े रहने का आवाहन भी किया। इस मौके पर उपजा जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता जी अभिभावक के रूप मे हम लोगों को सलाह देते रहते है प्रेस क्लब अयोध्या अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कहा की जय प्रकाश गुप्ता पत्रकारों के मसीहा है उनकी लोकप्रियता इतनी है की हर वर्ग का पत्रकार उनका सम्मान करता है इस अवसर पर राकेश तिवारी लव कुमार पाण्डेय राजेंद्र कुमार दूबे स्कंददास महेंद्र उपाध्यक्ष सोनू चौधरी सुनील गुप्ता रवि मौर्य विजय पाठक सुरजीत वर्मा उमेश तिवारी श्यामकृष्ण त्रिपाठी मौजूद रहे।

## 2047 तक बनेगा युवाओं के सपनो का भारतः डॉक्टर नीतू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नीतू सिंह ने कहा कि 2047 तक युवाओं के सपनो का विकसित भारत जरूर बनेगा। वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के चलते आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत विश्वगुरू की भूमिका में होगा। अभाविप की प्रांत अध्यक्ष शुक्रवार को अयोध्या हाईवे स्थित सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थी।उन्होंने कहा कि 1947 में देश ने अंग्रजों से स्वतंत्रता प्राप्त की थी मगर 22 जनवरी 2024 की तिथि भारत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता की तिथि है। कहा कि अतीत को ध्यान में रखते हुए ही भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। अपनी विरासत पर गर्व करने वाले लोग ही देश की सनातन संस्कृति की रक्षा कर सकते है। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के बिना हम विकसित भारत नहीं बन सकते। कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपने आचरण में ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता तथा अनुशासन की अहमियत को जगह देनी होगी। कहा कि विश्वगुरु बनने के लिए हमे पहले विश्वशिष्य बनना होगा। सीखने की ललक व्यक्ति को प्रगति के पथ पर अग्रसित करती है। संगोष्ठी में मौजूद विद्यार्थियों से उन्होंने इंटरनेट मीडिया के सकारात्मक उपयोग की सलाह दी। राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तन्मयता से करने की हिदायत देते हुए उन्होंने उद्यमिता (स्टार्टअप, स्टैंडअप) में रुचि लेने का आह्वान भी किया। एडीएम व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि युवा इनोवेशन की जगह इंटरनेट प्लेटफार्म पर रील के जरिए इंप्रेशन बनाने में समय व्यर्थ कर रहे हैं,जो उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध होगा। बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष विजय आनंद बाजपेई ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवम सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज की एमडी डॉक्टर ऐश्वर्या




सिंह सभी का स्वागत किया। आई सर्जन डॉक्टर विवेक वर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। संचालन नगर मंत्री शुर्यांशु शर्मा ने किया।इस अवसर पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री सुमित प्रताप सिंह, अरुण रावत, नगर अध्यक्ष घनश्याम मौर्य, डॉक्टर अजय कुमार वर्मा, पीजे पांडेय, विजय कृष्ण यादव, आदर्श सिंह, आकाश शुक्ला, मोहम्मद कामिल, भूपेंद्र सिंह, योगेश सिंह, दिव्यांशु सिंह, रितेश सिंह, विशाल सिंह, पुष्पेंद्र, आयुष शर्मा मौजूद रहे।

### विवेकानंद के विशाल चित्र ने किया आकर्षित

रवि धीमान के नेतृत्व में जुटे कार्यक्रताओं की दस दिनों की दिन रात की गई मेहनत आखिर रंग लाई। मुख्य अतिथि असीम अरुण और प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नीतू सिंह सहित सभी अतिथियों ने जब 30 हजार वर्ग फीट में बनी स्वामी विवेकानंद के विशाल चित्र को पांचवी मंजिल से निहारा तो सभी के मुंह से बरबस ही निकला, वाह! अदभुत ! चित्र का अनावरण करने पहुंचे मुख्य अतिथि असीम अरुण ने रवि धीमान सहित उनके साथियों की जब पीठ थपथपाई तो चित्रकारों के चेहरे खिल उठे। रवि धीमान ने बताया कि इस चित्रकारी को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए पंजीकृत कराया गया है। उनकी टीम में अमन कुमार राहुल कुमार रघुवेंद्र प्रताप सिंह अर्जुन केडी, बृजेश कुमार विकास धीमान धीरज कुमार शामिल रहे।

## मकान ही नहीं, हर दुकान, संस्थान और प्रतिष्ठान में भी प्रज्ज्वलित होगी राम ज्योति

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में एक पर्व की तरह मनाए जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रदेशवासियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में वृहद स्तर पर दीपोत्सव मनाए जाने की योजना है। यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव से कई गुना बड़ा होगा। इसमें सरयू समेत सभी नदियों के तटों, मंदिरों, ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के साथ-साथ हर मकान, दुकान, संस्थान और प्रतिष्ठान में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इन दीपों की लौ को राम ज्योति नाम दिया गया है। ऐसे में योगी सरकार की ओर से सभी प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वो सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि अपने कार्यालयों और दुकानों में भी राम ज्योति को प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव पर्व का उत्सव मनाएं। राममय होना चाहिए वातावरण प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और पूरी दुनिया में राम भक्त बेहद उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को डबल इंजन की सरकार ने पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर एक देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्वलित करने को कहा गया है। इन दीप से प्रज्वलित होने वाली लौ को राम ज्योति कहा जा रहा है। इसी क्रम में अब योगी सरकार की ओर से अपील की गई है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन किया जाए।

## सांसद ने लाभार्थियों में वितरित किये स्वीकृति पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत इलियासपुर व ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत



उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इसके पश्चात् सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सांसद श्री रावत ने पंचप्रण की शपथ दिलायी तथा समस्त योजनाओं के स्टाल पर बैठे कर्मचारियों, अधिकारियों को योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का रजिस्ट्रेशन कर संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह सुनील सिंह, राजेश सिंह, नीरज वर्मा, अरुण अवस्थी, संजय वर्मा, गौरव सिंह, विजय बहादुर, रामानंद, पिंटू वर्मा, गुड्डु सिंह, मनोज सिंह, अरविन्द सिंह, नन्हा प्रसाद वर्मा, चन्द्र भान सिंह, रिंकू वर्मा, लल्लन बाबू, प्रदीप वर्मा, दुर्गा बक्श सिंह, रप्पन सिंह, अनिल सिंह, वीरेंद्र, पंकज वर्मा, रामू रावत, शैलेन्द्र द्विवेदी, वेद बाजपेयी, आशीष सिंह, सतीश सिंह चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हत्यारे दम्पत्ति पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई, हटाया गया वृद्ध महिला का नाम

**बाराबंकी।** जायदाद की लालच में हत्या करने वाले दम्पति के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। हत्या को अंजाम देने में वृद्ध महिला की भी भूमिका थी पर आयु अधिक होने की वजह से उसका नाम हटा दिया गया। संगठित गिरोह बनाकर हत्या करने वाले अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत लगातार प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा संगठित गिरोह बनाकर निर्मम हत्या करने जैसे जघन्य आपराधिक कृत्य से आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ कमाने वाले गिरोह सरगना अभियुक्त राजेश वर्मा उर्फ कल्लू व इसकी पत्नी सक्रिय सदस्य पूजा वर्मा निवासी ग्राम सरायनेतामऊ थाना टिकैतनगर के विरुद्ध जिलाधिकारी को गैंग चार्ट प्रेषित किया गया था। डीएम द्वारा अनुमोदित किए गए गैंग चार्ट के क्रम में थाना टिकैतनगर पर यूपी गैंगस्टर एक्ट बनाम गिरोह सरगना अभियुक्त राजेश वर्मा आदि 2 नफर पंजीकृत किया गया। गैंग लीडर राजेश वर्मा उपरोक्त द्वारा अपनी पत्नी पूजा वर्मा व अपनी माँ जमुना के साथ मिलकर जायजाद के लालच में आकर अपने सगे भतीजे की हत्या करने का अपराध कारित किया था

## स्वामी विवेकानन्द जयंती पर युवाओं ने रग रग में राम अभियान के अंतर्गत किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** युवाओं के लिए आदर्श स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अयोध्या में मर्यादापुरूषोत्तम भगवान



श्रीराम के जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मानवता की सच्ची सेवा के लिए अयोध्या के युवाओं का रक्तदान करना अनुकरणीय उदाहरण है, एक व्यक्ति का रक्तदान चार व्यक्तियों को जीवनदान देता है उक्त विचार रग रग में राम रक्तदान महा शिविर के उद्घाटन अवसर पर नगर निगम अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने व्यक्त किया। राजकीय श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या में सपना फाउंडेशन और यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस रक्तदान शिविर में पंजिकृत 51 में से 18 महादानियों ने रक्तदान कर चुके थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ विकासेंदु तथा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश शर्मा एवं यूथ हॉस्टल के मेघालय प्रान्त के प्रांतीय सचिव डॉ देवाशीष चक्रवर्ती की विशिष्ट उपस्थिति रही।शिविर संयोजक अनूप मल्होत्रा ने बताया की स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें आज 18 रक्तदानियों ने अपना रक्त समाज को दान किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरोग्य भारती अवध प्रांत सह मंत्री डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पियूष गुप्ता ने अपना सक्रिय योगदान प्रदान किया। मौके पर मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी व निदेशक डॉ विकासेंदु, अधीक्षक डॉ राकेश शर्मा को अनूप मल्होत्रा, डॉ उपेन्द्र मणि व बृजेन्द्र दुबे ने अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अयोध्या एवं स्वच्छता और मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी का संकल्प दिलाते हुए सभी को थैला भेंट किया। सपना फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक बृजेन्द्र कुमार दूबे ने सर्व प्रथम रक्तदान कर शिविर प्रारंभ किया। रक्तदान शिविर में यूथ हॉस्टल के अध्यक्ष अनुज कुमार वैश्य, आशीष महिंद्रा,विवेक जैन, सचिन सोनी, अरविंद अग्रवाल तथा वन्दना पांडेय,अरुण कपूर, नवीन पसरिचा, अंश कुमार,अनीता अग्रवाल ,मीरा पाण्डेय,ध्रुव अग्रवाल,प्रवीण कुमार चतुर्वेदी आदि ने रक्तदान किया।

### टैंकर चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से उसी के घर मे लटकता मिला। देर रात पत्नी ने यह दृश्य देख सबको बताया। मृतक इंडियन ऑयल कम्पनी का टैंकर चलाता था। जानकारी के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम बहापुरवा मजरे उदरिया का रहने वाला आशीष कुमार यादव 33 पुत्र दयाराम यादव इंडियन ऑयल कम्पनी का टैंकर चलाता था। गुरुवार की शाम वह घर आया और सबके साथ खाना खाकर सो गया। मध्य रात्रि के बाद अचानक जगी पत्नी ने देखा कि घर के बाहर टीनशेड से बने फंदे से आशीष का शव लटक रहा था। उसके शोर मचाने पर परिजन व अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए। शुक्रवार सुबह सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशीष ने ऐसा कदम क्यों उठाया , इसके पीछे वजह का पता नही चल सका है।

## युवा दिवस पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली क्षेत्र के जोगिया में स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान के संबंध में विस्तार से छात्र छात्राओं को बताया गया। प्राचार्य डॉ दयानंद पाण्डेय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए अपने अंदर छिपी हुई अंतर्निहित शक्तियों को जागृत करें एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन त्याग समर्पण की भावना से ओतप्रोत रही है। इस दौरान संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ0 राधेश्याम मल्ल ,राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ? ब्रजभूषण तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमरनाथ पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं प्राध्यापिकाए उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर प्रधान के साथ मारपीट, मुकदमा

**सिसवा बाज़ार(महराजगंज)।** थानाक्षेत्र के गाँव बसडीला के प्रधान में पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि उसके साथ गाँव के ही कुछ लोगो द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अपमानजनक शब्द व मारपीट किया गया। गाँव बसडीला के प्रधान प्रदीप साहनी में कोठीभार पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि वो बुधवार को पंचायत भवन जाने पर देखा कि पहले से एक युवक द्वारा कुछ कागजी कार्य किया जा रहा था, पूछने पर भद्दी भद्दी गालियां देने लगा तभी वहां गाँव के ही बाबूराम सिंह, धीरज सिंह,चंद्रदेव, बबलू यादव द्वारा दौड़ाकर मारा। मामले में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया की प्रधान की तहरीर पर गाव के ही चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जाँच की जा रही हैं।

## दो सगी बहनों की ट्रैक्टर ट्राली से दबकर मृत्यु

**सिसवा बाज़ार(महराजगंज)।** थानाक्षेत्र के सोनबरसा गाँव मे गुरुवार की शाम दो सगी बहनों की इट लदी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ जाने से एक कि तत्काल मृत्यु जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस में शव को कब्ज़े में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। ग्राम सभा सोनबरसा के बड़ा टोला निवासी





सुग्रीव चौधरी की छः बेटियों में से दो बेटियां महिमा 12 वर्ष व रचना 8 वर्ष सामान खरीदने साईकिल से गई थी। घर वापस आते समय ईट लदी टैक्टर ट्राली के नीचे आ गई जिससे दोनो मासूमो की मृत्यु हो गई। चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। महिमा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि रतना को सिसवा पसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। कोठीभार प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## खिचड़ी मेला की तैयारियों का जायजा लेकर जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** खिचड़ी मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय चौक में बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से चल रहे कार्यों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि खिचड़ी मेला को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराएं। इसके लिए पार्किंग, बैरिकेडिंग, चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन, सफाई आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने 14 जनवरी से 16 जनवरी तक पूर्वाह्न 6 बजे से रात 10 बजे तक समुचित स्टाफ और दवाओं के साथ हेल्थ कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही तीनों दिन 24 घंटे एक इमर्जेंसी मेडिकल टीम को 02 एंबुलेंस के साथ तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने चौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी 24 घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इसके लिए एसीएमओ डॉ राजेंद्र प्रसाद को नोडल अधिकारी नामित



किया है। जिलाधिकारी ने मेले के दौरान आने वाले लोगों की संख्या और उसके अनुपात में वाहनों के लिए विभिन्न मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम सदर को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत चौक को सभी पार्किंग के पास पानी के टैंकर और अस्थाई शौचालय को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्किंग में पर्याप्त प्रकाश और अलाव की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। साथ ही पार्किंग पर रेट लिस्ट सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्किंग कर्मियों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करें। उन्होंने मंदिर परिसर और मेला प्रांगण सहित पूरे क्षेत्र में एंटी लार्वा और फॉगिंग का निर्देश दिया। उन्होंने पर्याप्त संख्या में नगर पंचायत और और डीपीआरओ को सफाईकर्मियों की ड्यूटी दो शिफ्ट में मेला क्षेत्र में लगाने का निर्देश दिया।

अवधनामा
लखनऊ, शनिवार, 13 जनवरी, 2024



# स्वामी विवेकानंद सनातन संस्कृति के अग्रदूत थे: प्रो. केपी त्रिपाठी



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** स्वामी विवेकानंद सनातन संस्कृति के अग्रदूत थे। गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रति अगाध निष्ठा की पराकाष्ठा नरेंद्र दत्त को विवेकानंद के रूप में प्रख्यात कराया। समूचे विश्व को भाई और बहन के रूप में समझकर भातृत्वऔर मातृत्व शक्ति का विकास और विस्तार स्वामी विवेकानंद का लक्ष्य और सपना था। हम सभी को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उक्त बातें जिला एकीकरण समिति सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में श्रीरामविलास इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी एंड मेडिकल साइंसेज सोनकर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रो केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बासी ने कही। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंस्टीट्यूट डॉ इंद्रजीत प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं, तभी उनके जन्म को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। हम सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को प्रधानाचार्या जूही शुक्ला, जयशंकर प्रसाद प्रभारी अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत, गंगा प्रसाद व बलवंत क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, शिक्षक रविंद्र कुमार सेठिया समेत तमाम लोगों ने भी संबोधित कर स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों का स्वागत सिद्धार्थ शंकर पांडे ने किया। उक्त अवसर पर रेनू, प्रतिभा, सुप्रिया, श्रेया, पूजा चौधरी, अंजली, वैष्णवी, प्रियंका समेत तमाम नर्सिंग प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## बीमारियों का मूल कारण दूषित जल का सेवन

**देवरिया।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद देवरिया के विभिन्न विकास खण्ड में कार्यदायी संस्था एक्शन फार रूरल डेवलपमेंट के तत्वाधान मे संचालित होने वाले जन जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में विकासखंड देसई देवरिया के खण्ड विकास परिसर में सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिंदा कुशवाहा ने हरी झंडी दिखा करके गाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत अधिकारी श्रीमति बिंदा कुशवाहा ने कहा कि लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए जन जागरूकता कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका है सभी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के बीच दूषित जल से होने वाली बीमारियों से बचाव तथा वर्षा जल के संरक्षण के बारे में लोगों को प्रेरित किया जा सकता है सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिंदा कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान समय में बीमारियों का मूल कारण दूषित जल का सेवन तथा और स्वच्छता है लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए इस तरह तरह के कार्यक्रमों का निरंतर होना आवश्यक है।

# विकसित भारत संकल्प स्नान घाट पर हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प का शुभारंभ जनपद सिद्धार्थनगर के बासी तहसील के नगर पालिका परिषद के सामने रानी मोह भक्त राजेलक्ष्मी स्नान घाट पर संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अभय प्रताप सिंह प्रतिनिधि विधायक बासी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प का उद्देश्य केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लाभान्वित करने हेतु प्रचार प्रसार किया जाना है ।हम सभी को इस कल्याणकारी व रोजगार परक योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक प्रचार व प्रसार करने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। जिससे आम लोग व गरीबों को इस जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जा सके ।उक्त अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व जनमानस को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नपाध्यक्ष चमन आरा राइनी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज आम जनमानस को प्राप्त हो रहा है। यह योजनाएं पारदर्शी व कल्याणकारी हैं। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत संकल्प यात्रा के प्रचार प्रसार हेतु सचल एलईडी वैन द्वारा भी विकसित भारत संकल्प योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया ।कार्यक्रम में नोडल अधिकारी /सहायक अभियंता दूरदर्शन, गोरखपुर अशोक कुमार मिश्रा ने अतिथियों व जन मानस का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांसी, कुबेर बारी, मंडल अध्यक्ष भाजपा, सच्चिदानंद, धर्मेंद्र कुमार यादव, मनीष कुमार डीपीएम, गौरी शंकर अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अनुपमा सिंह दुबे जिला महामंत्री भाजपा, गौरीशंकर अग्रहरि, हजारीलाल व समस्त सभासद गण तथा डूडा के अधिकारी राम सजीवन व अवरअभियंता गण समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व सहयोग सिद्धार्थ शंकर पांडे ने किया। कार्यक्रम के उपरांत अशोक कुमार मिश्र नोडल अधिकारी के दिशा निर्देशन में सचल एल ई डी वैन द्वारा बासी पेट्रोल पंप चौराहा पर विकसित भारत संकल्प का प्रचार प्रसार करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री भी जनमानस में वितरित की गई।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने मण्डलायुक्त और डीआईजी को भेंट किया पराक्रम पत्रिका



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने शुक्रवार को मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह डीआईजी आर.के. भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस आदि को संगठन का पराक्रम पत्रिका, अंग वस्त्र, बाबा गोरक्षनाथ का चित्र भेंट किया। महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने अधिकारियों से वार्ता के दौरान बताया विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा एक लाख प्रतियों में पराक्रम पत्रिका का प्रकाशन कराया गया है। इसका लोकार्पण हापुड के गढमुक्तेश्वर के राष्ट्रीय अधिवेशन में वरिष्ठ पदाधिकारियों और संत समाज की उपस्थिति में किया गया। इस पत्रिका में हिन्दू समाज को जाग्रत करने, उत्थान सम्बन्धी आलेखों के साथ ही बाबा गोरक्षनाथ पीठ के पीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यो, सृजनात्मक गतिविधियों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। विश्व हिन्दू महासंघ निरन्तर हिन्दू जन मानस को जाग्रत करने के लिये सक्रिय है और दुनियां के अनेक देशों में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ सौरभ तिवारी, कुलदीप मिश्रा, विजय शंकर शुक्ला, बाबा जयप्रकाश दास, विष्णु प्रताप सिंह, महेश हिंदुस्थानी, परमानंद गुप्ता, पूनम सिंह, गीता देवी, प्रिया गुप्ता, मुन्ना सिंह, विपिन सिंह, बिंद गोपाल तिवारी, जगत मोहन सिंह, विक्कू सतीश पाण्डेय, राहुल राज कमलापुरी, आकाश त्रिपाठी, राजन चौधरी, संदीप कुमार, अमरजीत चौधरी, पं. रामनाथ चतुर्वेदी, अमरजीत यादव, अरविंद सिंह, सत्यम चौधरी, अंकित सिंह, ओम सिंह, जय सिंह आदि शामिल रहे।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन

## मस्जिद के माइक, हार्न ओर साउंड जबरन उतरवाने पर जताया विरोध

अजीत मौर्य



**सिद्धार्थनगर।** शहर के मुस्लिम समाज के लोगों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी से मिलकार उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन और शिकायत पत्र सौंपा है। प्रतिनिधिमण्डल ने जनपद के मस्जिद में पुलिस के जवानो द्वारा बिना शासन के आदेश के मस्जिद के माइक, हार्न ओर साउंड जबरन उतरवाने के संबंध में उक्त अधिकारियो से मिलकार अपनी आपत्ती दर्ज कराई है।

मुस्लिम समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की एक तरफ कार्यवाही से मुस्लिम समाज में भय, आक्रोश का माहौल व्याप्त है। ज्ञापन और शिकायति पत्र के माध्यम से कहा गया कि जब दूसरे सम्प्रदाय के त्यौहारों, राजनीतिक कार्यक्रम व तमाम उत्सव में कई-कई घंटे कान फाड़ू डीजे और माइक, हार्न, साउंड का इस्तमाल करते हैं, तब यही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मौन दिखती है और अपने कर्तव्य के प्रति पूरी तरह से निश्क्रिय हो जाती है। मुस्लिम त्योहारों इत्यादि पर एक पक्ष कानून कार्यवही घोर निंदनीय है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि जनपद के कई मस्जिद कॉमेटीयो द्वार ध्वनि प्रदुषण हेतु अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया गया है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वार मुसलमानों को क्यों परेशान कर रही है, इस की जांच भी होनी चाहिए जिलाधिकरी तथा पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमण्डल के लोगों को विश्वास दिलाया कि ऐसा कुछ भी नहीं होने दिया जाएगा। मस्जिद से माइक नहीं उतरवाई जाएगी जो नियमानुसर है वही किया जायेगा। इस दौरान हाफिज कुतुबुद्दीन, अब्दुल मुबीन मंसूरी, खुर्शीद अहमद खान, शादिक़ अली अहमद, महताब हैदर रिज़वी, शादाब अहमद, पूर्व पार्षद साजिद अली, मोहम्मद जाफर, मोहम्मद नसीम खान, मोहम्मद इस्लाम, इमरान, मोहम्मद अहमद, एहसान अहमद रमजान अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## घर-घर पहुंच रहा श्रीराम लला का पूजित अक्षत, 22 को मनायेंगे आनन्दोत्सव



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान निरन्तर जारी है। पूजित अक्षत पाकर लोगों में प्रसन्नता है। विभाग प्रचारक अजय नारायण ने बताया कि जनपद के शहर व ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने का आग्रह किया जा रहा है। जिला प्रचारक राज कुमार ,सह जिला कार्यवाह प्रमोद,खंड कार्यवाह अखिलेश सिंह, शैलेश सिंह, पंकज द्विवेदी , संतोष द्विवेदी रिंकू सिंह , प्रदीप सिंह ,चट्टान सिंह, विवेक जायसवाल, राम विशाल पाठक भाजपा नेता सिद्धार्थ शंकर मिश्र, आदि ने जयघोष के साथ विक्रमजोत विकास खण्ड क्षेत्र के हिलसी, सियरापुर,देवखर, खेसुआ,सिरौली बाबू , अमोढा बाजार आदि गांवों में पूजित अक्षत वितरित कर 22 जनवरी को आन्दोसव मनाने का आग्रह किया। अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढ़ियां चढ़कर भक्तों को रामलला के दर्शन प्राप्त होंगे। मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों, मंदिर की भी जानकारी दी गई है। कार्यकर्ता लोगों से 22 जनवरी को पूजा, कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं।

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस**

# हिंदुत्व की आध्यात्मिक तपज्योति के ज्योति पुंज है स्वामी विवेकानंद: डॉ. प्रदीप राव

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 102 यूपी बटालियन द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर दौड़ , लांग जंप और रस्सा खीच प्रतियोगिता से कैडेट्स ने स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को समर्पित किया।

दौड़ प्रतियोगिता से पूर्व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी जी ने अपने सम्पूर्ण विश्व में भारत के धर्म संस्कृति के उत्थान का संकल्प सिद्ध किया । स्वामी विवेकानंद जी हिंदुत्व, आध्यात्म, तप और ज्ञान के ज्योति पुंज है। विश्वविद्यालय परिसर में 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में यूनिट के सभी ब्वॉयज़ और गर्ल्स कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। महायोगी गोरखनाथ एनसीसी गोरखपुर के एनसीसी ए.एन.ओ. डॉ. हरी कृष्ण और सी.टी.ओ. डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें दौड़ प्रतियोगिता, लंबी कूद एवम् रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के लिए एनसीसी सी.टी.ओ डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव के द्वारा व्हिसिल बजा कर दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनुभव , द्वितीय स्थान - सागर जायसवाल, तृतीय स्थान हरयश्व कुमार सहानी रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कैडेट निधि साहनी, द्वितीय आंचल पाठक, तृतीय अमृता कन्नौजिया को मिला। लॉन्ग जंप में बालक वर्ग में शिवम सिंह प्रथम स्थान, सागर यादव द्वितीय स्थान एवम् अनुभव को तृतीय स्थान मिला तथा बालिका वर्ग में अंचल पाठक प्रथम, अमृता द्वितीय तथा अंशिका तृतीय स्थान रस्सा खीच प्रतियोगिता बालक वर्ग में ए ग्रुप विनर रहा जबकि बालिका वर्ग में बी ग्रुप विनर रहा। प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट अनुभव, सागर जयसवाल, प्रियेश, अमित कुमार चौधरी, मोतीलाल, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष सिंह, सागर यादव, खुशी गुप्ता, अमृता कन्नौजिया, रीतू मौर्य, निधि साहनी, शालिनी चौहान,साक्षी प्रजापति, पूजा सिंह, संजना शर्मा, अंशिका सिंह, आंचल पाठक अश्मिता एवम् उपस्थित समस्त कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

## विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन आज

**देवरिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया सर्वेश पांण्डेय ने पत्र जारी करते हुए सभी समस्त ग्राम पंचायत अधिकारीयो और कर्मचारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 13 जनवरी को दिन में 12:30 पर प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणों एवं अधिकारियों के साथ-साथ विशेष स्वच्छता अभियान एवं अन्य विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया है अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की आज की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में या निर्देशित किया समस्त कर्मचारी मुख्यमंत्री के कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपने ग्राम पंचायत सचिवालय से जुड़े रहेंगे.https://zoom./j/95849876569 जिसकी सूचना विकास खंण्ड स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया है। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिन में अपने-अपने ग्राम पंचायत सचिवालय में प्रतिभाग करेंगे

# प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर डीएम ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के संबध में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में शुक्रवार को समस्त पेट्रोल पंप प्रबन्धक, ट्रान्सपोर्ट के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने पेट्रोल पंप प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग पेट्रोल पंप पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, इसके साथ शौचालय भी क्रियाशील होना चाहिए। श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर एक दिन पूर्व लाइटिंग, सजावट, होर्डिंग के 22 जनवरी 2024 के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराना सुनिश्चित करेगे। जिलाधिकारी ने समस्त अध्यक्ष नगर पालिका/नगर पंचायत एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद से कहा कि सभी मन्दिरो पर 14 जनवरी को मुख्यमंत्री जी स्वच्छता अभियान का शुभारभ अयोध्या से करेगे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/ नगर पालिका परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था कराने के साथ ही सभी मन्दिरों पर लाइटिंग एवं सजावट कराया जाना है। नगरीय क्षेत्र में लगी सभी लाइट चलनी चाहिए। इसके साथ ही सभी मन्दिरों पर 16 से 22 जनवरी तक रामायण पाठ का कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करेगे। इस कार्य में प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। 21 जनवरी की रात्रि से सरकारी भवन के साथ अन्य लोगो को भी लाइटिंग एवं सजावट हेतु जागरूक करेगे। 24 से 26 जनवरी तक यू0पी0 दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर भी लाइटिंग एवं सजावट कराना सुनिश्चित करेगे। 22 जनवरी अयोध्या श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त अध्यक्ष, नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप प्रबन्धक, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ त्रिपाठी, आरटीओ सुरेश कुमार मौर्य तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तैयारियां पूरी: स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन आज

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शनिवार 13 जनवरी को सिद्ध विनायक मैरेज हाल के सभागार में दिन में 11 बजे से व्यापारियों की महाजुटान होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मुकंन्द मिश्रा के साथ ही अनेक पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। मुकंन्द मिश्रा कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से भी वार्ता करेंगे।

जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल और जिला महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल, मण्डल उपाध्यक्ष नोमान अहमद ने बताया कि स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों से जुडे मुद्दे प्रमुखता से उठाये जायेंगे। स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन की सफलता के लिये सुनील गुप्ता, पंकज मिश्र, सतीश सोनकर, आशुतोष पाण्डेय, नीरज गुप्ता, समशीर हसन, धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, अदालत प्रसाद, आशुतोष पाण्डेय, अजय चौधरी, लालजी सिंह, कृपाशंकर त्रिपाठी, संदीप जायसवाल, रजत चौधरी, गर्वित कुमार शेष नरायन गुप्ता, लालजी सिंह के साथ ही अनेक पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दिया है। जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल ने बताया कि सम्मेलन में जिला परिषद द्वारा वसूले जा रहे सी.पी. टैक्स (वैभव कर) समाप्त किया जाने, नगर पालिका परिषद द्वारा जारी लाइसेंस शुल्क को समाप्त किये जाने, बाट माप विभाग द्वारा बाट माप पर मोहर लगाने की अवधि 5 करने, जी.एस.टी. (2017-18) में मिस मैच या आई.टी.सी. के नाम पर व्यापारी उत्पीड़न बन्द कर उसे समाप्त किये जाने, विद्युत विभाग कमर्शियल व घरेलू के नाम पर विद्युत कनेक्शन की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द करने, व्यापारिक स्वास्थ्य बीमा लागू करने, व्यापारियों से सम्बन्धित विभागों में व्यापारी सेल का गठन कियये जाने, बुजुर्ग व्यापारियों के लिए व्यापारी पेंशन योजना लागू करने, बस्ती विकास प्राधिकरण का मानक पूरा न होने के कारण इसकी मान्यता समाप्त किये जाने, शिक्षक एम.एल.सी. की तरह व्यापारी एम.एल.सी. का चुनाव किये जाने आदि कि मुद्दे सम्मेलन में प्रमुखता से उठाये जायेंगे।

## भाकियू के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार का हुआ भव्य स्वागत



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी का जनपद में भाकियू पदाधिकारियों, किसानों, मजदूरों ने फूल मालाओं के साथ स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत किया। भाकियू पूर्वान्चल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर ने बताया कि महेन्द्र कुमार चौधरी ने मुण्डेरवा में शहीद किसानों का माल्यार्पण किया। अनेक स्थानों से होते हुये शास्त्री चौक पहुंचे। यहां महेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि किसान चौतरफा ठगा जा रहा है। लम्बे आन्दोलन के बाद नयी कृषि नीति कानून तो वापस हुआ किन्तु केन्द्र सरकार ने संगठन से जो वायदा किया था वह पूरा नहीं हुआ। किसानों की आय कब दूनी होगी कुछ पता नहीं। भाकियू के प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल ने कहा कि चीनी मिलों पर नियमानुसार गन्ने की खरीद और भुगतान हो इसके लिये संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि मुण्डेरवा चीनी मिल में बुवाई के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार के मामले में यदि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई न हुई तो भाकियू आन्दोलन छेड़ेगी। भाकियू के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जयराम चौधरी, जर्नादन मिश्र, सुभाष चन्द्र किसान, रमापति चौधरी, रामचन्दर सिंह, विनोद कुमार चौधरी, गौरीशंकर, रामफेर, लालजी, राजेन्द्र प्रसाद, धर्मेन्द्रनाथ तिवारी, रामउग्रह, रमेश चौधरी, राम शव्द चौधरी, चन्द्र प्रकाश, युवा मण्डल अध्यक्ष रमेश चौधरी, रामदास, लवकुश पाल के साथ ही बड़ी संख्या में भाकियू पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महानिदेशक अग्निशमन ने उद्यमियों के साथ की बैठक

**गोरखपुर।** महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा अभिनाश चंद के नेतृत्व में शुक्रवार को उद्योग भवन पर उद्यमियो के साथ बैठक कर फायर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिया। बैठक के उन्होंने बताया की प्रदेश में सभी तहसीलों में फायर स्टेशन खोलने की शुरुवात हो गई है और कुछ ही तहसील बचे है। जहां तेजी से कार्य होगे। इसके साथ ही पिछले वर्ष हुए अग्नि की घटनाओं की भी चर्चा किया। आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क ने गीडा स्थित इकाइयों के अनापत्ति प्रमाणपत्र के संबंध में आने वाली समस्यायों के संबंध में बात रखी इसके साथ ही उन्होंने फायर स्टेशन के पानी की उपलब्धता के लिए निवेदन किया। चेंबर के अध्यक्ष आर एन सिंह एवं महासचिव प्रवीण मोदी ने बुके देकर स्वागत किया और चेंबर आफ गारमेंट्स इंडस्ट्री के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने भी अपनी बात रखी और अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने डीजी फायर को प्रभु श्री राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# युवा संसद एवं महापंचायत में उठी युवा आयोग के गठन की मांग

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि यदि नौजवान एकजुट हो जाए तो बड़ी से बड़ी सियासत पनाह मांगेंगी। यह देश युवाओं का है युवा देश की रीढ़ है। प्रधानमंत्री जी युवा-भारत विकसित-भारत की बात करते है। यह गर्व की बात है लेकिन नौजवानों के सशक्त हुए बगैर यह सम्भव नहीं है। शोचनीय विषय यह है कि कुशल व योग्य भारत का नौजवान हासिये पर है, हताश व निराश है, बेरोजगार है, अपराध की तरफ बढ़ रहा।

65 प्रतिशत युवा आबादी वाले देश में युवाओं को एक मंच पर एकजुट होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने गोरखपुर के तारामंडल में मंच द्वारा आयोजित युवा संसद एवं महापंचायत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद, लोक नायक जयप्रकाश नारायण जैसे तमाम महापुरुषों, देशभक्तों एवं स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए लोगों के सपनों का भारत बनाने के लिए मंच दृढ़ संकल्पित है। छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों को अन्याय, शोषण, उत्पीड़न से मुक्त कराने तथा उनके सम्मान, स्वाभिमान, अधिकार, सरंक्षण, संवर्धन, भूमिका, भागीदारी के लिए युवा आधारित नीति के तहत राष्ट्रीय युवा आयोग के गठन, कुशल/ योग्य बेरोजगारों के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी जैसी ठोस कार्ययोजना बनाए जाने समेत बेरोजगारी भत्ता, प्रतियोगी परीक्षाएं समयबद्ध व निःशुल्क जैसी प्रमुख मांगों पर बात किया गया। इस मौके पर नितिन सिंह,अमन मिश्रा, दुर्गेश कुमार, सुजीत गुप्ता, अंकित, विजय भारती, विकास मिश्रा, विपिन कुशवाहा, श्याम सुन्दर गुप्ता, आयुष शुक्ला, राजेश वर्मा, आशुतोष मल्ल सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार साथी, छात्र, नौजवान, बेरोजगार सहित मंच के पदाधिकारी शामिल रहे।

## आदित्य एल-1

इसरो ने प्रथम प्रयास में सोलर मिशन आदित्य एल-1 को लक्ष तक पहुंचा दिया। इसी जगह से जानकारी मिलेगी कि हमारे सितारे किस तरह काम करते है। भारत की स्पेस एजेन्सी ने इतिहास रचने की आदत बना ली है। नये साल के दिन एक सटलाईट ब्लैक होल की जानकारी के लिये अन्तरिक्ष में भेजा है। नासा के बाद इस तरह का यह दूसरा मिशन है। इसके कई प्रभाव देखे जा सकेगे जैसे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पढ़ने के लिये उत्साहित करेगी पर विज्ञान के रिसर्च संस्थाओं के हालात सन्तोषजनक नहीं है।

इन्डियन साइन्स कांग्रेस 100 साल से विज्ञान की तस्वीर में है। पर इस साल सरकार ने फन्ड वापस लेकर इसके महत्व को कम कर दिया है। पर बीमार एसटीएम को सरकार द्वारा अवरोध पैदा किये जाने से विज्ञान और शोध सिस्टम के कार्यप्रणाली और उपलब्धियों रोक लग जायेगा जबकि इसे और उन्नतिशील बनाने की जरूरत है। इन सब अवरोधो के बावजूद भारत के स्पेस एजेंन्सी की तारीफकरनी चाहिये और बधाई कि पात्र है कि तमाम मुश्किलों और सरकारी उदासीनता के बावजूद भारत स्पेस कैफ्ट को चांद पर उतारने वाला चौथा देश है। नेशनल रिसर्च फाउन्डेशन जो नया नया बनाया गया है उससे बहुत सी साकारात्मक आशायें इस दिशा में जन्म ले रही है। इस संस्था को इस साल 750,000 करोड़ दिया गया है। इसके द्वारा भारत के रिसर्च और नये अविष्कारो में जो बाधायें बनी हुई थी उसे दूर की जा सकेगी। मोदी सरकार की दृष्टि हर दिशा में चौकस है। नये अविष्कारों से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

भारत का इको सिस्टम विकसित देशों के साथ साथ नये बनाये गये न्यू ईस्ट एशिया कमप्लेन्टस आफ ब्योरोक्रेटिक से भी कमजोर है। भारत की मशहूर विज्ञान संस्था आईआईटी और आईआईएलसी भी केन्द्रीय प्रशासनिक एजेन्सियों के मनमाने छेड़ से परेशान है। इनके प्रोजेक्ट के लिये अक्सर फन्ड देरी से मिलते है। स्टाफकी कमी उपलब्धियों में बाधा है प्राजेक्ट समय सीमा में पूरे नही हो पाते है। यूएस नेशनल साइन्स फाउन्डेशन के तर्ज पर बनाया गया भारतीय एनआरएफसन्तोष व्यक्त कर सकता है और गर्व भी की इसने 260 नोबेल लारियेट को अपने ग्रान्ट से सहायता पहुंचाई है। इस तरह की महत्वाकाक्षां भारत की जरूरतों में क्रान्तिकारी बदलाव ला सकता है। कवि दृष्यन्त ने कहा है एक पत्थल तबीयत से उछालो तो आसमान में भी छेद हो सकता है।

## राम मंदिर के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास


अशोक मधुप

इस समय राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी चल रहीं हैं। अयोध्या सज रहा है। पूरी दुनिया इस भव्य आयोजन को निहारने का आतुर है। दुनिया भर में बसे हिंदुओं के लिए यह गौरव का पल है। मुस्लिम काल से अब तक उनके पूर्वक अब तक मंदिर टूटते देखते आए हैं। यह हिंदुओं की वह पीढ़ी है जो विदेशी आक्रांता द्वारा अयोध्या में बनाई मश्जिद की जगह मंदिर बनता देख रही है। अयोध्या को सजता निहार रही है।उसे इंतजार है उस पल का जब इस मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।इस मंदिर निर्माण और मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सवेक संघ विश्व के हिंदुओं को आपस में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उसका प्रयास है कि छोटी -मोटी आस्थाओं में फंसे हिंदू राम के नाम पर एक हो। अलग-अलग जाति और संप्रदाय में बंटे सब हिंदू भगवान राम को अपना आदर्श स्वीकारें। एकजुट रहें।

आरएसएस और संघ से जुड़े संगठनों ने राम मंदिर के निर्माण को लेकर रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देशभर में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देने की योजना बनाई है। उनका कहा कि हम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाते हैं। आगामी 22 जनवरी को तो वह दूसरी दीपावली होगी, जब भगवान राम 500 वर्षों के बाद, भारत की स्वतंत्रता की अमृतवेला में अपने जन्म-स्थान पर लौटेंगे। इसलिए, यह आवश्यक है कि विश्व का समस्त हिन्दू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्यक्ष शामिल हो। उनका कहना है कि सब रामभक्तों को तो उसी दिन अयोध्या नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए उनका आह्वान है कि विश्व भर के हिंदू अपने मोहल्ले या गांव के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें, पूज्य संतों द्वारा दिए गए विजय महामंत्र श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप करें तथा अयोध्या के भव्य-दिव्य कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को साक्षात देखें। आरती में अपना स्वर मिलाएं। प्रसाद बांटें और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के प्रत्यक्षदर्शी बनकर आनंद मनाएं। विहिप कार्याध्यक्ष ने इस योजना के बारे में कहाकि कि इसी महीने 5 नवंबर को श्रीराम मंदिर में पूजित अक्षत (पीले चावल) कलश लेकर संगठन की दृष्टि से बने 45 प्रांतों में भेजे जा चुके हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास के आह्वान पर इस अक्षत निमंत्रण को लेकर, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर, 15 जनवरी तक , देश के नगर ग्रामों में, हिंदू परिवारों तक जाएंगे। ऐसा ही कार्यक्रम विदेशों में रहने वाले हिंदुओं के लिए भी आयोजित किया गया है। प्रत्येक परिवार को इस निमंत्रण के साथ भगवान और उनके मंदिर का पूजा में रखने लायक एक चित्र और अन्य आवश्यक जानकारियां भी दी जा रही है। उनका मानना है कि अभी तक का आकलन है कि यह आयोजन विश्व भर में पांच लाख से अधिक मन्दिरों में अवश्य होगा और करोड़ों हिंदू इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में इस तरह का इतना बड़ा आयोजन नहीं हुआ होगा। विहिप का कहना है कि इस बार विहिप समाज के पास कुछ मांगने नहीं जा रहा है इसलिए इस कार्य में जुटी टोलियां या कार्यकर्ता कोई भी भेंट, दान या अन्य सामग्री स्वीकार नहीं करेंगे।

विहिप ने यह भी कहा कि 1984 से चले मुक्ति अभियान में लाखों हिंदुओं की सहभागिता रही है। अनेक मुक्ति योद्धा बलिदान भी हुए हैं या अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके भी परिवार, उनके स्वप्न की इस पूर्ति को देखना चाहते हैं। विहिप ने देश को 45 भागों में बांटकर प्रत्येक भाग के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच में उस भाग के लिए निश्चित दिन अयोध्या पधारने का निवेदन किया है। ऐसे लगभग एक लाख लोगों के दर्शनों की व्यवस्था की गई है। विहिप ने यह भी आह्वान किया कि 22 जनवरी की पुण्यरात्रि को प्रत्येक हिंदू परिवार कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाए और उसके बाद किसी भी दिवस को सपरिवार, ईष्ट-मित्रों सहित अयोध्या दर्शन हेतु पधारें। विश्व हिंदू परिषद को विश्वास है कि भगवान राम का यह मंदिर विश्व में हिंदुओं में समरसता, एकत्व व आत्मगौरव का संचार करेगा और भारत को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए एक राष्ट्र मंदिर बन कर उभरेगा। इसी के अनुपालन में विहप और संघ के कार्यकर्ता ढोलक घंटे और घडियाल बजाते, राम भजन गाते घर -घर जा रहे हैं।उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण के लिए पीले चावल और निमंत्रण पत्रक भेंट कर रहे हैं। उनसे कह रहे है कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने घर और आसपास के मंदिर को संजाए। दीप जलांए। दीपावली मनांए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखें। इन कार्यकर्ताओं को आदेश है कि यह कार्य वाल्मीकि , दलित और आदिवासी बस्ती से प्रारंभ करें। प्रत्येक हिंदू के घर जाए। उन्हें आमंत्रण दें। ऐसा ही हो रहा है। भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण तक पूरे देश को एक जुट करने का बड़ा कार्य किया था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

हिन्दू धार्मिक स्थलों में रामनगरी अयोध्या हमेशा से अहम रही है, लेकिन अब इसका भव्य और दिव्य रूप दुनिया के सामने आने वाला है. अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होना है. रामलला टेंट से गर्भगृह में विराजेंगे।पिछले कुछ महीनों में अयोध्या और उसके आसपास के इलाकों का तेजी से कायाकल्प हुआ है। शहर की सभी गलियां भगवान राम के स्वागत में सजकर तैयार हैं। आर्थिक तौर पर भी अब अयोध्या देश के पटल पर तेजी से उभरा है. अयोध्या में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के इर्द-गिर्द ही 50, हज़ार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।

# राम सियाराम, सियाराम जय जय राम

वैश्विक स्तरपर आज ऐसी स्थिति बन गई है कि भारत जब बोलता है या यहां कुछ यादगार पल होते हैं तो दुनियां बहुत गंभीरता से देखती सुनती है। इसी कड़ी में 22 जनवरी 2024 को एक ऐतिहासिक यादगार पल होगा जब 500 वर्षों से अधिक समय की तूफानी सामाजिक न्यायिक धार्मिक सहित अनेको लड़ाइयां लड़कर वह पल आया है जो प्रभु श्री राम को स्थाई घर में विराजमान करने की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस पल को एक भारत श्रेष्ठ भारत एक ऐसा यादगार पल बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत की जा रहा है कि, भारत साहित पूरी दुनियां की पीढ़ियां तक याद रखेगी। वैसे तो वर्षों से अयोध्या धाम में तैयारीयां चल रही है, परंतु अभी जो तात्कालिक अध्याय जुड़ते जा रहे हैं,जैसे यूपी एमपी साहित कुछ राज्यों ने ड्राय डे घोषित किया गया है तो, यूपी में 22 जनवरी 2024 को सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दी गई है। मेरा मानना है कि यह अध्याय सभी राज्यों ने प्रभु श्री राम की आराधना में जोड़ने की जरूरत है जिससे पूरा देश एकजुट होकर यह प्राणप्रतिष्ठा वर्चुअल लाइव देख सके।मेरा व्यापार व्यवसाय जगत से भी विशेष अनुरोध है के संभव हो तो सभी संगठन उस दिन छुट्टी का अनुरोध अपने सदस्यों से करें। यानें शासकीय अशासकीय सामाजिक रूप से एक भारत श्रेष्ठ भारत के सम्मान में व्यापार व्यवसाय सेवा बंद कर इस प्राण प्रतिष्ठा रूपी हवन में आहूति रूपी योगदान दें। आज 10 जनवरी 2024 को देश की बड़ी विपक्षी पार्टी सहित अनेक पार्टियों के मुख्य नेताओं और पार्टियों ने प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को सम्मानजनक रूप से अस्वीकार कर दिया है, उनका कहना है कि यह एक पार्टी और उनके मातृहित का निजीकार्यक्रम है। तैयारी की कड़ी में 2100 किलो का घंटा आज जलसर आगरा से अयोध्या पहुंच गया है। देश-विदेश से 108 संत महंत प्राण प्रतिष्ठा के पहले अलग अलग धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। कुल मिलाकर कल और आज के अयोध्या में बहुत बड़ा कायाकल्प हो चुका है। चूंकि पूरा देश राम सियाराम सिया राम जय जय राम के सराबोर चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां देखेगी 22 जनवरी 2024 का दिन व्यापार व्यवसाय रेहड़ी पटरी, शासकीय शासकीय हर क्षेत्र को स्वतंत्र संज्ञान लेकर लाइव शामिल होने का संकल्प लेना होगा।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर अयोध्या से अयोध्या धाम तक के कायाकल्प की करें तो, अयोध्या वैसे तो एक छोटा जिला है, लेकिन इसका इतिहास वृहद है। हिन्दू धार्मिक स्थलों में रामनगरी अयोध्या हमेशा से अहम रही है, लेकिन अब इसका भव्य और दिव्य रूप दुनिया के सामने आने वाला है. अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होना है. रामलला टेंट से गर्भगृह में विराजेंगे। पिछले कुछ महीनों में अयोध्या और उसके आसपास के इलाकों का तेजी से कायाकल्प हुआ है। शहर की सभी गलियां भगवान राम के स्वागत में सजकर तैयार हैं। आर्थिक तौर पर भी अब अयोध्या देश के पटल पर तेजी से उभरा है. अयोध्या में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के इर्द-गिर्द ही 50, हज़ार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।दरअसल, हिन्दू धार्मिक स्थलों का विकसित होना, उसके आसपास कारोबार होना, स्थानीय अर्थव्यवस्था का आगे बढ़ना.. ये सभी सरकार के सहयोग से अयोध्या में संभव हो रहा है अयोध्या में अब चौमुखी विकास ये दर्शाता है कि भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का अर्थव्यवस्था में अहम स्थान रहने वाला है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने 11 करोड़ लोगों से नव सव करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन लगभग चार गुना रकम दान में मिल गई। करीब 32सव करोड़ रुपये समर्पण निधि के रूप में आए और उसके ब्याज से ही प्रथम तल अब बनकर तैयार है, जिसका 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। करीब 18 करोड़ लोगों ने पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में करीब 32सव करोड़ रुपये (समर्पण निधि) जमा किए हैं. ट्रस्ट ने इन बैंकों में पैसे की फिक्स्ड डिपॉजिट करा दी है, जिससे मिलने वाले ब्याज से ही मंदिर का वर्तमान स्वरूप तक का निर्माण हुआ है। अब ट्रस्ट को उम्मीद है कि उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समर्पण निधि में भी और उछाल देखने को मिलेगा।ट्रस्ट के मुताबिक 2026-27 तक मंदिर का निर्माण पूरा होगा। ऐसे में इसके परिसर में बनने वाले विश्राम गृह, चिकित्सालय, भोजनशाला, गौशाला आदि के निर्माण में बमुश्किल पूरी समर्पण निधि खर्च हो सकेगी। समर्पण निधि का सालाना ऑडिट भी हो रहा है। बता दें, मंदिर के लिए जुटाई जा रही धनराशि को समर्पण निधि नाम दिया गया है।रामनगरी में भव्य एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनअयोध्या में शानदार रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गए हैं। अयोध्या एयरपोर्ट पर 22 जनवरी को 100 विमान उतरने की संभावना है।महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 20 महीने के रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। इस एयरपोर्ट 1450 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। राम मंदिर की कलाकृति भी एयरपोर्ट पर देखने को मिलेगी। एयरपोर्ट मंदिर के स्वरूप में बनाया गया है, जिसके अंदर भगवान श्रीराम के जीवन के दृश्य अलग-अलगकलाकृतियों और पेंटिंग्स के जरिए दर्शाए गए हैं।अयोध्या में भव्य रेलवे स्टेशन भी बनकर तैयार हो गया है। ये स्टेशन रोजाना 60 हजार यात्रियों को हैंडल कर सकता है। करीब 241 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन बनाया गया है. अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन तमाम आधुनिकसुविधाओं से युक्त है. इसी कड़ी में अयोध्या धाम जंक्शन से 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई गई. हाईटेक ट्रेनें की सुविधाएं अयोध्या पहुंचने वाले यात्रियों को मिलेंगी। रोड के जरिये भी अयोध्या पहुंचना आसानअगर रोड कनेक्टिविटी की बात करें तो आने वाले समय में अयोध्या सिर्फ धार्मिक स्थल बनकर नहीं रहेगा। अयोध्या के विकास में पीएम गति शक्ति विभाग अहम भूमिका निभा रहा है. अयोध्या में 67 केएम बायपास रोड बनेगा। अयोध्या में टूरिज्म तेजी से बढ़ेगा। अयोध्या की प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी से कनेक्टविटी बढ़ाई जाएगी। गति शक्ति से भारत सरकार की 43 मंत्रालय जुड़ा है. इससे 36 स्टेट और यूनियन टेरिटरी भी जुड़ी हुई हैं। व्यापार का हब बनेगा अयोध्या। इस बीच देश दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अयोध्या का रुख कर रही हैं, जिससे यह छोटा शहर अब बिजनेस हब बनता जा रहा है। साथियों बातअगर हम 22 जनवरी 2024 को प्राणप्रतिष्ठा के संबंध में तैयारी,बैठकों,अवलोकन व सत्ताधारी पार्टी के तीन पर्यवेक्षकों व सीएम के अवलोकन की करें तो। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में एक लाख से अधिक भक्तों के आने की उम्मीद है। कार्यक्रम में पीएम शामिल होंगे।इस इवेंट में रजनीति बिजनेस से लेकर फिल्मी दुनिया से भी बड़े-बड़े स्टार्स आने वाले हैं।




# अयोध्या को पुराना वैभव मिलना हर भारतीय के लिए गौरव की अनुभूति

दोनों को तप करते कई हजार वर्ष बीत गए। उनके शरीर अस्थियों का ढांचा रह गए, पर उनके मन में जरा भी पीड़ा न थी। उनकी तपस्या से श्री प्रभु प्रसन्न हुए और आकाशवाणी से बोले कि वर मांगों। आकाशवाणी सुन कर दोनों के शरीर हृष्ट-पुष्ट हो गए। श्री हरि भगवान के दर्शन होते ही मनु-शतरूपा प्रभु के चरणों से लिपट गए। मनु भगवान से बोले कि मुझे आप के समान पुत्र चाहिए। इस पर भगवान ने वरदान दे दिया है राजन मैं स्वयं आपके पुत्र रूप में आउंगा। महारानी शतरूपा ने भी कहा कि जो वर मेरे पति महाराज मनु ने मांगा, मुझे भी वही अच्छा लगा।

पूरी दुनिया में अयोध्या इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। 22 जनवरी 2024 की तारीख का रामभक्त बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 500 सालों के संघर्ष के बाद आस्था को मुकाम मिलने जा रहा है और रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। कुछ वर्षों पहले तक जो अयोध्या उपेक्षित थी, जहां विकास का दूर–दूर तक नाता नहीं था, आज उसका स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। सड़क चौराहों से लेकर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो चुका है। एयरपोर्ट की सुविधा है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के ठहरने के लिए उम्दा इंतजाम हैं, सरयू के तट की सुंदरता देखते ही बनती है। विकास कार्यों की बदौलत रोजगार के अवसर बढ़े हैं। दीपोत्सव जैसे आयोजन के कारण कुम्हार और छोटे कारोबारियों की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देखा जाए तो राम मंदिर निर्माण एक साथ कई तरह की सौगात लेकर आया है। ये सिर्फ धार्मिक लिहाज से श्रद्धालुओं के लिए भावुक और गर्व की अनुभूति नहीं है, बल्कि विकास के नजरिए से भी बेहद महत्वपूर्ण है। आज अयोध्या में विश्वस्तरीय सुविधाओं की मौजूदगी ये बताती है कि रामनगरी को उसका पुराना वैभव वापस मिला है। वहीं ये तो शुरुआत है, आने वाले दिनों में नव्य अयोध्या की तस्वीर पूरी दुनिया को हैरत में डालने वाली होगी। अयोध्या को पौराणिक मान्यता से लेकर इतिहास के नजरिए से देखा जाए तो हर दौर में ये बेहद खास रही। कौशल राज्य की राजधानी साकेत अर्थात जो स्वर्ग के सामान हो। इसी साकेत को आगे चलकर अयोध्या नाम मिला। जो अयोध्य है अर्थात जिसे कभी पराजित, परास्त नहीं किया जा सकता। अयोध्या के इतिहास में वात्सल्य, राग, करुणा, श्रद्धा, द्वेश, श्रृंगार, विध्वंस और निर्माण समाहित है। अयोध्या का अस्तित्व अति प्राचीन है। किसी भी कालखंड़ का इतिहास टटोलने पर अयोध्या का किसी न किसी नाम, रूप में वर्णन मिल जाता है।


स्वाती सिंह

मान्यता है कि सतयुग में अयोध्या नगरी को भगवान श्रीराम के पूर्वज विवस्वान (सूर्य) पुत्र वैवस्वत मनु ने बसाया था। जब मनु ने इस नगरी को बसाया तो यहा जल नहीं था। ऐसे में भगवान विष्णु के नेत्रों से आंसू गिरे। यह अमूल्य आंसू ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल में रख लिए। इसलिए अयोध्या की सरयू नदी का नाम नेत्रिया भी है। महाराज मनु और उनकी पत्नी महारानी शतरूपा से मनुष्य जाति की इस अनुपम सृष्टि की रचना हुई। जब उन्हें शासन करते बहुत समय बीत गया और बुढ़ापा आ गया तो उन्हें चिंता हुई कि सारा जन्म हरि की भक्ति बिना ही बीत गया। पुत्र को राज्य सौंप दोनों ने प्रसिद्ध नैमीशारण्य तीर्थ की ओर गमन किया। वहां वह दोनों विष्णु द्वादशाक्षर ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करने लगे।

दोनों को तप करते कई हजार वर्ष बीत गए। उनके शरीर अस्थियों का ढांचा रह गए, पर उनके मन में जरा भी पीड़ा न थी। उनकी तपस्या से श्री प्रभु प्रसन्न हुए और आकाशवाणी से बोले कि वर मांगों। आकाशवाणी सुन कर दोनों के शरीर हृष्ट-पुष्ट हो गए। श्री हरि भगवान के दर्शन होते ही मनु-शतरूपा प्रभु के चरणों से लिपट गए। मनु भगवान से बोले कि मुझे आप के समान पुत्र चाहिए। इस पर भगवान ने वरदान दे दिया है राजन मैं स्वयं आपके पुत्र रूप में आउंगा। महारानी शतरूपा ने भी कहा कि जो वर मेरे पति महाराज मनु ने मांगा, मुझे भी वही अच्छा लगा। कुछ समय पश्चात मनु और शतरूपा ने अयोध्या के राजा दशरथ और महारानी कौशल्या के रूप में जन्म लिया। और अयोध्या नगरी के दशरथ महल में ही प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ। अयोध्या को खुली आखों से देखें या बंद पलकों से भगवान राम इसके कण–कण में दिखेंगें। धन्य-धान्य और रत्न-आभूषणों से भरी इस नगरी की अतुलनीय छटा और खूबसूरत इमारतों का वर्णन वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है। इसलिए महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में अयोध्या नगरी की शोभा की तुलना करते हुए इसे दूसरा इंद्रलोक कहा।



सूर्यवशी राजाओं की राजधानी अयोध्या वर्षो तक चले रामराज्य के बाद जब प्रभु श्रीराम ने जल समाधि ली और अपनी सांसारिक लीला समेटी तभी से रामनगरी का स्मित, हास्य, लास्य और श्रृंगार तिरोहित होने लगा और यह एकाकी रह गई। भगवान राम के स्वलोक गमन के बाद उनके यशस्वी पुत्र कुश ने फिर से अयोध्या का पुनर्निर्माण कराया और इसके बाद सूर्यवंश की अगली 44 पीढ़ियों तक इसका अस्तित्व चरम पर रहा। इसके बाद द्वापर में महाभारत काल में हुए युद्ध के बाद भी अयोध्या फिर से उजाड़ हो गई।

युग बदले, सदियां बदली, इतिहास बदलता रहा। कुछ नहीं बदला तो अयोध्या का अस्तित्व। निःसंदेश ये अस्तित्व पूर्णतः वही और वैसा नहीं रहा जैसा प्रारम्भ में था। लेकिन यह परिवर्तन कालजनक नहीं था। अयोध्या एक बार फिर अपने पुराने वैभव के लौटने की प्रतीक्षा कर रही थी। उसको प्रतीक्षा रही अपने राम की। विश्वास था प्रतीक्षा सफल होगी और वह इंतजार अब 22 जनवरी 2024 को रामलला के भव्य मंदिर में गर्भगृह में विराजमान होने के साथ खत्म होने जा रहा है। आध्यात्मिक रूप से अयोध्या परम वैभव का महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए भगवान बुद्ध ने इस स्थान को अपने त्याग, तपस्या और समर्पण के लिए चुना. इतिहासकारों के मुताबिक 600 ईसा पूर्व में राजा प्रसेनजीत के समय ये श्रावस्ती की राजधानी साकेत थी। गुप्त सम्राट स्कंदगुप्त अपनी राजधानी पाटलिपुत्र से यहां लेकर आए और इसका नाम अयोध्या रखा। गुप्त काल में अयोध्या बड़ा व्यापारिक केंद्र बना। उत्तर भारत के शुंग साम्राज्य के संस्थापक और प्रथम राजा पुष्यमित्र शुंग का एक शिलालेख अभी तक अयोध्या में संरक्षित है। जिन्हें वैदिक धर्म के पुनरुत्थान का श्रेय दिया जाता है। इतिहास के इन्ही पृष्ठों, अभिलेखों में उल्लेखित तथ्य, साक्ष्य के रूप में अयोध्या की पहचान सिद्ध करते हैं। गीता प्रेस की पुस्तक अयोध्या दर्शन की पृष्ठ संख्या 98, 99 में पहले राम मंदिर निर्माण का जिक्र मिलता है, जिसे गुप्त वंश के सबसे महान और पराक्रमी राजा विक्रमादित्य ने बनवाया था। जैसे अयोध्या से श्रीराम की कहानी जुड़ी है ठीक वैसे ही राम मंदिर से राजा विक्रमादित्य की कहानी जुड़ी है। सतयुग की अयोध्या को कलयुग में विक्रमादित्य की खोज ने और संवारने का जिक्र रूद्रयामल ग्रंथ में भी मिलता है। कहतें है राजा विक्रमादित्य ने 148 तीर्थो में कुल 360 मंदिरों का निर्माण कराया था। जिनमें प्रभु श्रीराम का मंदिर भी शामिल था। भारत की हर धड़कन में श्रीराम हैं। राम हर श्वांस में रमे हुए हैं जीवन की आशा में परस्पर मिलते हुए दो व्यक्ति एक दूसरे को राम–राम कहते हैं। मृत्यु होने पर श्मसान ले जाते समय राम नाम सत्य मोक्ष मंत्र बन जाता है। राम की महिमा अपार और उनका विस्तार अनंत है। ऐसे राम की अयोध्या किसी आक्रांता के आगे कैसे हार सकती है। अयोध्या नगरी राम से भी प्राचीन है। अयोध्या कई बार बनी, मिटी सजी और संवरी। सतयुग में मनु के मन में अयोध्या बसी। त्रेता में अयोध्या ने महाराज दशरथ का स्वर्णिम युग और भागवान राम का राम राज्य देखा।

# श्रीराम के अदभुत अर्चक-फ़ादर कामिल बुल्के

फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उन्होंने गुमला अब झारखंड में पांच वर्षों तक गणित का अध्यापन किया। यहीं पर उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई।

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन् तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते।


प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

'रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है।



फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उन्होंने गुमला अब झारखंड में पांच वर्षों तक गणित का अध्यापन किया। यहीं पर उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। अंततः फादर कामिल बुल्के से बाबा कामिल बुल्के कहलाए जाने लगे। फ़ादर कामिल बुल्के ने पंडित बद्रीदत्त शास्त्री से हिंदी और संस्कृत की शिक्षा प्राप्त की और 1940 में 'विशारद' की परीक्षा 'हिंदी साहित्य सम्मेलन', प्रयाग से उत्तीर्ण की। उन्होंने 1942-1944 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से संस्कृत में मास्टर्स डिग्री हासिल की। कामिल बुल्के ने 1945-1949 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में रामायण पर शोध किया। 1949 में ही वह 'सेंट जेवियर्स कॉलेज', रांची में हिंदी और संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए। कामिल बुल्के सन 1950 में 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' की कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। वह सन 1972 से 1977 तक भारत सरकार की 'केन्द्रीय हिंदी समिति' के सदस्य रहे। कामिल बुल्के लंबे समय तक रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में संस्कृत तथा हिंदी के विभागाध्यक्ष रहे, लेकिन बाद में बहरेपन के कारण कॉलेज में पढ़ाने से अधिक उनकी रुचि गहन अध्ययन और स्वाध्याय में होती चली गई। बुल्के का अपने समय के हिंदी भाषा के सभी चोटी के विद्वानों से संपर्क था। डॉ. धर्मवीर भारती, डॉ. जगदीश गुप्त, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. रघुवंश, महादेवी वर्मा आदि से उनका विचार-विमर्श और संवाद होता रहता था। डॉ. धीरेन्द्र वर्मा को अपना प्रेरणा स्रोत मानते हुए वे अपनी आत्मकथा 'एक ईसाई की आस्था, हिंदी-प्रेम और तुलसी-भक्ति 2' में लिखते हैं- ÷1945 में डॉ. धीरेन्द्र वर्मा की प्रेरणा से मैंने एम.ए. के बाद इलाहाबाद से डॉ. माता प्रसाद के निरीक्षण में शोध कार्य किया। इलाहाबाद के प्रवास को वे अपने जीवन का 'द्वितीय बसंत' कहते थे। महादेवी वर्मा को वे 'दीदी' और इलाहाबाद के लोगों को वे 'मायके वाले' कहते थे।

बुल्के के प्रस्तुत शोध-'रामकथा उत्पत्ति और विकास' की विशेषता थी कि यह मूलतः हिंदी में प्रस्तुत पहला शोध प्रबंध है। फ़ादर बुल्के जिस समय इलाहाबाद में शोध कर रहे थे, उस समय सभी विषयों में शोध प्रबंध केवल अंग्रेज़ी भाषा में ही प्रस्तुत किए जाते थे। फ़ादर बुल्के ने इलाहबाद विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा परिषद से सादर आग्रह किया कि उन्हें हिंदी में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। इसके लिए अंततः शोध संबंधी नियमावली में परिवर्तन किया गया। वह बहुभाषाविद थे। बाबा बुल्के अपनी मातृभाषा 'फ्लेमिश' के अतिरिक्त अंग्रेज़ी, फ्रेंच, जर्मन, लैटिन, ग्रीक, संस्कृत और हिंदी पर भी संपूर्ण अधिकार रखते थे। हिंदुस्तान की माटी विशेषकर रांची उनके रोम-रोम में बसा था।

# पर्यटन मंत्री ने बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के 'लोगो' का किया अनावरण

अवधनामा संवाददाता




■ बुन्देलखण्ड को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर इसका पिछड़ापन दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 23 जनवरी से 18 फरवरी तक बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों में किया जायेगा। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यटकों एवं सैलानियों को बुन्देलखण्ड के लगभग सभी जनपदों में मौजूद ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के स्थलों के बारे में जानकारी दी जायेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड के पिछड़ेपन को दूर करने में पर्यटन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि एक पर्यटक कम से कम 06 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्री आज पर्यटन भवन के सभागार में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव की रूपरेखा एवं इससे संबंधित 'लोगो' के अनावरण के अवसर पर प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी से शुरू हो रहे 16 दिवसीय बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के तहत झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट तथा बांदा में विभिन्न कार्यक्रम एवं हेरीटेज वॉक का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 23 जनवरी को झांसी के किले से शुरू होकर 18 फरवरी को बांदा जनपद के कलिंजर फोर्ट में समाप्त होगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि बुन्देलखण्ड अपने गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक इमारतों और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है। हर जिले की अपनी अलग पहचान, भेष-भूषा, खान-पान तथा सांस्कृतिक विविधता है। इस कार्यक्रम के दौरान यहां की विविधता को पूरे विश्व से परिचित कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में लगभग 34 किले गढ़ी तथा ऐतिहासिक इमारतें हैं। पर्यटन विभाग राजस्थान प्रदेश की तर्ज पर इनका पुनर्रोद्धार और सौन्दर्यीकरण करके पीपीपी मोड पर संचालित कराना चाहता है। फिलहाल बरूआ सागर तथा चुनार के किलों के फाइनल बिड खोली गयी है। मध्य प्रदेश में स्थित बुन्देलखण्ड की तरह ही उ0प्र0 में स्थित बुन्देलखण्ड का विकास किया जायेगा। जयवीर सिंह ने कहा कि स्थानीय जनजीवन को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर बुन्देलखण्ड का पिछड़ापन दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में बुन्देलखण्ड उ0प्र0 के ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा। मीडिया एवं सोशल मीडिया की बुन्देलखण्ड को पिछड़ेपन के कुचक्र से निकालने में ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के रूप में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## 11 नवीन गौ संरक्षण केन्द्रों के निर्माण के लिए 8 करोड़ 80 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये प्रदेश में 11 नवीन गौ संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में 08 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। प्रत्येक केन्द्र के निर्माण हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुये निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये है। शासनादेश के अनुसार 11 नवीन गौ संरक्षण केन्द्र की स्थापना बस्ती के ग्रा0 नारायणपुर एवं ग्रा0 सिकटा, तह0 हरैया, हमीरपुर के ग्रा0 मंगरौठ, तह0 सरीला, मुरादाबाद के ग्रा0 फाजलपुर, गाजीपुर के ग्रा0 कुसेहरा, तह0 सदर, जौनपुर के ग्रा0 बल्लीपुर महथिया, तह0 मडियाहू, ललितपुर के ग्रा0 बानपुर, तह0 महरौनी, बिजनौर के ग्रा0 याकूबपुर तह0 धामपुर, तह0 बरहज तथा बांदा के ग्रा0 मलहेरा नेवादा तह0 नरैनी में की जायेगी।

## अग्रवाल सभा छावनी सदर बाजार की कार्यकारिणी समिति का चुनाव सम्पन्न

**लखनऊ।** श्री अग्रवाल सभा छावनी सदर बाजार की कार्यकारिणी समिति का चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जिसमे अध्यक्ष पद पर विनोद सिंघल, उपाध्यक्ष राजेश चंद्र अग्रवाल एवं मंत्री पद पर मंदर अग्रवाल को चुना गया। इसके अलावा अशोक कुमार अग्रवाल, भंडाराध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चेतन, उप मंत्री आशीष कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यकारिणी समिति मे 11 सदस्य निर्वाचित हुए। जिनमे अमित कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 25 जनवरी तक

अवधनामा संवाददाता

■ चयनित 16 जनपदों में गेहूं, चावल के साथ बाजरा का वितरण

**लखनऊ।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जनवरी, 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 25 जनवरी तक वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। बाजरा वितरण हेतु चयनित जनपदों को छोड़कर अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल (05 किग्रा खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में किया जा रहा है।

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बाजरा वितरण के लिए चयनित 16 जनपदों यथा-अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फर्रूखाबाद, बदायूं तथा संभल में बाजरा का वितरण कराया जा रहा है। इन जनपदों में प्रत्येक अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं तथा 20 किग्रा चावल तथा 01 किग्रा बाजरा (35 किग्रा0 खाद्यान्न) और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा गेहूं व 02 किग्रा चावल तथा 01 किग्रा बाजरा (कुल 05 किग्रा) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा योजना के अर्न्तगत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को, 01 जनवरी से, पाँच वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह का रिहर्सल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। विदित है कि सीतापुर हरदोई रोड अवस्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 8वे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के इस पावन अवसर पर पूर्वाभ्यास में माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की भूमिका में प्रो. चंदना डे, केरल के राज्यपाल की भूमिका में प्रो. एहतेशाम अहमद, माननीय श्रीमती रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश की भूमिका में प्रो. तनवीर खदीजा रहीं। दीक्षांत समारोह के इस अवसर पर कार्य परिषद, विद्या परिषद, विश्वविद्यालय सभा के सदस्य, उपाधि धारक, पदक धारक विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर हुआ दीक्षोउपदेश (bo& content) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर प्रो. कपिल कपूर ने दीक्षांत से संबंधित अपना भाषण विश्वविद्यालय के अटल हॉल में दिया। प्रो. कपिल कपूर ने कहा कि भारत के दर्शन में जीवन सुख का सुविधा से कोई संबंध नहीं है अपितु बल्कि आत्म सुखी वास्तविक सुख है कपिल कपूर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमें अपने आपसी रिश्तों को आज रिपेयर करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता ज्ञान केंद्रित है और संस्कृति मूल्य आधारित है हमारे संस्कृत में ज्ञान बांटने की लोकतांत्रिक विद्या मौखिक है अंत में उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा में मातृभाषा आप आने पर जोर दिया जाए।

## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ मंडल के लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेल सेवाओं को उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर (निरस्त/डायवर्ट/आंशिक निरस्त) करने का निर्णय लिया गया है:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22426 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 22425 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04203 अयोध्या कैंट–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04204 लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 16.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04241 मनकापुर जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04242 अयोध्या कैंट–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04257 मनकापुर जं.–अयोध्या धाम जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04258 अयोध्या धाम जं.–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04259 मनकापुर जं.–अयोध्या धाम जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |
| 04260 अयोध्या धाम जं.–मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 14.01.2024 से 22.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी | तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 22129 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट तुलसी एक्स. | सुलतानपुर पर | 14, 16 एवं 21.01.2024 |
| 22130 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) तुलसी एक्स. | सुलतानपुर से | 15, 17 एवं 22.01.2024 |
| 22183 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट साकेत एक्स. | सुलतानपुर पर | 13, 17 एवं 20.01.2024 |
| 22184 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) साकेत एक्स. | सुलतानपुर से | 14, 18 एवं 21.01.2024 |
| 14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मारवाड़ संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट पर | 15, 16, 17, 19, 20 एवं 22.01.2024 |
| 14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मारवाड़ संगम एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट से | 15, 16, 17, 19, 20 एवं 22.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम–अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | सुलतानपुर पर | 15.01.2024 |
| 22614 अयोध्या कैंट–रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट | सुलतानपुर से | 17.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्स. | सुलतानपुर पर | 15.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) सुपरफास्ट एक्स. | सुलतानपुर से | 16.01.2024 |
| 04381 प्रयागराज संगम–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | मसौधा पर | 14.01.24 से 22.01.24 |
| 04382 अयोध्या कैंट–प्रयागराज संगम एक्सप्रेस विशेष | मसौधा से | 14.01.24 से 22.01.24 |
| 05425 भटनी जं.–अयोध्या धाम जं. अनारक्षित एक्सप्रेस | कटड़ा पर | 12.01.24 से 22.01.24 |
| 05426 अयोध्या धाम जं.–भटनी जं. अनारक्षित एक्सप्रेस | कटड़ा से | 12.01.24 से 22.01.24 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 22614 अयोध्या कैंट–रामनाथपुरम श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फ़राबाद जं. | 17.01.2024 |
| 22613 रामनाथपुरम–अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | 15.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर | 15.01.2024 |
| 22104 अयोध्या कैंट– लोकमान्य तिलक(टर्मि.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–ज़फ़राबाद जं. | 16.01.2024 |
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 13152 जम्मूतवी–कोलकाता एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 15.01.2024 to 21.01.2024 |
| 13307/13308 धनबाद जं.–फिरोजपुर कैंट–धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024, 21.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 16.01.2024 |
| 15624 कामाख्या–भगत की कोठी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 19.01.2024 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–लखनऊ | 16.01.2024 |
| 15934 अमृतसर जं.–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 19.01.2024 |
| 15635 ओखा–गुवाहाटी द्वारका एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 19.01.2024 |
| 15667 गांधीधाम–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी | 20.01.2024 |
| 13237 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 16, 20 एवं 21.01.2024 |
| 13238 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 20.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.'–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 21.01.2024 |
| 19321 इन्दौर जं.–पटना जं. लखनऊ | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 20.01.2024 |
| 19322 राजेन्द्र नगर–इन्दौर जं. लखनऊ | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 15115 छपरा–दिल्ली जं. लोकनायक एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 20.01.2024 |
| 15116 दिल्ली जं.–छपरा लोकनायक एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं. | 21.01.2024 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–बनारस–वाराणसी–वाराणसी सिटी–बलिया | 19.01.2024 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत एक्सप्रेस | बलिया–वाराणसी सिटी–वाराणसी–बनारस–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 21.01.2024 |
| 18205 दुर्ग–नौतनवॉं एक्सप्रेस | प्रयागराज–जंघई–वाराणसी–वाराणसी सिटी | 18.01.2024 |
| 18206 दुर्ग–नौतनवॉं एक्सप्रेस | वाराणसी सिटी–वाराणसी–जंघई–प्रयागराज | 20.01.2024 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरू एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 15.01.2024 |
| 19616 कामाख्या–उदयपुर सिटी कवि गुरू एक्स. | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 18.01.2024 |
| 15053 छपरा–लखनऊ एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 17 से 22.01.2024 |
| 15054 लखनऊ–छपरा एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 16 से 21.01.2024 |
| 15083 छपरा–फर्रूखाबाद एक्सप्रेस विशेष | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 16 से 21.01.2024 |
| 15084 फर्रूखाबाद–छपरा एक्सप्रेस विशेष | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 17 से 22.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयु यमुना एक्स. | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 21.01.2024 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयु यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 20.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 16.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 18.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

160/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# टीएमयू में युवा दिवस पर सीएम योगी के वर्चुअली सुने विचार



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए कहा, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हममें ही हैं, युवाओं को बस इसे पहचानने की दरकार है। यह बात दीगर है, युवा अपनी आंखों पर हाथ रखकर कहते हैं कि कितना अंधकार है। अतः युवाओं को खुली आंखों के जरिए ज्ञान खोजने के के प्रति तत्पर रहना है। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की एनएसएस की ओर से तीर्थंकर आदिनाथ फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व स्वामी विवेकानंद पर यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के शिक्षकों ने विचारों को वर्चुअली सुना। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ. रत्नेश जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन से डॉ. अशोक लखेरा, श्री दीपक मलिक, डॉ. नम्रता जैन, श्री विनय कुमार, डॉ. पायल शर्मा, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, श्रीमती रचना सक्सेना, श्रीमती शिवांकी रानी, श्रीमती पूनम चौहान आदि उपस्थित रहे। एनएसएस इकाई समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन के संग-संग स्टुडेंट्स श्रुति कौशिक, सुमित कुमार, संस्कृति शर्मा, समरीन उमर आदि ने स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार रखते हुए कहा, जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। जब तक जीना है, तब तक सीखना है, क्योंकि अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। अतः युवा दिवस के रूप में स्वामी जी के युगीन विचारों को आत्मसात करना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा, भारत के अतीत और उसके वर्तमान के बीच वह एक तरह का सेतु थे।

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलने का किया आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के युवा संभाग द्वारा दिनांक 12 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यालय ए 10, निराला नगर, लखनऊ में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी में महासभा के सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके जीवन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने महासभा के पदाधिकारियों से स्वामी जी के आदर्शो पर चलने का आवाहन किया और कहा कि 'उठो जागो और तब तक न रूको जब तक अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ' तथा उनके द्वारा बताया गया कि अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा प्रदेश के कई जिलों में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री वीरेन्द्र सक्सेना, सरिता वर्मा, विमलेष कुमार श्रीवास्तव, राहुल सेन, ई0 सुभाष, राजन सक्सेना, अमिताभ बिहारी वर्मा, नेपोलियन सक्सेना, वेद रतन श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव, मिथिलेश श्रीवास्तव, अरूणिमा श्रीवास्तव, अरुण निगम, सविता सक्सेना, रेखा श्रीवास्तव, मोहित निगम, राजेन्द्र कुमार निगम, संजय कुमार श्रीवास्तव, विवेक, संजय श्रीवास्तव, सुशील, अमर वर्मा, आशीष कुमार, नरेन्द्र निगम, शिवशंकर, सर्वेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहें।

# छात्र दर्श ने सबसे उम्र में वन्यजीव को गोद लेने का बनाया रिकार्ड

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज सेक्शन के कक्षा-5 के प्रतिभाशाली छात्र दर्श अग्रवाल ने वन्यजीव संरक्षण की अनूठी पहल कर जनमानस को खासकर किशोर व युवा पीढ़ी को वन्यजीव संरक्षण हेतु प्रेरित किया है।

सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने पूरे एक वर्ष के लिए लखनऊ चिड़ियाघर के मगरमच्छ को गोद लिया है, जिसका खर्च उन्होंने पूरी तरह से अपनी पॉकेट मनी से उठाया है। खास बात यह है कि लखनऊ में दर्श अग्रवाल ने मात्र 10 वर्ष अर्थात सबसे उम्र में वन्यजीव को गोद लेने का रिकार्ड बनाया है। दर्श ने अपने इस नए दोस्त का नाम 'स्नैपी' रखा है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र का यह अनूठी पहल वन्यजीवन में सकारात्मक बदलाव की उसकी प्रतिबद्धता का दर्शाती है, साथ ही अन्य छात्रों को भी पशु कल्याण में योगदान हेतु प्रेरित करती है। श्री शर्मा ने बताया कि इसके अलावा, दर्श अग्रवाल ने अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी एक आंदोलन शुरू किया है, जिसमें आम जनमानस से वन्यजीवों को गोद लेने, प्यार करने और सुरक्षा करने के हेतु प्रेरित किया गया है।

# पीएम कुसुम योजना में मिलती रहेगी 60 प्रतिशत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अंतर्गत निविदा मूल्य बेंचमार्क मूल्य से अधिक होने एवं केन्द्र सरकार द्वारा बेंचमार्क मूल्य पर ही अनुदान दिए जाने के फल स्वरुप कृषकों के हित में निविदा मूल्य पर 60 प्रतिशत अनुदान पर कृषकों के प्रक्षेत्रों पर सोलर पम्पों की स्थापना के लिए मा0 मंत्री परिषद द्वारा 168.63 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि का टॉप अप अनुमोदन किया गया।

सोलर पम्प के कच्चे माल (रॉ मटेरियल) के मूल्य में वृद्धि होने के फल स्वरुप सोलर पैनल गत वर्ष के टेंडर मूल्य में 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो गई थी। इसके फलस्वरुप किसानों पर कृषक अंश के भार की बढ़ोतरी हो रही थी, योजना के लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार के द्वारा सोलर पम्प के मूल्य पर कृषकों को 60ः अनुदान अनुमन्य कराए जाने हेतु अतिरिक्त मूल्य को राज्य सरकार के अंश से टॉप अप किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 हेतु रूपए 68.29 करोड़ एवं वर्ष 2024-25 के लिए रूपये 100.34 करोड़ इस प्रकार कुल 168.63 करोड़ रुपए के अतिरिक्त धनराशि माननीय मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। कृषकों के प्रक्षेत्र पर सोलर पम्पों की स्थापना कराये जाने से डीजल एवं बिजली की बचत तथा राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता में भी कमी आएगी। वर्ष 23-24 में 30000 सोलर पम्प तथा वर्ष 2024-25 में 44250 सोलर पम्प, इस प्रकार कुल 74250 सोलर सिंचाई पम्पों की स्थापना कराई जाएगी। इन सोलर पम्पों के स्थापना पर क्रमशः वर्ष 2023-24 में 285.39 करोड़ तथा वर्ष 2024-25 में रुपया 406.564 करोड़ इस प्रकार कुल रुपया 691.9540 करोड़ रुपए का व्यय प्रदेश सरकार के द्वारा किया जाएगा।

## जालौन की पांच परियोजनाओं के लिए 612.78 लाख अवमुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बुन्देलखण्ड विकास निधि के अंतर्गत जनपद जालौन की 05 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 612.78 लाख रुपये अवमुक्त किये हैं। अवमुक्त की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, जालौन के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जालौन के करथरा से सैदनगर सम्पर्क के निर्माण कार्य हेतु 134.25 लाख रुपये, गोपालपुर से गढ़ा सम्पर्क मार्ग हेतु 103.57 लाख रुपये, सिकरी राजा से हिडोखरा सम्पर्क मार्ग हेतु 215 लाख रुपये, जालौन उरई मार्ग से छोलापुर सम्पर्क मार्ग हेतु 70 लाख रुपये एवं अकोढ़ी से ईमिलिया बुजुर्ग तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 89.96 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं।

# चिश्ती मियाँ का दरगाह चिश्तियां नईमियाँ में हुआ इस्तक़बाल

- चिश्ती मियाँ ने इटावा वालों की मोहब्बतों का शुक्रिया अदा किया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** आस्ताना आलिया समदिया दारुल ख़ैर फफूंद शरीफ के सज्जादानशीन हज़रत नवाज़ अख़्तर चिश्ती (चिश्ती मियाँ) का शहर के साबितगंज स्थित दरगाह चिश्तिया नईमियाँ में हज़रत के मुरीदेन व आपके चाहने वालों ने गर्मजोशी के साथ ज़ोरदार इस्तक़बाल किया। बताते चले कि 122 वें उर्स हाफिज़-ए-बुखारी के आख़री दिन आस्ताना आलिया समदिया फफूंद शरीफ जनपद औरैया के सज्जादानशीन हज़रत सैय्यद अख़्तर चिश्ती साहब ने अपने बेटे हज़रत सैय्यद नवाज़ अख़्तर चिश्ती(चिश्ती मियाँ) को सज्जादानशीन(वली अहद)बनाया था। गुरुवार को सज्जादानशीन बनने के बाद पहली बार शहर में हज़रत चिश्ती मियाँ अपने मुरीदों व शहर के लोगों से मुलाकात करने आये थे। हज़रत के चाहने वालों ने गर्मजोशी के साथ चिश्ती मियाँ के साथ में आये उनके बेटे हज़रत सैय्यद मोहम्मद मियाँ व हज़रत सैय्यद ग़ज़ाली चिश्ती का वाई.के.शफी चिश्ती आदि ने नारों की सदाओं के साथ गुलाब के फूलों से बनी बड़ी सी माला डालकर व शाल उड़ाकर इस्तक़बाल (स्वागत) व सम्मान किया। इस मौके पर उस्ताद शायर हाशिम नईमी ने इस कलाम के साथ इस्तक़बाल किया मुबारक-मुबारक-मुबारक हो मेरे मुर्शिद मेरे हज़रत मुबारक हो। हज़रत चिश्ती मियाँ ने सबसे पहले दरगाह चिश्तिया नईमियाँ में हाज़री दी और स्वागत के बाद इटावा वालों की मोहब्बतों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि आप सब ने हमारे लिए इतना वक़्त निकाला यह मैं कभी नहीं भूलूंगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मुसलमान के लिए नमाज़ सबसे पहले है बग़ैर नमाज़ के मुसलमान ही नहीं इसलिए मुसलमान नमाज़ कायम करें। स्वागत के बाद हज़रत ने देश में अमनो-अमान और सभी के लिए हाथ उठाकर दुआयें भी की। इस मौके पर दरगाह चिश्तिया नईमियाँ के सज्जादानशीन डॉ शुऐब अहमद नईमी, कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी, हाफिज़ मोहम्मद अहमद अकबरी, हाफिज़ इरफान चिश्ती, हाजी इरशाद राइन, रौनक इटावी, हाजी मुइनुद्दीन गुड्डू मंसूरी, हाजी अज़ीम वारसी, वाई.के.शफी चिश्ती, हाजी रहीस अहमद, हाजी शेख़ शकील, हाजी शेख़ आफताब, अमीन मंसूरी, ज़ैनुल आबदीन, मोहम्मद अशरफ चिश्ती, असरार अहमद, इमरान अहमद, अहमद अली वारसी, गुलज़ार अहमद, अनस अहमद आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने मुसाफा करके स्वागत किया।

# राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता के लिए इटावा ताइक्कांडो की टीम रवाना

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** इटावा ताइक्कांडो की 14 सदस्यीय टीम ने लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए प्रस्थान किया। इटावा ताइक्कांडो के महासचिव रोहित द्विवेदी ने सूचित किया कि उनकी टीम से किरोगी अर्थात फाइट में सात बालक तथा छह बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं वहीं पूम्से में एक बालक प्रतिभाग करेगा। किरोगी में सबजूनियर बालक वर्ग के अंतर्गत ओम शर्मा, अपरिमेय, दिव्यांश पाल, सानिध्य कटियार, अभिराज, अंशुल, श्यामजी तथा सबजूनियर बालिका वर्ग के तहत वैष्णवी यादव, खुशी यादव, पलक पाल, आराध्या नगाइच, वर्तिका, नंदिका नेहाल और पूमसे ने सब जूनियर बालक वर्ग में अविघ्न ने प्रतिभाग करेंगे। कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में इटावा से मोहम्मद रजिन हैदर निर्याणक मंडल ने शामिल होंगे। प्रशिक्षक हरिगोविन्द सिंह ने बताया कि लखनऊ में सबजूनियर और जूनियर श्रेणी के लिए राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ी 6 से 9 फरवरी को जयपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने इटावा ताइक्कांडो की समस्त टीम से लखनऊ में भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनको स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी।

# विशाल शोभा यात्रा 15 जनवरी को निकाल कर श्री राम कथा का शुभारंभ होगा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को समर्पित श्री राम कथा इटावा में 16 जनवरी से 20 जनवरी तक होगी दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा कार्यो से प्रेरित है उपरोक्त जानकारी दिव्य प्रेम सेवा मिशन के मुख्य ट्रस्टी राघवेंद्र सिंह ने आयोजित एक पत्रकार वार्ता में सन सिटी 22 ख्वाजा के पास दी उन्होंने आगे कहा कि दिव्या प्रेम सेवा मिशन एक अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान है समाज के सक्रिय सहयोग से सेवा करते हुए 650 कुष्ठ रोगियों के स्वस्थ बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था की जाती है उन्होंने आगे कहा कि आज प्रेस वार्ता को रखने का मुख्य कारण एक यह भी है कि 12 जनवरी 1997 को हरिद्वार में चंडी घाट पर स्वयंसेवक डॉक्टर आशीष गौतम जी के द्वारा दिव्य प्रेम सेवा मिशन की स्थापना की गई थी जहां उन्होंने टाट पट्टी पर बैठकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की बाद में श्री राम कथा के आयोजनों से सहयोग मिलता गया और कुष्ठ रोगियों के लिए अस्पताल की स्थापना की गई उन्होंने आगे कहा कि 550 वर्ष की हिंदू धर्म लंबियों की साधना के उपरांत आज हम सबका सौभाग्य है जो अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम आयोजित होंगे उसी क्रम में इटावा में भी 16 जनवरी से 20 जनवरी तक कथा व्यास पूज्य संत श्री विजय कौशल जी महाराज के मुखारविंद से हम सबको कथा रूपी अमृत का पान मिलेगा 15 जनवरी को 1251 मातृशक्तियों के द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी कलश यात्रा से ही कथा का शुभारंभ होगा कलश यात्रा सनातन धर्म इंटर कॉलेज कोतवाली चौराहा से नौरंगाबाद चौराहा चौगुरुजी बलराम सिंह चौराहा पक्का तालाब चौराहा होते हुए नुमाइश पंडाल पहुंचेगी प्रतिदिन कथा 1:00 बजे से प्रारंभ होगी कथा विश्राम के उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य यजमान एमपी सिंह तोमर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान दिव्या प्रेम सेवा मिशन के राष्ट्रीय युवा इकाई प्रमुख जयवीर सिंह मीडिया प्रभारी ओम रतन कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 500 छात्र-छात्राओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा ÷27वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2024÷ के भव्य उद्घाटन सत्र का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय सभागार में दिखाया गया। इस अवसर पर युवाओं को प्रेरित करने हेतु स्वामी विवेकानंद के विचारों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अरुण कुमार मदान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित सिंह, प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. रजनीश सिरोही सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नासिक से संबोधन सुनवाया गया

- श्रेयांशी प्रथम, रितिका द्वितीय तथा निशि व सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र की ओर से युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नासिक से संबोधन सुनवाया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिताएं भी कराई गई। इनमें विजेता युवाओं को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर नेहरू युवा केंद्र की ओर से यहां पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डा.मुकेश यादव, स्कूल के प्रबंधक कैलाश यादव तथा वरिष्ठ कवि डा.राजीव राज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके दिया। डॉ मुकेश यादव ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए का स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने मानवता सिखाई है और हम सभी को उसका अनुसरण करना चाहिए। स्वामी जी ने कहा था कि अपने लक्ष्य तय कर ले और उसकी प्राप्ति के लिए कार्य करें। डा.कैलाश यादव ने कहा कि युवाओं को स्वामी जी को अपना प्रेरणा स्रोत बनाकर कार्य करना चाहिए। नेहरू युवा केंद्र की ओर से लेखाकार श्रवण कुमार बाथम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ कवि डा.राजीव राज ने कविता के माध्यम से युवाओं में जोश भरा। किशोर कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष दीप नारायण शुक्ला, स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय सक्सेना, सचिव विवेक रंजन गुप्ता, पीपीएम कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह, भारत विकास परिषद के पंकज कुमार सिंह चौहान, समाजसेवी डा. सुशील सम्राट, राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार शर्मा ने अपने विचार रखें तथा युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें श्रेयांशी प्रथम, रितिका द्वितीय तथा निशि व सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मानव श्रंखला बना कर छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**गोवर्धन (मथुरा)।** नगर पंचायत गोवर्धन द्वारा शासन के निर्देश पर योध्या यूनिट फॉर अयोध्या का आयोजन किया।कार्यक्रम के तहत कस्बा के आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मानव श्रंखला बना कर स्वच्छता का संदेश दिया।शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय से परिक्रमा मार्ग तक स्कूल की छात्राओं में मानव श्रंखला बनाई व नारेबाजी कर मार्च किया।स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हो गोवर्धन एसडीएम मयंक गोस्वामी की उपस्थिति में गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवी एवं प्रतिनिधि मनीष लंबरदार की अगुवाई में आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की स्वयंसेविकाओं के दल ने स्वच्छता के संदेशों के नारे लगाए। राम नाम के जय घोष से गूंज उठी गिरिराज तलहटी।

## सावधान : सिलेंडर में आ रही कम रसोई गैस

**मथुरा।** घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या राष्ट्रव्यापी है इसने सरकार तक बदल डाली हैं सिलेंडर में घाट टोली कर उपभोक्ताओं की जीवो पर डाका डाला जा रहा है ऐसा ही मामला मथुरा में प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सिलेंडर में आ रही तीन-तीन किग्रा रसोई गैस कम, एक बार अवश्य तोल लें गैस सिलेंडर का वजन तौलते जिला बांट माप अधिकारी पवन यादव ने बताया एजेंसी से आपकी बुकिंग पर हॉकर रसोई गैस सिलेंडर लेकर आ रहा है। उसमें गैस की मात्रा पूरी नहीं है। एक-एक सिलेंडर में तीन-तीन किलोग्राम गैस कम आ रही है। सिलेंडर को लेने से पहले एक बार उसका वजन तोल लें, ऐसा न करने पर हॉकर आपके विश्वास का फायदा उठाकर कम गैस वाला सिलेंडर थमा कर चला जएगा। जिला बांट-माप अधिकारी पवन यादव ने सिलेंडर से गैस निकाल कर उपभोक्ता को दिए जाने के खेल का खुलासा किया है। सौंख रोड स्थित भूरा सिंह इंडियन ऑयल के हॉकर शिवेंद्र के सांची भारत गैस एजेंसी टाउन शिप के सिलेंडर का वजन को माप लिया। एक सिलेंडर में तीन किलोग्राम गैस कम पाई गई।

# सीमाओं पर अपराधियों को रोकने का तीन राज्यों की पुलिस ने बनाया संयुक्त ब्लूप्रिंट

**अवधनामा संवाददाता**

- अलीगढ़, भरतपुर, डींग और पलवल जिले के पुलिस अधिकारियों ने लिया हिस्सा
- अपराधियों को सीमा पार करने से पहले ही दबोचने की रणनीति पर हुआ मंथन

**मथुरा।** आगामी सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोई अपराधी खलल नहीं डाल पाए। सीमापार से मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी को रोकने, अपराध कर एक जिले से दूसरे जिले की सीमा में प्रवेश कर खुद को सुरक्षित करने वाले अपराधियों की त्वरित गिरफ्तार करने पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रणनीति तय की है। मथुरा से सटे प्रदेश के अलीगढ़, आगरा, राजस्थान के डींग भरतपुर और हरियाणा के पलवल जिले पुलिस अधिकारी की हुई बैठक में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने और उन पर त्वरित कार्रवाई किए जाने पर भी सहमति बनी है। अपराधियों के खिलाफ एक साथ तीनों राज्यों की पुलिस अभियान चलाकर उनको सलाखों के पीछे भेजने का कार्य करेंगी। तीनों राज्यों की सीमा पर संयुक्त रूप से निगरानी किए जाने की भी नीति तय की गई। मथुरा की सीमा राजस्थान के भरतपुर, डींग, हरियाणा के पलवल और प्रदेश के अलीगढ़ और आगरा से सटी है। चुनाव के दौरान सीमापार से मादक पदार्थ और हथियार तस्कर अधिक सक्रिय हो जाते हैं। वह सीमा पार से नशीले पदार्थ और हथियार की खेप एक जिले से दूसरे जिलों में पहुंचाते हैं। गुंडा-मवालियों का मूवमेंट बढ़ जाता है। अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम देकर सीमा पार कर दूसरे जिलों में जाकर शरण लेते है। इन पर नियंत्रण करने के लिए तीनों राज्यों के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में एक दूसरे जिलों के अधिकारियों को सूचनाओं का अदान-प्रदान करने और प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई।

÷बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि मथुरा, आगरा, अलीगढ़, भरतपुर, डींग और पलवल क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों की सूची का भी आदान-प्रदान किया जाए। इनामी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक साथ अभियान चलाया जाए। पुलिस अधिकारियों ने बताया, जब पुलिस अपराधियों की धरपकड़ को एक साथ अभियान चलाती है, जब वह बचने के लिए एक जिले से दूसरे जिले में जाकर छिप जाते हैं। इस स्थिति में उनकी गिरफ्तार नहीं हो पाती है। इसलिए सभी जिलों में इसको लेकर सतर्कता बरती जाए और एक साथ ही अभियान चलाएं जाएं। बैठक में आगरा जोन की अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक भरतपुर, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, अलीगढ़ जोन के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर, आगरा के पुलिस आयुक्त रविंद्र गौड़, पुलिस अधीक्षक भरतपुर, पुलिस अधीक्षक डींग, पुलिस अधीक्षक पलवल और पुलिस अधीक्षक नूंह समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

आगामी लोकसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आज अंतरराज्यीय सीमावर्ती पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें कई मुद्दों पर मंथन किया गया।-शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी मथुरा।

## 22 जनवरी को बंद रहेगी शराब की दुकान

**मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट / लाइसेंस प्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन), कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट / लाइसेंस प्राधिकारी, मथुरा द्वारा दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश किया है कि जनपद-मथुरा की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर दुकानें, मॉडल शाप्स एवं एफ0एल0-2 / 2बी/सी0एल0-2, एफ0एल0-6 बार अनुज्ञापन, सैन्य इकाइयों के एफ0 एल0-9/ 9ए, एफ0एल0-49 अनुज्ञापन, एम0बी0-1 अनुज्ञापन (माइको ब्रिबरी) एवं भांग की समस्त दुकानें दिनांक 22-01-2024 को पूर्णतः बन्द रखी जायेंगी। इस बन्दी के दिन के लिए लाइसेंसधारी किसी प्रतिकर या दावे का हकदार नहीं होगा।

# के आर में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली जागृति रैली

**अवधनामा संवाददाता**

- नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता पर दिलाई शपथ

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता पर शपथ दिलाते हुए जन जागृति रैली निकाली 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती दिवस( युवा दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी के बैनर तले सफाई अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का 161वा जन्म दिवस न केवल उनके जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए है बल्कि स्वामी जी के आदर्शों का जश्न मनाने के लिए एक स्मरण दिवस भी है। हमें स्वामी जी को अपना आदर्श मानकर उनके व्यक्तित्व से सीख लेनी चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कौशिक स्वामी जी द्वारा भारत के उत्थान में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में बताया एवं उपस्थित जन सामान्य का आभार प्रस्तुत किया। एनएसएस अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल ने जयंती के अवसर पर नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण कराई और उनको नशा न करने के लिए प्रेरित किया।प्रोफेसर (डा) राजेश अग्रवाल ने भी उपस्थित जन समूह को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा तथा अमेरिका में 1893 विश्व धर्म संसद में स्वामी जी के अभूतपूर्व भाषण के बारे में भी अवगत कराया।

यातायात सप्ताह पर एक रैली कॉलेज के प्रांगण से शहर में निकाली गई सभी स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा पर शपथ ग्रहण कराई गई और उनको प्रेरित किया गया कि हमेशा हेलमेट सीट ,बेल्ट और यातायात के नियमों का पालन पूर्ण पालन करना चाहिए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी कॉलेज के प्रांगण में बड़े भव्य तरीके से कराया गया जिसमें सभी बच्चों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर बच्चों ने ली नशे के विरूद्ध

**मथुरा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि आज दिनांक 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आवाहन पर वृंदावन स्थित श्री वृंदावन विद्यापीठ इंटर कॉलेज में नशे के विरुद्ध बच्चों द्वारा शपथ ली गयी। इस बीच विद्यालय के लगभग 300 बच्चे उपस्थित रहे। श्रीमती निर्मला सिंह पटेल मा0 सदस्य उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ द्वारा बताया गया कि आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के विरुद्ध एक युद्ध छेड़ा हुआ है, जिसके तहत स्कूल एवं शिक्षण संस्थानों के पास स्थित तम्बाकू, पान, बीड़ी आदि नशे की दुकानों को हटाए जाने का कार्य भी निरन्तर किया जा रहा है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद का सपना था की प्रत्येक युवा चरित्रवान हो। इसलिए उनकी जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर नशे के विरूद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी मथुरा ने बताया कि हम स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाते है और नशे के विरुद्ध अभियान छेड़ने के लिए इससे अच्छा दिन नहीं हो सकता।

# अवैध नशा कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

- गंजा, अफीम सहित विभिन्न मादक पदार्थों के प्रति अभियान चलाकर कार्यवाही करें


**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति के मास्टर डाटा लॉक करने से अवशेष रही शिक्षण संस्थानों की समीक्षा बैठक, सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की समीक्षा बैठक, अभियोजन कार्यो तथा एन.सी.ओ.आर.डी. (नेकॉर्ड) के संबंध में बैठक संपन्न हुई। छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त शिक्षण संस्थाओं से संपर्क स्थापित कर मीटिंग सुनिश्चित करे और उन्हें पात्र छात्र छात्राओं की फीडिंग करने को निर्देशित करे। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभांवित करे। ससमय फीडिंग कराते हुए शासन को रिपोर्ट प्रषित करे। किसी भी तरह की लापरवाही नही बर्दास्त की जाएगी। जनपद के विकास कार्यो को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यो व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हो सके।श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री जी एवं मुख्य सचिव महोदय के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने बैठक में ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व आदि विभागों के विकास कार्यो एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर खराब चल रही है, वह अपने कार्य प्रगति पर विशेष फोकस रखते हुए शत प्रतिशत डाटा की फीडिंग सीएम डैशबोर्ड पर करना सुनिश्चित करेंगे।

## स्वच्छ भारत सर्वेक्षण के कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** नगर पालिका में स्वामी विवेकानंद की जंयती युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने स्वच्छ भारत सर्वेक्षण के कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष ने कहा कि आज हमें हमारे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। स्वच्छता से ही स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी , नगरपालिका स्वच्छता अभियान के ब्रांड ऐबेसेडर आलोक दी क्षित सहीत सभी सम्मानित सभासदगण एंव नगरपालिका कर्मचारी मोजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** युवा एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन संस्था की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य एवं पदाधिकारी ने एसएसपी चौराहे पर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पुष्प चढ़ाकर उनको श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष अनुज कुमार सक्सैना ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को मार्गदर्शन किया था और सभी युवाओं को उनके मार्गदर्शन पर चलना चाहिए और नए भारत का निर्माण करना चाहिए क्योंकि युवा पीढ़ी ही हमारे नए भारत के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाएगी इस कार्यक्रम में शिवम दुबे, सुशील यादव, शैलेंद्र कुमार, त्रिलोक सक्सेना, अविनाश भदौरिया, पुनीत दीक्षित, अतुल वर्मा, भक्ति सक्सैना एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस अधिकारियों ने दानघाटी मन्दिर में दर्शन कर मांगी मनोती

**गोवर्धन (मथुरा)।** आगामी लोकसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा परिक्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ राजस्थान के जिला भरतपुर, डीग व हरियाणा के पलवल, नूंह के पुलिस अधिकारियों की अंतर्राज्यीय समन्वयक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, अपर पुलिस महानिदेशक भरतपुर, पुलिस महानिरीक्षक आगरा, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़, पुलिस आयुक्त आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, पुलिस अधीक्षक भरतपुर व डींग, पुलिस अधीक्षक पलवल व नूंह ने आगामी सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जोन परिक्षेत्र जनपदों की गोष्ठी में प्रतिभाग किया। समन्वय बैठक में अलग अलग राज्यों की सीमाओं से जुड़े एक-दूसरे जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने व सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस महानिदेशक आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने की। एडीजी आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि युवा पीढ़ी साइबर अपराध में कदम रख रही है। इसके अपराध को रोकना होगा।

# केएमयू में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

- साधना, संस्कार, सेल्फ स्टडी ही स्टूडेंट लाइफ की तपस्या : किशन चौधरी कुलाधिपति
- उठो जागो, लक्ष्य से पहुंचने से पहले मत रूको का किया था विवेकानंद ने आह्वान : शिव कुमार
- आज भी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत : कुलपति

**मथुरा।** कृष्णा मोहन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती मनाई गई। यहां विवि के कुलाधिपति सहित अन्य वक्ताओं ने करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत रहे स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विवि के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमें निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हैं। भारतीय संस्कृति को अक्षुण बनाने में स्वामी विवेकानंद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। युवाओं से 'उठो जागो, लक्ष्य से पहुंचने से पहले मत रुको' का आह्वान किया था आज आप सभी बच्चे पढ़ाई करोगे और एकाग्रता से अपने लक्ष्य पाने के लिए साधना, संस्कार, सेल्फ स्टडी ही स्टूडेंट्स लाइफ की सही अर्थो में तपस्या है। केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के 161वां जन्मदिन के अवसर पर विश्वविद्यालय के परिसर विवेकानंदजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ठाकुर सत्येन्द्र सिंह, बाइस चालंसर डा. डीडी गुप्ता, रजिस्टार पूरन सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जनपद शरीरिक विभाग के प्रमुख शिव कुमार, एएमएस डा. आरपी गुप्ता सहित, परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंस के डीन डॉ धर्मराज तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इसके पश्चात विवि के लैक्चर थियेटर में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सहित कुलपति डा. डीडी गुप्ता अन्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अमरीका के शिकागो में हुए एक आयोजन में प्रभावशाली भाषण देते हुए भारतवर्ष को विश्व गुरु के रूप स्थापित करते हुए भारत की क्षमता का लोहा मनवाया था।

# सेलिब्रिटीज जैसे वाइब्रेंट स्किन पाने के लिए अपनाएं ये टिप्स, शीशे जैसी मिलेगी स्किन

कई लोगों का मानना होता है कि खूबसूरत दिखने के लिए ढेर सारे पैसे खर्च करने होते हैं। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं होता है। अगर आप भी सेलिब्रिटीज जैसी ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं। आप भी इन टिप्स को अपनाकर हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं।



अपने फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस की खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन आपको भी काफी अच्छी लगती होगी। तो वहीं कुछ सेलिब्रिटीज बिना मेकअप के भी काफी अच्छे नजर आते हैं। ऐसे में आपके मन में यह सवाल जरूर आता होगा कि उनकी स्किन इतनी ग्लोइंग कैसे नजर आती है। ज्यादातर लोगों का मानना होता है कि खूबसूरत दिखने के लिए ढेर सारे पैसे खर्च करने होते हैं। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं होता है। महंगे ट्रीटमेंट या खास उत्पाद नैचुरल ब्यूटी के लिए जरूरी नहीं होती है। बल्कि कुछ ऐसी आदतें होती हैं, जिनकी मदद से आप भी सेलिब्रिटी जैसी स्किन पा सकते हैं।

ऐसे में अगर आप भी सेलिब्रिटी जैसी ग्लोइंग और खूबसूरत स्किन पाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप भी सलिब्रिटीज जैसी स्किन पा सकते हैं।

### *कैसी है स्किन*

सिलेब्रिटीज जैसी स्किन पाने के लिए आपको सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि आपकी त्वचा कैसी है। वहीं एक्टर या एक्ट्रेस को भी ड्राई स्किन, मुंहासे और सनबर्न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं लाइट, मेकअप और केमिकल्स के संपर्क में स्किन ज्यादा आती है। इसलिए उनको स्किन संबंधी कई तरह की समस्याएं अधिक होती हैं। मेकअप से बचने के लिए एक्टर और एक्ट्रेस को अपनी स्किन का खास ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में आप भी इन टिप्स को अपनाकर हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं।

### *खूब पानी पिएं*

आपने भी अधिकतर सिलेब्रिटीज को पानी की बोतल के साथ देखा होगा। क्योंकि स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए पानी का पर्याप्त मात्रा में सेवन करना बेहद जरूरी होता है। पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है। साथ ही पानी के सेवन से बॉडी से विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं। जिससे स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

### *डाइट में करें सुधार*

आपको बता दें कि एक्टर व एक्ट्रेस की फिट और ग्लोइंग बॉडी का राज उनकी डाइट में छिपा होता है। क्योंकि डाइट का सीधा असर हमारी स्किन पर पड़ता है। ऐसे में अगर आप ज्यादा तला-भुना या मिर्च मसाले वाला खाना खाते हैं, तो आपको पिगमेंटेशन या फिर पिंपल की समस्या हो सकती है। इसलिए अपनी डाइट में आपको प्रोटीन, फाइबर रिच फूड्स और हरी सब्जियों को शामिल करें।

### *नींद है जरूरी*

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है। बिजी लाइफस्टाइल के बाद भी आपको पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। क्योंकि नींद पूरी न होने पर हार्मोन्स असंतुलित हो जाते हैं, जो न सिर्फ शरीर बल्कि स्किन के लिए भी सही नहीं होता है। अच्छी नींद न लेने से आंखों में सूजन, काले घेरे और डल स्किन की समस्या होने लगती है।

### *स्किन को रखें साफ*

अगर आप भी सिलेब्रिटीज जैसी स्किन पाना चाहते हैं तो अपनी स्किन को साफ रखें। इसके लिए सप्ताह में 2 बार स्किन को स्क्रब जरूर करें। वहीं स्किन पर ज्यादा देर के लिए मेकअप न लगा रहने दें। अपनी स्किन को साफ करने के लिए सुबह-शाम फेसवॉश का इस्तेमाल करें। वहीं रात में सोने से पहले चेहरे पर क्रीम या लोशन जरूर लगाएं।

### *एक्सरसाइज भी है जरूरी*

आपने देखा होगा कि सिलेब्रिटीज रोजाना एक्सरसाइज करते हैं। यह उनकी खूबसूरती का सबसे बड़ा राज होता है। स्किन में कसाव बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज और योगा को अपनी डेली रूटीन में शामिल करना चाहिए। आप मत्स्यासन, हलासन, धनुरासन, अधोमुख श्वानासन, पश्चि मोत्तानासन आदि? आसन का अभ्यास कर सकते हैं। इसके अलावा आप रोजाना 40 मिनट जरूर पैदल चलें।

# सर्दियों में रूखे हो जाते हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ख्याल, फॉलो करें ये टिप्स



आपने देखा होगा कि सर्दियों में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इस कारण नाखूनों का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। आज हम आपको नाखूनों की देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो कर अपने नेल्स का ध्यान रख सकती हैं।

सर्दियों का मौसम लगभग हर किसी को पसंद है। क्योंकि घूमने-फिरने से लेकर खाने-पीने तक के लिए सर्दियों का मौसम परफेक्ट होता है। लेकिन इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। ऐसा न करने पर इची स्कैल्प, त्वचा का रूखापन, बाल झड़ना आदि की समस्या होने लगती है। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

लेकिन बालों और त्वचा का ख्याल रखते-रखते हम शरीर के दूसरे जरूरी अंगों के बारे में भूल जाते हैं। वह हमारे नाखून हैं। आपने देखा होगा कि सर्दियों में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इस कारण नाखूनों का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। क्योंकि अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान नहीं रखते हैं। तो यह टूटने लगते हैं। ऐसे में आज हम आपको नाखूनों की देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इन टिप्स को फॉलो कर आप अपने नेल्स का ध्यान रख सकती हैं।

### *मॉइस्चराइज करना है जरूरी*

सर्दियों के मौसम में नाखून ड्राई हो जाते हैं। ऐसे में नाखूनों की नमी को बरकरार रखने के लिए आप बादाम या फिर नारियल के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।

### *बेस कोट लगाएं*

अपने नाखूनों पर आपको हमेशा बेस कोट लगाकर रखना चाहिए। ऐसा करने से आपके नेल्स धूल और गंदगी से बचे रहेंगे। साथ ही आपके नाखून भी इससे मजबूत होंगे।

### *क्यूटिकल क्रीम*

कई बार नाखून साफ करने के दौरान क्यूटिकल्स को काट देते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। बता दें कि क्यूटिकल्स को काटने की जगह उस पर लोशन या फिर क्यूटिकल क्रीम अप्लाई कर उनका ख्याल रखना चाहिए।

### *नेल मास्क*

अगर आप अच्छे तरीके से नाखूनों का ध्यान रखना चाहते हैं, तो आप नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगाएं। यह नाखूनों के लिए काफी अच्छा नेल मास्क है।

### *पानी को करें इग्नोर*

सर्दियों में मौसम में पानी का काम कम से कम करना चाहिए। क्योंकि नाखूनों के ज्यादा भीगने से इनमें ड्राईनेस आने लगती है। इससे आपके नाखून कमजोर हो सकते हैं।

### *नाखूनों को लेने दें सांस*

अगर आप सर्दियों के मौसम में हमेशा नेल पेंट लगाकर रखती हैं, तो बता दें कि इससे आपके नाखूनों को सांस लेने में समस्या होगी। इसलिए कई बार अपने नाखूनों को बिना नेल पेंट्स के भी रहने देना चाहिए।

# फेस्टिव सीजन में इन टिप्स को फॉलो कर करें मेकअप, चांद सा चमक उठेगा चेहरा

आपको बता दें कि अलग-अलग तरह की स्किन और कॉम्प्लेक्शन के लिए अलग-अलग मेकअप किया जाता है। ऐसे में अगर आपको भी सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद है। तो आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लुक को निखार सकती हैं।

आमतौर पर लड़कियों व महिलाओं को मेकअप करना काफी ज्यादा पसंद होता है। त्योहारों या फिर किसी फंक्शन-पार्टी के लिए महिलाएं सजना-संवरना पसंद करती हैं। मेकअप के लिए वैसे तो महिलाएं कई प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं और ड्रेस के हिसाब से मेकअप करती हैं। लेकिन कई बार तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी कुछ ऐसी गलतियां हो जाती है। जिसकी वजह से फेस पर मेकअप सही नहीं लगता है। ऐसे में मेकअप का चुनाव करते समय अपनी ड्रेस और स्किन का भी खास ख्याल रखना चाहिए।

क्योंकि आपको बता दें कि अलग-अलग तरह की स्किन और कॉम्प्लेक्शन के लिए अलग-अलग मेकअप किया जाता है। ऐसे में अगर आपको भी सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेकअप करने के दौरान ध्यान रखने वाले कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपने लुक को निखार सकती हैं।

### *फेयर स्किन*

जिन लड़कियों व महिलाओं की स्किन फेयर होती है। उनको वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन लेना चाहिए। वहीं अगर कॉम्प्लेक्शन यलोइश है, तो आपके लिए वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन बेस्ट होगा। वहीं फेयर स्किन के लिए ब्लैक आइब्रो पेंसिल की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं अगर आपको ब्लैक आईलाइनर लगाना पसंद है, तो आपको ब्लैक आईलाइनर के साथ लाइट ब्राउन रंग का आईशैडो यूज करना चाहिए। वहीं फेयर स्किन वाली लड़कियों को अपने गालों पर रेज या पिंक ब्लश लगाना चाहिए। वहीं लाइट मेकअप करने के साथ न्यूड या पिंक लिप्सटिक आप पर ज्यादा जचेगी।

### *डस्की स्किन*

वहीं डस्की स्किन वाली लड़कियों को अपने लिए वॉर्म टोन का फाउंडेशन चुनना चाहिए। साथ ही आप केरमल शेड का कंसीलर इस्तेमाल कर सकती है। अगर डार्क सर्कल हैं, तो इसके लिए कंसीलर का अच्छे से इस्तेमाल करें। वहीं फाउंडेशन को ब्लेंड करने के लिए ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपकी स्किन में फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाएगा। इसके साथ आई मेकअप के लिए ब्राइट कलर का आईशैडो लें। इससे आपकी आंखें अच्छे से हाइलाइट होंगी। इस स्किन कलर वाली लड़कियों पर कॉफी ब्राउन, मॉव कलर और डार्क रेड लिपस्टिक काफी ज्यादा अच्छी लगती है।

### *सांवली स्किन*

इस स्किन टोन वाली लड़कियों व महिलाओं को ब्राउनिश शेड वाले फाउंडेशन को चुनना चाहिए।



हांलाकि फाउंडेशन लेने के दौरान इसको अपनी कलाई पर लगाकर चेक करना चाहिए। इससे आपको आसानी से पता चल जाएगा कि यह आपकी स्किन पर मैच हो रहा है या नहीं। सांवली स्किन पर ब्राउन रंग का ब्लश ज्यादा अच्छा लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आई मेकअप के लिए हल्के रंग चुनें। आप आई मेकअप के लिए सिल्वर या कॉपर रंग का आईशैडो ले सकती है। स्मोकी आई लुक पाने के लिए ब्लैक आइलाइनर को स्मज करके लगाना चाहिए। फिर हल्के ब्राउन कलर के आईशैडो लगाएं। इस स्किन टोन पर न्यूड शेड्स काफी जचते हैं।

# कीवी से बनाएं एंटी-एजिंग फेस पैक और पाएं यंगर स्किन



ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के अलावा आपको कुछ होम रेमिडीज को भी जरूर अपनाना चाहिए। इन्हीं में से एक है कीवी फेस पैक। विटामिन सी रिच कीवी से बनने वाले फेस पैक ना केवल आपकी स्किन को ग्लोइंग व इवन टोन बनाते हैं, बल्कि इससे आपकी स्किन अधिक यूथफुल भी नजर आती है।

हम सभी चाहते हैं कि हमारी स्किन लंबे समय तक यूं ही जवां-जवां नजर आए। हालांकि, इसके लिए स्किन की सही तरह से देखभाल करना बेहद जरूरी है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के अलावा आपको कुछ होम रेमिडीज को भी जरूर अपनाना चाहिए। इन्हीं में से एक है कीवी फेस पैक। विटामिन सी रिच कीवी से बनने वाले फेस पैक ना केवल आपकी स्किन को ग्लोइंग व इवन टोन बनाते हैं, बल्कि इससे आपकी स्किन अधिक यूथफुल भी नजर आती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कीवी की मदद से बनने वाले कुछ एंटी-एजिंग फेस पैक के बारे में बता रहे हैं।

कीवी को दही के साथ मिक्स करके एंटी-एजिंग फेस पैक बनाया जा सकता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- एक पका हुआ कीवी
- दो चम्मच दही

### *इस्तेमाल का तरीका*

- सबसे पहले एक पकी हुई कीवी को मैश करें।
- अब इसमें दो बड़े चम्मच सादा दही मिलाएं।
- अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- करीबन 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें।

### *कीवी और केले फेस पैक*

कीवी और केले का फेस पैक आपकी स्किन को टाइटन करने में मदद करता है। केला विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है जो स्किन को पोषित करता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- आधा पका हुआ केला
- एक कीवी

इस्तेमाल करने का तरीका

- केले और कीवी को एक साथ मैश कर लें।
- अब अपनी स्किन को क्लीन करके इस पेस्ट को अपने चेहरे व गर्दन पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी से धो लें।

### *कीवी और एवोकाडो फेस पैक*

कीवी के साथ एवोकाडो को मिक्स करके भी फेस पैक बनाया जा सकता है। एवोकाडो हेल्दी फैट और विटामिन से भरपूर होता है, जो आपकी स्किन को पोषित और हाइड्रेट कर सकता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- एक पकी कीवी
- आधा एवोकाडो

इस्तेमाल का तरीका

- कीवी और एवोकैडो को एक साथ मैश कर लें।
- इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- इसे धोने से पहले 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें।

# विंटर में ड्राई स्कैल्प की समस्या को दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

विंटर स्कैल्प ड्राईनेस को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने बालों को हॉट ऑयल मसाज दें। दरअसल, जब आप बालों व स्कैल्प में ऑयलिंग करते हैं तो इससे उन्हें नरिशमेंट मिलता है। साथ ही साथ, रूखापन भी काफी हद तक कम होता है।

सर्दी के दिनों में ठंडी हवाएं ना केवल स्किन बल्कि स्कैल्प की नमी भी छीन लेती हैं। जिसके कारण स्कैल्प का रूखापन इस मौसम में काफी बढ़ जाता है। अमूमन इस मौसम में स्कैल्प ड्राईनेस के कारण खुजली, ड्रैंडफ आदि की समस्या बढ़ने लगती है। हम सभी अपने बालों की बेहतर केयर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कुछ बेसिक बातों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप ड्राई स्कैल्प की समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं।

### *लगाएं मास्क*

विंटर में ड्राई स्कैल्प की समस्या से निजात पाने के लिए उसकी नमी को बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप सप्ताह में एक बार डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क जरूर लगाएं। इसके अलावा, आप ऐसे हेयर प्रोडक्ट्स को चुनें, जो आपकी स्कैल्प को नेचुरली मॉइश्चराइज करने में मदद करते हों।

### *ऑयलिंग है जरूरी*

विंटर स्कैल्प ड्राईनेस को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने बालों को हॉट ऑयल मसाज दें। दरअसल, जब आप बालों व स्कैल्प में ऑयलिंग करते हैं तो इससे उन्हें नरिशमेंट मिलता है। साथ ही साथ, रूखापन भी काफी हद तक कम होता है। आप हेयर वॉश करने से पहले हॉट ऑयल मसाज कर सकते हैं।

### *एलोवेरा का करें इस्तेमाल*

अगर आपको विंटर में स्कैल्प ड्राईनेस के कारण परेशान होना पड़ रहा है तो ऐसे में एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। यह आपकी स्कैल्प को नेचुरली मॉइश्चराइज करने में मदद करेगा। आप शैम्पू करने से पहले इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं। यह आपके स्कैल्प को हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा, ड्राई स्कैल्प से छुटकारा पाने में मदद करेगा।

### *सेब के सिरके से करें रिंस*

आप एक हिस्सा एप्पल साइडर विनेगर और दो भाग पानी को एक साथ मिलाएं। अब शैम्पू करने के बाद इससे अपने बालों को रिंस करें। यह ना केवल स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्कैल्प ड्राईनेस भी काफी हद तक कम होगी।




# एक्ने को दूर करेगा एलोवेरा, बस ऐसे करें इस्तेमाल

एलोवेरा को जब शहद और दालचीनी के साथ मिक्स किया जाता है तो इससे स्किन को एक्ने फ्री बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच शहद में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा मिलाएं। अब आप इसमें 1/4 बड़ा चम्मच पिसी हुई दालचीनी मिलाएं।

एक्ने एक ऐसी प्रॉब्लम है, जिसे हम सभी ने कभी ना कभी फेस किया ही है। जब भी ब्रेकआउट्स व एक्ने होते हैं तो ऐसे चेहरे की खूबसूरती कहीं छिप जाती है। इतना ही नहीं, हम उस एक्ने को जल्द से जल्द दूर करने के लिए तरह-तरह की क्रीम्स व उपायों का सहारा लेते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से एक्ने की प्रॉब्लम को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में एलोवेरा का इस्तेमाल किया जा सकता है।

एलोवेरा ना केवल स्किन के अतिरिक्त ऑयल को दूर करता है, बल्कि इसके एंटी-बैक्टीरियल और एंटी- इन्फ्लेमेटरी गुण भी एक्ने को दूर करने में मददगार होते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप एलोवेरा से एक्ने को दूर कर सकते हैं-



### *एलोवेरा और टी ट्री ऑयल का करें इस्तेमाल*

अगर आप एक्ने की समस्या है तो ऐसे में आप एलोवेरा के साथ टी ट्री ऑयल को मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप फ्रेश एलोवेरा जेल लें। उसमें पानी और टी ट्री एसेंशियल ऑयल की लगभग 2-3 बूंदें मिलाएं। इसे सामान्य क्लींजर या फेस वॉश की तरह इस्तेमाल करें। सुनिश्चित करें कि आप इसे अपने चेहरे से अच्छी तरह साफ करें।

### *एलोवेरा, शहद और दालचीनी का करें इस्तेमाल*

एलोवेरा को जब शहद और दालचीनी के साथ मिक्स किया जाता है तो इससे स्किन को एक्ने फ्री बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच शहद में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा मिलाएं। अब आप इसमें 1/4 बड़ा चम्मच पिसी हुई दालचीनी मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन 5 से 10 मिनट बाद अपनी स्किन को क्लीन कर लें।

### *एलोवेरा आइस क्यूब का करें इस्तेमाल*

इसके लिए आप सबसे पहले एलोवेरा जेल को आइस क्यूब ट्रे में जमाएं। जब यह बर्फ के टुकड़ों में बदल जाए तो आप उन्हें अपने एक्ने एरिया पर रब करें। ठंड सूजन और रेडनेस को कम करने में मदद करती है जबकि एलोवेरा स्किन को सूदिंग इफेक्ट देता है।

### *एलोवेरा और खीरा करें इस्तेमाल*

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप एलोवेरा और खीरे को मिक्स करके भी एक्ने एरिया पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप खीरा को कद्दूकस कर लें। इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब आप इसे अपनी स्किन पर लगाएं और 15-20 मिनट तक लगाएं। अंत में, ठंडे पानी से धो लें।

# अनचाहे बालों को हटाने के लिए ले सकती हैं लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट, जानिए इसके फायदे-नुकसान



शादी से पहले हम शरीर के अनचाहे बालों से छुटाकरा पाने लिए कई तरीके अपनाते हैं। ऐसे में शादी से पहले आप लेजर हेयर रिमूवल का सहारा ले सकती हैं। शरीर के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने का यह परमानेंट तरीका होता है।

हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन लाइफ का सबसे बड़ा दिन होता है। ऐसे में लड़कियां महीनों पहले से शादी की तैयारियां शुरू कर देती हैं। वहीं शादी से पहले हम शरीर के अनचाहे बालों से छुटाकरा पाने लिए कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि लेजर हेयर रिमूवल को हम पर्मानेन्ट हेयर रिमूवल सल्यूशन के तौर पर जानते हैं। शरीर के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने का यह परमानेंट तरीका होता है। हांलाकि यह आपको लांग टर्म नतीजे दे सकता है, लेकिन लाइफ लांग नतीजे नहीं दे सकता है।

बता दें कि चेहरे और शरीर के अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर हेयर रिमूवल तकनीक काफी ज्यादा उपयोगी मानी जाती है। यह एक कॉस्मेटिक प्रोसेस होता है, जो काफी सरल और प्रभावी माना जाता है। इस प्रक्रिया में अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर किरणों का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रोसेस के दौरान लेजर किरण निकलकर बालों के पिग्मेंट द्वारा अवशोषित कर ली जाती है। इस दौरान हमारी त्वचा के भीतर मौजूद हेयर फॉलिकल्स को नष्ट करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

जबी बालों के फॉलिकल्स को लेजर हेयर रिमूवल से नुकसान हो जाता है। क्योंकि यह लंबे समय तक नए बाल उगने नहीं देता है। हांलाकि शुरूआत में बालों को हटाने के लिए आपको एक से ज्यादा बार इसका उपयोग करना पड़ता है। तो आइए जानते हैं लेजर हेयर रिमूवल के फायदे और नुकसान के बारे में...

### *लेजर हेयर रिमूवल के फायदे*

लेजर प्रोसेस से बालों को हटाने की प्रक्रिया काफी सरल व आसान होती है। इस दौरान आपको मेहनत नहीं करनी पड़ती है।

लेजर हेयर रिमूवल प्रोसेस सरल और दर्दरहित है। इस प्रोसेस के दौरान आपको कम दर्द का अनुभव होता है।

इसके अलावा गोरी स्किन वालों के लिए यह लेजर हेयर रिमूवल बहुत उपयोगी होता है।

इस प्रोसेस में अन्य प्रोसेस से कम समय लगता है।

लेजर हेयर रिमूवल प्रोसेस के दौरान आसपास की स्किन को भी कम नुकसान होता है।

करीब 3 से 5 बार में लेजर हेयर रिमूवल आपकी बॉडी पर मौजूद अनचाहे बालों को हटा देता है।

### *लेजर हेयर रिमूवल के नुकसान*

लेजर हेयर रिमूवल की प्रक्रिया आपकी त्वचा पर लालिमा या फिर जलन की समस्या हो सकती है। हांलाकि यह समस्या सिर्फ कुछ दिन के लिए होती है और यह खुद ठीक हो जाती है। क्योंकि हर व्यक्ति का स्किन टाइप अलग होता है। ऐसे में इसका रिएक्शन हर व्यक्ति पर अलग हो सकता है।

इस प्रक्रिया में कुछ लोगों को प्रभावित क्षेत्र में स्किन की पपड़ी की समस्या भी हो सकती है। यह एक छोटी समस्या है, लेकिन कुछ लोगों को इस कारण काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार क्रस्टिंग होने पर खुजली आदि का निशान भी पड़ जाता है।

कई बार लेजर हेयर रिमूवल के कारण स्किन के रंग में बदलाव हो सकता है। लेजर किरणों के प्रभाव की वजह से स्किन के आसपास आपको यह समस्या हो सकती है।

# गणतंत्र दिवस परेड में बढ़ेगी महिला शक्ति की भागीदारी

**नई दिल्ली।** इस बार गणतंत्र दिवस की परेड का कुछ और ही नजारा होने वाला है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल राष्ट्रीय राजधानी में 26 जनवरी को होने वाली परेड के दौरान सिर्फ महिलाओं की मार्चिंग, बैंड और मोटरसाइकिल टुकड़ियों का प्रदर्शन होगा। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जैसे सीएपीएफ की महिला कर्मियों वाली संयुक्त डेयर डेविल बाइकर्स टीम परेड में पहली बार यह कारनामा करने जा रही है। उन्होंने कहा कि 350 सीसी रायल एनफील्ड बुलेट पर सवार ये महिला कर्मी आकाश में विभिन्न भारतीय वायु सेना के विमानों के केंद्रीय मंच पर पहुंचने से पहले परेड मार्ग से गुजरेंगी। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), एसएसबी और बीएसएफ की महिलाएं मार्चिंग और बैंड टीमें वार्षिक परेड में सीएपीएफ टुकड़ियों का हिस्सा होंगी जो रायसीना हिल्स में सत्ता के गढ़ पर चढ़ाई करेंगी।

**समृद्धि**

> इंडिया गेट के माध्यम से 17वीं शताब्दी का लाल किला, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है।



इंडिया गेट के माध्यम से 17वीं शताब्दी का लाल किला, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की मार्चिंग टुकड़ियों में प्रत्येक में 144 कर्मी होंगे जबकि बैंड टीमों में 72 सदस्य होंगे। दिल्ली पुलिस में भी गणतंत्र दिवस परेड के दौरान मार्चिंग और बैंड टुकड़ियों में इस बार सिर्फ महिलाएं होंगी। सीएपीएफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करते हैं। सीमा सुरक्षा और वीआइपी सुरक्षा कार्यों के अलावा विभिन्न आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों को पूरा करने के लिए इनकी तैनाती की जाती है।

# मालदीव ने अपने ही पैर पर मार ली कुल्हाड़ी

**नई दल्ली।** पीएम मोदी पर मालदीव के मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई है। एक ओर जहां भारत ने टिप्पणियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया, वहीं दूसरे देशों ने भी भारत



का साथ दिया। इस बीच भारत के लोग और कई बड़ी हस्तियां भी मालदीव पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। लोगों ने मालदीव घूमने की जगह लक्षद्वीप जाने की बात कही है। इसी के साथ बॉयकॉट मालदीव भी काफी ट्रेंड करने लगा और कई विदेशी टूर बुकिंग एजेंसियों ने मालदीव पैकेज को बंद करने का भी एलान किया। भारत के साथ विवाद के बाद मालदीव को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। आखिर ऐसा क्यों है, आइए जानते हैं...भारत से विवाद गहराने के बाद मालदीव के पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। भारत से ही सैकड़ों लोगों ने अपनी यात्रा निरस्त की है। इसके साथ ही मेक माय ट्रिप और इज माय ट्रिप ने मालदीव के लिए अपनी बुकिंग कैंसिल कर दी। मालदीव के लिए भारत दूसरा सबसे बड़ा पर्यटन बाजार है। भारतीय सैलानी बड़ी संख्या में मालदीव की यात्रा पर जाते हैं। हाल के वर्षों में मालदीव में पर्यटकों की संख्या भारत का लगातार महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिससे यह शीर्ष पसंदीदा अवकाश स्थलों में से एक बन गया है।

## छह साल तक कोमा में रहने के बाद इलाज के दौरान मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से एक परेशान करने वाला मामला सामने आ रहा है। दरअसल, अस्पताल में इलाज के दौरान एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा होने के कारण छह साल तक कोमा में रहे बच्चे का निधन हो गया। लड़के की 3 जनवरी को मृत्यु हुई और अब उसके माता-पिता ने बनशंकरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित विग्नेश को 4 अप्रैल, 2017 को हर्निया के इलाज के लिए सुब्रह्मण्यनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा दी थी, जिसके बाद लड़का कोमा में चला गया। माता-पिता ने आरोप लगाया था कि उन्हें पता चला कि सर्जरी के दौरान उनके बेटे को तीन बार एनेस्थीसिया दिया गया था। इस संबंध में माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

# केंद्र ने 401 डायल करने के खिलाफ जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी के इरादे आने वाले फोन काल के मामले में केंद्र सरकार ने मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को चेतावनी दी है। दूरसंचार विभाग के अनुसार, मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को 401 डायल नहीं करने को कहा है। अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आने पर इस नंबर को डायल करना खतरनाक हो सकता है।

दूरसंचार मंत्रालय के अनुसार, अनजान नंबर से धोखाधड़ी के इरादे से फोन कर 401 डायल करने को कहा जा सकता है, लेकिन लोगों को इससे सतर्क रहना जरूरी है। दूरसंचार विभाग ने गुरुवार को कहा कि यदि कोई मोबाइल यूजर किसी अज्ञात नंबर से फोन आने के बाद 401डायल करता है, तो काल फारवर्ड सर्विस चालू हो जाएगी।

दूरसंचार विभाग के अनुसार 401 के बाद कोई अनजान नंबर डायल करने से मोबाइल पर आने वाले फोन काल अज्ञात मोबाइल नंबर पर बिना शर्त फारवर्ड कर दिए जाएंगे। इससे संवेदनशील जानकारी चुराई जा सकती है।

दूरसंचार विभाग की तरफ से लोगों को सलाह दी गई है कि धोखाधड़ी के इरादे से आई काल रिसीव करने से बचें। किसी भी अनजान नंबर से सावधान रहें, खास तौर पर जिसमें उन्हें *401* डायल करने को कहा जाए। दूरसंचार विभाग के मुताबिक फोन पर फ्राड करने की ताक में लगे लोग, मोबाइल पर बिना शर्त काल फारवर्डिंग को सक्रिय कराने की ताक में हैं। इससे धोखाधड़ी की साजिश बनाने में लगे लोगों को तमाम इनकमिंग काल रिसीव करने, ओटीपी जैसी संवेदनशील सूचना हासिल करने में आसानी होगी।

डायल 401 का इस्तेमाल बड़ी धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। धोखाधड़ी को अंजाम देने के तरीके के बारे में दूरसंचार विभाग ने कहा कि एक जालसाज किसी ग्राहक को काल करेगा। धोखाधड़ी में संलिप्त लोग खुद को टेलीकाम कंपनी का ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बताते हुए उसकी तकनीकी सहायता का नाटक करेगा।

ग्राहक को भ्रमित करने के लिए कहा जाएगा कि उनके सिम कार्ड में कोई समस्या है या नेटवर्क या सेवा की गुणवत्ता से संबंधित कुछ समस्या है। ग्राहक को समस्या से निजात पाने के लिए विशिष्ट कोड- 401 डायल करने को कहा जाएगा।

## कर्नाटक में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में एक अंतरधार्मिक प्रेमी जोड़े को जबरन उठाने का मामला सामने आया था। बता दें कि आरोपियों ने जोड़े का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया



था। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई की थी और विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दो आरोपितों को दबोच लिया था। वहीं, अब मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर हावेरी के एसपी अंशु कुमार ने कहा कि पीड़िता को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने अपने बयान में सात लोगों पर आरोप लगाया है। इनमें से तीन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक अस्पताल में है, अन्य तीन फरार हैं। हम बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार करेंगे।

नैतिकता के ठेकेदार छह युवकों ने जबरन एक होटल में घुसकर वहां कमरे में मौजूद अंतरधार्मिक प्रेमी जोड़े को पहले पीटा और फिर जबरन उठा ले गए। उसके बाद वे जोड़े को एक सुनसान स्थान पर ले गए और वहां उनसे अभद्र व्यवहार किया, उनकी फिर जमकर पिटाई की, महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही वीडियो भी बनाया।

हैवानियत का खेल यहीं नहीं रुका, बल्कि आरोपितों ने महिला का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर भी प्रसारित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना आठ जनवरी की है। हावेरी जिले के हनागल में अल्पसंख्यक समुदाय की 26 वर्षीय एक विवाहित महिला दूसरे धर्म के एक 40 वर्षीय बस चालक के साथ अपराह्न एक बजे होटल के एक कमरे में पहुंची थी।

# नेता विपक्ष की सलाह के बिना हुई थी मेरी नियुक्ति


## प्रधानमंत्री ने सीधे मेरी नियुक्ति की थी: एसवाई कुरैशी

**कोझिकोड।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने गुरुवार

**निर्वाचन**

> राजीव कुमार ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से आगामी लोकसभा चुनाव बेदाग संपन्न कराने को कहा।

को कहा कि मुझे इस बात का अफसोस है कि 2010 में मेरी नियुक्ति नेता विपक्ष की सलाह के बिना हुई थी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नेता विपक्ष (एलओपी) सुषमा स्वराज से सलाह किए बिना मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप




में मुझे नियुक्त किया था, क्योंकि तब संविधान में ऐसा कोई प्रविधान नहीं था। केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के सातवें संस्करण के उद्घाटन दिवस पर बोलते हुए कुरैशी ने कहा कि अगर सीईसी के रूप में मेरी नियुक्ति तत्कालीन एलओपी से सलाह के बाद की गई होती तो मैं निश्चित रूप से मजबूत महसूस करता। क्योंकि यह दूसरी पार्टी द्वारा उन्हें स्वीकार किए जाने का प्रमाण होता। उन्होंने कहा कि मुझे उस प्रणाली के तहत नियुक्त किया गया था, जिसके तहत उस समय की सरकार किसी को भी नियुक्त कर सकती थी। क्योंकि संविधान या कानून में ऐसा कोई प्रविधान नहीं है कि किसे चुना जाए, उसकी योग्यता क्या होगी। अपनी किताब इंडियाज एक्सपेरिमेंट विद डेमोक्रेसी पर चर्चा के दौरान कुरैशी ने कहा कि जब मैं सीईसी था, तब भी मुझे इस बात का अफसोस रहता था कि विपक्ष के नेता से सलाह किए बिना सीधे पीएम ने मेरी नियुक्ति कर दी थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से आगामी लोकसभा चुनाव बेदाग संपन्न कराने को कहा। राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली में मुख्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव की राह कर्तव्य और संकल्प की यात्रा है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र सबसे अच्छा चुनावी अनुभव प्रदान करने के लिए की गई तैयारियों पर भरोसा जताया। दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आइटी के उपयोग, डाटा प्रबंधन और ईवीएम पर चर्चा के साथ-साथ हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों से अनुभव और सीख साझा करने के लिए किया जा रहा है।

## भारत-सऊदी अरब की नौसेना प्रमुखों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा, रक्षा मंत्रालय ने जारी किया बयान

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और रायल सऊदी नौसेना बलों के चीफ आफ स्टाफ एडमिरल फहद अब्दुल्ला एस अल-घोफैली ने गुरुवार को नौसेना में आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए सहयोगी तंत्र और उपायों पर चर्चा की।

रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। अल-घोफैली 10 जनवरी से भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसमें कहा गया कि उनकी यह यात्रा सऊदी अरब और भारत की नौसेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का प्रमाण है। बयान में कहा गया है कि एडमिरल अल-घोफैली ने एडमिरल कुमार से मुलाकात की।

इस दौरान सहयोगी तंत्र को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ। इससे पूर्व रायसीना हिल्स परिसर के साउथ ब्लॉक लान में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अल-घोफैली का स्वागत किया गया।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से रॉयल सऊदी नौसेना बल के साथ सहयोग करती है, इनमें द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास अल मोहद अलहिंदी, संयुक्त प्रशिक्षण और समुद्री परिचालन आदि शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के जहाज नियमित रूप से सऊदी अरब के विभिन्न बंदरगाहों पर पोर्ट काल कर रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दावा, यमन में अमेरिका और ब्रिटेन के हमलों के लिए दी गई कर्मिक सहायता

**सिडनी।** रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने शुक्रवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने यमन में हौथी सैन्य ठिकानों के खिलाफ अपने हमलों में अमेरिका और ब्रिटेन को कार्मिक सहायता




प्रदान की।

न्यूज एजेंसी ANI द्वारा शेयर किए गए एक ट्वीट में व्हाइट हाउस के हवाले से कहा गया है, आज, मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने यूनाइटेड किंगडम के साथ मिलकर और ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड के समर्थन से यमन में कई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमले किए, जिनका हौथी विद्रोहियों द्वारा दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक में नेविगेशन की स्वतंत्रता को खतरे में डालने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया।

इन हमलों ने अमेरिकी कर्मियों, नागरिक नाविकों और हमारे साझेदारों को खतरे में डाल दिया है, व्यापार को खतरे में डाल दिया है और नेविगेशन की स्वतंत्रता को खतरे में डाल दिया है। अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक शिपिंग पर 27 हमलों में 50 से अधिक देश प्रभावित हुए हैं।

व्हाइट हाउस का कहना है, समुद्री डकैती के मामलों में 20 से अधिक देशों के क्रू को धमकाया गया है या बंधक बना लिया गया है। 2,000 से अधिक जहाजों को लाल सागर से बचने के लिए हजारों मील की दूरी तय करने के लिए मजबूर किया गया है, जिससे उत्पाद शिपिंग समय में कई सप्ताह की देरी हो सकती है और 9 जनवरी को, हौथिस ने सीधे अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाते हुए अपना अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। व्हाइट हाउस का कहना है कि आज की रक्षात्मक कार्रवाई इस व्यापक राजनयिक अभियान और हौथी विद्रोहियों के वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ बढ़ते हमलों के बाद हुई है। ये टारगेटेड हमले एक स्पष्ट संदेश हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे साझेदार हमारे कर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे या शत्रुतापूर्ण तत्वों को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वाणिज्यिक मार्गों में से एक में नेविगेशन की स्वतंत्रता को खतरे में डालने की अनुमति नहीं देंगे। मैं आवश्यकतानुसार अपने लोगों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य के मुक्त प्रवाह के लिए और उपाय करने का निर्देश देने में संकोच नहीं करूंगा।

यूके सरकार के एक बयान में कहा गया है कि 11 जनवरी को, रॉयल एयर फोर्स के विमान गठबंधन सेना में शामिल होकर यमन में हौथी विद्रोही गुट द्वारा दक्षिणी लाल सागर में शिपिंग पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कई सुविधाओं पर हमला कर रहे थे।

# हौथिस ने दी अमेरिका और ब्रिट्रेन को चेतावनी

**सना (यमन)।** हौथी समूह के एक वरिष्ठ सदस्य अब्दुल सलाम जाहफ ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने लाल सागर में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूके (यूनाइटेड किंगडम) के युद्धपोतों पर पश्चिमी साझेदारों के हमले के जवाब में जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं।

इस बीच, हौथी उप विदेश मंत्री, हुसैन अल-एजी ने एक गंभीर चेतावनी जारी की, जिसे उन्होंने आक्रामकता का जबरदस्त कृत्य बताया और संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन दोनों के लिए गंभीर परिणाम की धमकी दी।

सीएनएन के अनुसार, हुसैन अल-एजी के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और जहाजों ने यमन पर बड़े पैमाने पर आक्रामक हमला किया।


सीएनएन ने अल-इजी के हवाले से कहा, हमारे देश पर अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों, पनडुब्बियों, युद्धक विमानों द्वारा बड़े पैमाने पर आक्रामक हमला किया गया था और अमेरिका-ब्रिटेन को निस्संदेह भारी कीमत चुकाने और इस आक्रामकता के सभी गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। इससे पहले आज, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा

**हमला**

> सीएनएन के अनुसार, हुसैन अल-एजी के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और जहाजों ने यमन पर बड़े पैमाने पर आक्रामक हमला किया।

कि लक्षित हमले एक स्पष्ट संदेश थे कि वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ हौथी विद्रोहियों द्वारा हमलों में वृद्धि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, आज, मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने यूनाइटेड किंगडम के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड के समर्थन से यमन में कई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमले किए। उन्होंने कहा कि हौथी विद्रोही दुनिया के



सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक में नेविगेशन की स्वतंत्रता को खतरे में डाल रहे हैं। अपने बयान में, जो बाइडन ने कहा कि ये हमले लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री जहाजों के खिलाफ हौथी हमलों की सीधी प्रतिक्रिया में थे, जिसमें इतिहास में पहली बार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों का उपयोग भी शामिल था। उन्होंने कहा कि इन हमलों ने अमेरिकी कर्मियों, नागरिक नाविकों और हमारे साझेदारों को खतरे में डाल दिया है।

## अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार लगे भूकंप के झटके

**काबुल।** अफगानिस्तान में आज फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से अफगानी धरती हिली है। जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 4.3 आंकी गई है।

भूकंप 17 किमी की गहराई पर आया था। बता दें कि बीते दिन भी अफगानिस्तान में भूकंप के झटके लगे थे और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 आंकी गई थी।

बीते दिन अफगानिस्तान में आए भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों में भी महसूस हुए थे। दिल्ली से जम्मू तक भूकंप से धरती हिली थी। राजधानी दिल्ली में 4.3 का भूकंप आंका गया था और कई जगहों पर लोग घबराकर अपने घरों से भी बाहर आ गए थे।

पाकिस्तान के भी कई राज्यों में भूकंप के झटके लगे थे। लाहौर, फैजाबाद और बलूचिस्तान में भूकंप के झटके महसूस हुए थे।

# हाउती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने शुरू किए जवाबी हमले

**बमबारी**

> दोनों देशों की सेनाओं ने हाउती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल की गईं दर्जनों जगहों पर बमबारी शुरू कर दी है।



**वाशिंगटन।** अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं ने ईरानी समर्थित हाउती विद्रोहियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों देशों की सेनाओं ने हाउती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल की गईं दर्जनों जगहों पर बमबारी शुरू कर दी है। सेनाएं टॉमहॉक मिसाइलों और लड़ाकू जेट विमानों का इस्तेमाल कर विद्रोहियों के लॉजिस्टिक हब, वायु रक्षा प्रणाली और हथियारों के जखीरे को निशाना बना रहे हैं। हाउती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं द्वारा की जा रही यह पहली कार्रवाई है। इजराइल की हमास के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई के विरोध में हाउती विद्रोहियों ने हाल में लाल सागर में मालवाहक जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया था। पिछले दिनों व्हाइट हाउस की ओर से हाउती विद्रोहियों को हमले बंद करने के लिए कहा गया था, साथ ही चेतावनी भी जारी की गई थी। वहीं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था।

हाउती विद्रोहियों के खिलाफ व्हाइट हाउस से जारी चेतावनी का कुछ दिनों तक प्रभाव देखने को तो मिला, लेकिन बीते मंगलवार विद्रोहियों ने लाल सागर में मालवाहक जहाजों को फिर निशाना बनाया। उन्होंने ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल कर अब तक के सबसे बड़े हमले किए।

## भारत-सऊदी अरब की नौसेना प्रमुखों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और रायल सऊदी नौसेना बलों के चीफ आफ स्टाफ एडमिरल फहद अब्दुल्ला एस अल-घोफैली ने गुरुवार को नौसेना में आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए सहयोगी तंत्र और उपायों पर चर्चा की।

रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। अल-घोफैली 10 जनवरी से भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसमें कहा गया कि उनकी यह यात्रा सऊदी अरब और भारत की नौसेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का प्रमाण है। बयान में कहा गया है कि एडमिरल अल-घोफैली ने एडमिरल कुमार से मुलाकात की।



इस दौरान सहयोगी तंत्र को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ। इससे पूर्व रायसीना हिल्स परिसर के साउथ ब्लॉक लान में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अल-घोफैली का स्वागत किया गया।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से रॉयल सऊदी नौसेना बल के साथ सहयोग करती है, इनमें द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास अल मोहद अलहिंदी, संयुक्त प्रशिक्षण और समुद्री परिचालन आदि शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के जहाज नियमित रूप से सऊदी अरब के विभिन्न बंदरगाहों पर पोर्ट काल कर रहे हैं।

# अमेरिकी विमानन प्रशासन ने बोइंग 737 मैक्स 9 के खिलाफ शुरू की जांच

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विमानन प्रशासन ने बोइंग 737 मैक्स 9 के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अलास्का एयरलाइंस की उड़ान के दौरान पिछले हफ्ते हवा में विमान की खिड़की निकल गई थी। जिसके चलते विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी थी। घटना की जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि यह घटना के कारण का पता लगाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, क्योंकि विमान के काकपिट के वायस रिकार्डर का डाटा ओवरराइट हो गया है। दुर्घटनाओं का कारण जानने के लिए वायस रिकार्डर के डाटा का उपयोग किया जाता है। विमान स्टार्ट करते ही काकपिट वायस रिकार्डिंग शुरू हो जाती है। दो घंटे की सीमा पूरी हो जाने पर, रिकार्डिंग आटोमेटिक रूप से फिर से शुरू हो जाती है। इसलिए इससे पहले ही आडियो का संरक्षित कर लिया जाना चाहिए था। अलास्का एयरलाइंस ने कहा है कि जांच के कारण वह इस पर टिप्पणी नहीं कर सकती कि काकपिट रिकार्डर से



आडियो समय पर क्यों संरक्षित नहीं किया गया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा, डाटा के ओवरराइट होने से जांच में परेशानी रही है। द फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने गुरुवार को कहा कि यह घटना कभी नहीं होनी चाहिए थी। बोइंग को उच्च सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए। इसके लिए वह कानूनी रूप से जवाबदेह है। एफएए ने बुधवार को लिखे पत्र में बोइंग को 10 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। बोइंग को इस घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कंपनी द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी बताना होगा। अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या बोइंग ने यह सुनिश्चित किया था कि जेट को उड़ाने वाले हिस्से का डिजाइन मानकों के अनुरूप हो।

# पीयू में देखा गया युवा दिवस पर पीएम, सीएम लाइव

- युवाओं की ताकत पर अर्थव्यवस्था में मजबूती आई: नरेन्द्र मोदी
- भारत से ही होकर जाता है विश्व कल्याण का रास्ता: सीएम योगी



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को युवा दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लाइव देखा गया। इस दौरान नासिक में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि युवाओं के ताकत पर ही भारत दुनिया कि पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आया है। आज का ये दिन भारत की युवाशक्ति का दिन है। ये दिन उस महापुरुष को समर्पित है जिसने गुलामी के कालखंड में भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। ये मेरा सौभाग्य है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मैं आप सब नौजवानों के बीच नासिक में हूं। स्वामी विवेकानंद जी भी कहते थे कि भारत की उम्मीदें भारत के युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता पर टिकी है। स्वामी विवेकानंद का ये मार्गदर्शन आज 2024 में भारत के युवा के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। लखनऊ में एकेटीयू में युवा दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को टैबलेट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को राह दिखाई है। किसी भी समस्या का हल उस पर विचार करके हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण का रास्ता भारत से ही निकलता है। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा आने वाला समय युवाओं का है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले यूपी के युवा अपनी पहचान छिपाते थे, अब यूपी के युवा बेहतर कानून व्यवस्था के चलते खुल कर अपना परिचय दे पाते हैं। इस बीच मिशन शक्ति और राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से भी कई कार्यक्रम किए गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पुस्तक 'व्यक्तित्व का विकास' कुलसचिव, वित्त अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक द्वारा वितरित की गई। इस मौके पर कुलसचिव महेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह, उप कुलसचिव बबिता सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. प्रमोद यादव, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अमित वत्स, डॉ. इंद्रेश कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

# युवा अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करे: प्रो. मानस पांडेय

- विद्यार्थियों को अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए: कुलसचिव
- युवा अपनी ऊर्जा को समाजहित में लगाए

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में युवा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय पुस्तकालय और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विषय प्रवर्तन मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. मानस पांडेय ने कहा कि स्वामी जी से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि युवा अपनी क्षमताओं का सही तरीके से उपयोग करे और समृद्धि और समर्थन के साथ समाज के लिए योगदान करें। परिचर्चा में कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी लाइन को मिटाकर छोटा करने से अच्छा है खुद उससे बड़ी लाईन बना देना। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमें युवा शक्ति की महत्वपूर्णता को समझाया है। उनका संदेश है कि हमें अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाना चाहिए और समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन करना चाहिए। परीक्षा नियंत्रक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि युवा शक्ति से ही नए भविष्य का निर्माण हो सकता है। युवा न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी कुछ कर सकता है। उनकी आदर्श जीवनशैली से हमें साहस, समर्पण, और सेवा की भावना मिलती है। इसके पूर्व विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया।
संचालन विद्युत मल और धन्यवाद ज्ञापन अवधेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद यादव, एनएसएस समन्वयक डा. राजबहादुर यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर. डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ धीरेंद्र चौधरी समेत विश्विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# डीएम ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** अनुज कुमार झां की अध्यक्षता में विकासखंड बक्शा के ग्राम पंचायत मसनपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। ग्राम पंचायत में कुल 26 लोगों को विधवा पेंशन, 137 को वृद्धा पेंशन, 05 को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया कि कोटेदार के द्वारा समय से शासन के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार राशन वितरण किया जाता है।
जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि जिन्होंने अभी तक शौचालय नहीं बनवाया है, आज चौपाल में आवेदन दे दें और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में बने शौचालयों का सत्यापन कर रिपोर्ट दे। गांव में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कुल 324 लाभार्थी हैं 9 ऐसे किसान है जिनकी ई-केवाईसी होनी बाकी है, जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के कर्मचारियों और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी करने में सहयोग करें। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के द्वारा दो गर्भवतियों की गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। जिलाधिकारी के द्वारा 05 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किया गया। 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बदलापुर अर्चना ओझा, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. से उत्पादन में वृद्धि

**प्रयागराज।** सी.एम.पी. कॉलेज प्रयागराज उत्तर प्रदेश में चल रहे तीन माह के शॉर्ट टर्म कोर्स (वी.वी.बी.एस.) के अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कॉर्डेट, इफको में किया गया। इस भ्रमण का आयोजन कोर्स की कॉर्डिनेटर एवं कोक्कॉर्डिनेटर क्रमशः डॉ. ज्योति वर्मा एवं डॉ. हेमलता पंत ने किया। कॉर्डेट में सभी का स्वागत एवं कॉर्डेट की पूरी जानकारी डॉ. हरीश कुमार प्राचार्य, कॉर्डेट इफको प्रयागराज ने किया। कॉर्डेट के डॉ. दीपक सोनी ने मृदा जांच प्रयोगशाला, डेयरी, मछली, तालाब, उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण जैव उर्वरक प्रयोगशाला का भ्रमण कराया।
इस कार्यक्रम में आर. पी. सिंह का पूरा सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में आदित्य, निधि गुप्ता, अनुराधा यादव और अर्पिता श्रीवास्तव सहित शॉर्ट टर्म कोर्स के 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# विहिप द्वारा आयोजित रामायण परीक्षा का हुआ पुरस्कार वितरण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा आयोजित रामायण परीक्षा जो कि 16 नवंबर 23 को जौनपुर के पांच केंद्रों पर हुई थी,जिसमें प्रत्येक केंद्र पर लगभग 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया,इस प्रकार 500 बच्चो ने इस रामायण परीक्षा में भाग लिया था।इन बच्चों के प्रोत्साहन स्वरूप शीर्ष से जादा अंक पाने वाले सौ बच्चो को आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गुलाबी देवी बालिका इंटर कालेज में पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञानप्रकाश सिंह द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी पक्ति उठो,जागो और तब तक चलो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय की व्याख्या की और बताया कि आज के दिन जगह - जगह लोग युवा महोत्सव माना रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विहिप के प्रांत मंत्री कृष्ण गोपाल जी ने बताया कि बच्चों में संस्कार का निर्माण करने के लिए ही इस तरह की परीक्षा का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद् हर वर्ष करता है, और पुरस्कार वितरण कर श्रीराम जी के जीवन चरित्र को आत्मसाद करने की प्रेरणा देता है ,22 जनवरी24 को उन्हीं श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होनी है आप सभी उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा ले। उक्त अवसर पर विहिप के विभाग अध्यक्ष उदयराज सिंह,सह मंत्री जन्मेजय तिवारी,अध्यक्ष विमल सिंह, मंत्री आशीष मिश्र,मीडिया प्रभारी, सुनील शर्मा, आर डी सिंह, सभासद लाल बहादुर पाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक ,शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे। संचालक विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## खाद्य प्रसंस्करण में स्वरोजगार की अपार संभावनायें

**प्रयागराज।** सी. एम. पी. कालेज के जन्तु विज्ञान विभाग एवम् इंस्टीट्यूशन इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान द्वारा , इफको, कॉर्डेट प्रयागराज ऊ.प्र में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (कॉर्डेट), इफको, प्रयागराज के प्राचार्य डा. हरीशचंद्र ने किया। कार्यक्रम में कॉर्डेट की श्रीमती सविता शुक्ला ने खाद्य प्रसंस्करण के लाभ को बताते हुए कहा कि कॉर्डेड में विभिन्न सब्जियां एवम् फलों के अचार, मुरब्बा कैंडी, बर्फी, लड्डू, जूस, बुकनो आदि बनाये जाते हैं। समय-समय कर भारत के विभिन्न राज्यों के महिला एवम् पुरुष प्रशिक्षार्थियों का खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाता है। कॉर्डेट की खाद्य प्रसंस्करण ईकाई में कई लोगों को रोजगार भी मिला है। प्रशिक्षण उपरान्त भी कई प्रशिक्षण प्राप्त लोगों ने भी स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वरोजगार भी अर्जित कर लिया है।

# ईंट से कूचकर जीजा की किया हत्या

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के बरजी गांव में गुरुवार की रात्रि एक ईट भट्ठे पर नशे की हालत में बहनोई ने बॉस एवं ईंट से कूचकर अपने जीजा की हत्या कर दिया। घटना की जानकारी सुबह होते ही हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई दोपहर बाद आरोपी को भी गिरफ्तार कर थाने लाया गया। उक्त गांव निवासी मनीष सिंह के ईंट भट्ठे पर नालंदा बिहार के थाना सिलाव खैरा गांव निवासी 40 वर्षीय उमेश माझी पुत्र चंद्रिका माझी भाई बीरेंद्र माझी व पत्नी बच्चों के साथ रहकर कार्य करता था। उसी के साथ उसका जीजा राजेश माझी पुत्र जोगिंदर माझी निवासी ग्राम मखदुमपुर थाना छबीलेपुर जनपद नालंदा भी साथ रहता था। बतातें है कि दोनों ने रात में समीप ही प्राथमिक विद्यालय में बने रसोईघर के पास जमकर शराब पीया। साले उमेश जब पूरी तरह नशे में हो गया तो दोनों में विवाद हो गया जीजा राजेश माझी ने पहले बॉस के डंडे से पिटाई किया समीप पड़ा ईंट उठाकर शिर पर वार कर कूच दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। सुबह घटना की जानकारी लोगों को हुई तो भारी भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने मृतक के भाई बीरेंद्र की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# युवा पीढ़ी में सद्गुणों का समावेश अत्यंत आवश्यक: प्रो. सीमा सिंह

- मुक्त विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद को किया याद



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि आज हमें स्वामी विवेकानंद के चिंतन को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उनके विचारों के प्रवाह ने संसार की दिशा को बदल दिया। उनकी स्मरण शक्ति अत्यंत प्रखर थी। वर्तमान युवा पीढ़ी में सद्गुणों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद के विचार भारतीयता और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत थे। उनके शिक्षा दर्शन का आधार भारतीय दर्शन और उपनिषद था। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि सामान्य तथा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य के मन में है। आज ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे चरित्र निर्माण हो। युवाओं के मस्तिष्क की शक्ति में वृद्धि हो तथा बुद्धि का विकास हो।
परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश को नई दिशा दी। उनके विचारों को लेकर हम आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचार राष्ट्र को प्रगति के पद पर ले जाते हैं। जीवन में विचारों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि एक विचार मन में संकल्प के सपने का आना चाहिए। वह विचार राष्ट्र के उन्नयन का होना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## याद किये गये कामरेड कतवारू राम गोड़ दी गई श्रद्धांजलि

**आजमगढ़।** चकला पहाड़पुर स्थित स्वर्गीय कतवारू राम गोड़ जी के आवास पर उनकी 15वी0 पूण्यतिथि मनायी गयी सर्दी और गलन एवं शीतलहरी के वावजूद काफी संख्या में महिलाएं एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों नेता कवी शायर एवं साहित्यकारों पत्रकारों ने भाग लिया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पहनाकर पुष्पांजली अर्पित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्नू यादव ने उन्हें याद करते हुए अपने सर्वप्रथम उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय कतवारू गोड़ जी हम सबके प्रेरणा स्रोत थे और अन्याय के खिलाफ अवाज उठाते थे कवि, सायर एवं साहित्यकार नामी चिरैयाकोटी ने उन्हें पुष्पांजली अर्पित करते हुए अपनी कविता के माध्यम से उन्हें याद किया। समाज सेवी एवं व्यापार मण्डल और स्वर्णकार्य समाज के जिलाध्यक्ष श्री पमाकरलाल वर्मा अपने उद्बोधन ने कहा कि कतवारू राम गोड़ जी का जीवन गरीबों एवं मजलूमों के लिए संघर्ष करते हुए बिता । इस अवसर पर कार्य क्रम में आयी हुई महिलाओं एवं बच्चों में दवाइयों एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सुहाल प्रसाद गोड़ ने किया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शशिकान्त उपाध्याय लेबर इस्पेट्र उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कैलाश गोड़ ने किया कार्यक्रम में सुनीता विश्वकर्मा, सुनीता गोड़ ,रजिया बानों ,, दीपक जयसवाल ,नामी चिरैयाकोटी ,मत्रराज यादव, पिन्टू गुप्ता, अब्दूलक्लाम अंसारी, शिवमोहन शिल्पकार, सूर्यमुखी गोड़, बीडी कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता की मशाल लेकर निकले नगर निगम के युवा स्वच्छताग्रही

- 225 युवा हुए शामिल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से नगर निगम प्रयागराज के 225 युवा स्वच्छताग्राहियों ने अपने हाथ में मशाल लेकर एक मशाल यात्रा निकाली। सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा पांडे ने बताया की इसका उद्देश्य गंदगी रूपी अधियारा मिटाना है स्वच्छता का उजियारा लाना है। इस दौरान अयोध्या राम मंदिर में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देते हुए यह बोला गया की पवित्रता का धाम है स्वच्छता हमारा काम है। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने इस मशाल यात्रा के बारे में बताते हुए बताया की युवाओं की विचारधारा में शहर की स्वच्छता हो इसके लिए आज का दिन खास है। यह मशाल यात्रा सिविल लाइन सिविल लाइंस हनुमान मंदिर से होते हुए प्रयाग संगीत हाथी पार्क से आजाद पार्क गेट नंबर 3 पर पहुंची। जहां पर स्वामी विवेकानंद के नारे लगाते हुए करीब 200 लोगों ने मानव श्रृंखला बनाते हुए 3 आर यानी रिड्यूस, रीयूज एंड रीसाइकिल का संदेश दिया। मशाल यात्रा के दौरान शहर भर के एथलीट और सुबह घूमने वाले शहरवासियों ने इस रैली को देखते हुए इसमें प्रतिभाग किया।इस दौरान जेई राम सक्सेना, गोविंद बाजपेई, जितेंद्र, एसएफआई डी पी सिंह, अरविंद सिंह, राजेश विश्वकर्मा, सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस टीम , लायंस टीम, सफाई मित्र इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## अटेवा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**आजमगढ़।** पुरानी पेंशन के लिए निरंतर संघर्षरत संगठन अटेवा के जिला ब्लॉक एवं न्याय पंचायत पदाधिकारी की मासिक समीक्षा बैठक जनपद मुख्यालय के आर एस मैरिज हॉल परानापुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव तथा संचालन घनश्याम जी ने किया। बैठक में पेंशन शहीद स्वर्गीय रामाशीष सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई, बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के संयोजक, प्रतिनिधियों ने अपने ब्लॉक की कार्य योजना और आगामी गतिविधियों को बताया।

# आकांक्षा समिति ने रक्तदान प्रति किया जागरूकता

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आकांक्षा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ 12 जनवरी 2024 को कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शुरुआत की गई, जिसमें आकांक्षा समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में लाइफ लाइन एजुकेशन इंस्टिट्यूट के बच्चों के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को रक्तदान करने के लिए जाकरूक करना था। आकांक्षा समिति की सचिव श्रीमती नूपुर गुप्ता जी ने बताया की इस जन जागरूकता कार्यक्रम की वृहद शुरुआत यहां से की जा रही है द्य इस पूरे कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कॉलेज द्वारा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई जाएगी, साथ ही साथ युवा वर्ग को अधिक से अधिक रक्तदान से संबंधित जानकारी देने के लिए कल 13 जनवरी को लाइफ लाइन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सभागार में एक सेमिनार का भी आयोजन किया जा रहा है तथा मकर संक्रांति के अवसर पर जन जागरूकता के लिए DAV के मैदान में पतंग उत्सव भी रखा गया है। दिनांक 14 तारीख को ही 11:00 बजे से ब्लड बैंक रामद्य मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

# मोदी जी करा रहें गांवों का कायाकल्प: सूरज

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में तहबरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बीबीपुर कदीम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बीबीपुर कदीम के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक राय ने किया।
इस यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी लालगंज के जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा विडिओ वैन का फीता काटकर किया गया।
वहाँ पर लगाए गए शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने उपस्थित हो कर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं के बारे में उपस्थित जनता को बताया तथा जिन लाभार्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ था उनका पंजीकरण भी कराया गया तथा किसतरह से योजना का लाभ जनता को मिलेगा उसके बारे में विस्तृत जानकारी अधिकारियो द्वारा दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि देश और प्रदेश की सरकार की योजनाओं से गांव, गरीब,किसान, महिला सभी उसका लाभ ले रहे है। योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब से देश में मोदी जी सरकार आई है तब महिलाओं के लिए गैस का कनेक्शन दिया गया महिलाओं को राशन कार्ड कार्ड का मुखिया बनाया गया। जिन किसानों के पास थोड़ा सा भी खेत है इस है किसान को किसान सम्मान निधि से सम्मानित कर के बीज और सिंचाई की समस्या से छुटकारा मिला। जिससे किसान को अब किसी साहूकार से ब्याज पर पैसा नही लेना पड़ता है और किसान को बैंको के माध्यम से क्रेडिट कार्ड दे कर सम्मान दिया गया। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया जिसका आयुष्मान कार्ड नही बना है उसका कार्ड यथा शीघ्र बनवाए। जिस किसान की किसान सम्मान निधि नही आ रही है उसको फिर से रजिस्ट्रेशन करा कर दुबारा से उसको किसान सम्मान निधि दिलाने का काम करे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिनके मकान नहीं थे उन्हें आवास देकर उनका सम्मान बढ़ाया है!

# संक्षिप्त समाचार

## माघ मेला में आयकर विभाग के शिविर का शुभारंभ



**प्रयागराज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ मेले में संगम तट पर यमुना जी के किनारे आयकर विभाग का शिविर लगाया गया है। जिसका आज विधिवत उद्घाटन मुख्य आयकर आयुक्त इलाहाबाद डॉक्टर शिखा दरबारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान आयकर आयुक्त इलाहाबाद राधे श्याम, अपर आयकर आयुक्त शिव कुमार राय, ए. के. सिंह, सौरभ गुहा, आयकर अधिकारी नंदन सोनकर, रवि मेहता, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव सहित आयकर विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे। मुख्य आयकर आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह शिविर आज से प्रारंभ होकर महा शिव रात्रि तक चलेगा। यहां माघ मेले के दौरान आने वाले जन मानस को आयकर से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा देश के निर्माण में आयकर का क्या योगदान है, बताया जाएगा। इस हेतु एक आयकर अधिकारी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। साथ में दो आयकर निरीक्षक तथा अन्य स्टाफ की भी तैनाती की गई है।

## ऑलमाइटी ने प्रयागराज स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट को हराया

**प्रयागराज।** ऑलमाइटी इलेवन ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में प्रयागराज स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एकादश को पांच विकेट से पराजित किया। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शुक्रवार को प्रयागराज स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में चार विकेट पर 105 रन (अमित श्रीवास्तव 36, देवेंद्र राय 17, अनुराग द्विवेदी 9 अविजित, रोशन मधेसिया 8 रन, आकाश सिंह दो, विक्रम कुमार व अक्षत श्रीवास्तव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में ऑलमाइटी इलेवन ने 11.5 ओवर में अपने पांच विकेट गंवाकर (सूर्य प्रकाश यादव 31, ऋषभ पांडेय 28 नाबाद, धीरेंद्र कुमार 7, आलोक भूषण त्रिपाठी 5 अविजित रन, अनुराग द्विवेदी तीन, देवेंद्र राय एक विकेट) विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ऑलमाइटी इलेवन के आकाश सिंह मैन ऑफ द मैच रहे।

## प्रयागराज जंक्शन पर अभियान चला पकड़े 126 लोग



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर बृहस्पतिवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार के निर्देशन में चेकिंग अभियान चला। इस दौरान जंक्शन पर आरपीएफ, जीआरपी, वाणिज्य विभाग की टीम ने बिना टिकट, अनियमित टिकट व विभिन्न मामलों में 126 लोगों को पकड़ा। मौके पर ही 93 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही लोगों को चेतावनी भी दी गई।

## विधानपरिषद सदस्य रामसूरत राजभर का जन्मदिन मरीजों में वितरण किए गए फल

**आजमगढ़।** यूपी के विधानपरिषद सदस्य राम सूरत राजभर का 64वा जन्मदिन सिधारी स्थित ठंडी सड़क के पास छोटे लाल निषाद के निजी आवास पर लोकसभा लालगंज प्रभारी डा मुराहु राजभर व भाजपा के कार्यकर्ताओ ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। वही लालगंज प्रभारी ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश के विधानपरिषद सदस्य राम सूरत राजभर का आज जन्म दिन है जिसके अवसर पर हम सभी कार्यकर्ता उनके लम्बी उम्र और उज्वल भविष्य की कामना करते है, वही विधानपरिषद सदस्य प्रतिनिधि श्रावण निषाद ने जन्मदिन पर जनपद के महिला हॉस्पिटल मे सैकड़ो मरीजों को फल वितरण किया और कहा कि विधानपरिषद सदस्य रामसूरत राजभर सभी गरीब मजलूम असहाय लोगो की लगातार मदद करते है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी

## 5.89 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर रह गया

**मुद्रा भंडार**

**इससे पहले 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.759 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर हो गया था**



**नई दिल्ली।** अक्टूबर 2021 में, विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। बीते कुछ महीनों में वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच केंद्रीय बैंक की ओर से रुपये को बचाने के लिए कदम उठाए जाने से विदेशी मुद्रा भंडार में कमी देखी गई।

रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार पांच जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.89 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अब तक विदेशी मुद्रा भंडार में 55.72 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

इससे पहले 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.759 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर हो गया था, जो इस वित्त वर्ष में अब तक का सर्वाधिक है। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में, विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

बीते कुछ महीनों में वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच केंद्रीय बैंक की ओर से रुपये को बचाने के लिए कदम उठाए जाने से विदेशी मुद्रा भंडार को झटका लगा। विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 4.96 अरब डॉलर घटकर 546.65 अरब डॉलर रह गईं।

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण आरक्षित भंडार भी 83.9 करोड़ डॉलर घटकर 47.48 अरब डॉलर रह गया, जबकि विशेष निकासी अधिकार (एसडीआर) 6.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.29 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में देश का मुद्रा भंडार भी 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 48.66 अरब डॉलर रह गया।

# फिर नए ऑल टाइम हाई पर बाजार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बंपर खरीदारी दिखी और बाजार नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स बेंचमार्क पहली बार 72,720.96 के स्तर पर पहुंचा। वहीं निफ्टी भी पहली बार 21900 का लेवल पार कर 21,928.25 के स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान आईटी और पीएसयू बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में अच्छी खरीदारी दिखी और ये सेक्टर्स टॉप गेनर्स रहे। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 847.27 अंक या 1.18त्न की बढ़त के साथ 72,568.45 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी इंडेक्स 247.35 अंकों या 1.14% की बढ़त के साथ 21,894.55 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की मजबूती के साथ 82.92 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस के शेयरों में दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से करीब 8 प्रतिशत का उछाल आया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की शुद्ध आय दिसंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़कर 11,735 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इसके बाद कंपनी के शेयरों में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में टेक महिंद्रा, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट दिखी। बीएसई का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सूचकांक 4.99 प्रतिशत उछला, जो विभिन्न क्षेत्रों के सूचकांकों में सबसे अधिक है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ÷इंफोसिस के इनलाइन नतीजों और टीसीएस के उम्मीद से बेहतर नतीजों से आईटी सेक्टर के शेयरों में एक्शन दिखा। निवेशकों ने बाजार में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और बेंचमार्क इंडेक्स उछले। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 865 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# एमजी मोटर इंडिया ने 9,98,000 रुपये (एक्स-शोरूम) के शुरुआती मूल्य में एस्टर 2024 पेश की

**लखनऊ।** ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड मॉरिस गैरेज (एमजी) ने अपनी 100 साल पुरानी विरासत के साथ आज एमजी एस्टर 2024 का लॉन्च किया। अपनी श्रेणी में भारत की इस सबसे आधुनिक एसयूवी, नई एस्टर 2024 में कई आकर्षक फ़ीचर्स हैं। इसमें आगे की पंक्ति में वेंटिलेटेड सीटें, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कार प्ले, तथा अतिरिक्त सुरक्षा व सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम एवं आधुनिक यूज़र इंटरफेस के साथ एक अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 ड्राइविंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। अंदर एआई के साथ भारत की इस पहली एसयूवी के ऑल-न्यू वैरिएंट स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो वैरिएंट 9,98,000* रुपये (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होंगे। एमजी एस्टर 2024 में ड्राइविंग के सुगम और सुविधाजनक अनुभव के लिए 80+ कनेक्टेड फीचर्स और आई-स्मार्ट 2.0 है। इसका एक विशेष फ़ीचर जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम है, जो वॉयस कमांड द्वारा मौसम, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, तारीख/दिन की जानकारी, राशिफल, शब्दकोश, समाचार एवं अन्य



ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा इसमें डिजिटल-की फ़ंक्शनलिटी के साथ एंटी-थेफ़्ट फ़ीचर नेटवर्क कनेक्शन न होने पर भी चोरी से सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें आधुनिक यूआई है, जिसमें होम स्क्रीन पर विभिन्न होम पेजेस के साथ विगेट अनुकूलन और हेड यूनिट पर एक अद्वितीय बर्थडे विश फ़ीचर आई-स्मार्ट मोबाइल ऐप द्वारा तारीख़ को कस्टमाइज़ करना संभव बनाता है।

इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, गौरव गुप्ता ने कहा, ÷हम अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसे वाहन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लेटेस्ट ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करें। अपने इसी वादे के अनुरूप और अपने ब्रांड के 100 साल पूरे होने की खुशी में हम एस्टर 2024 श्रृंखला में अत्याधुनिक फ़ीचर्स, डिज़ाइन और बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो कार ख़रीदने वालों को और ज़्यादा खुशी प्रदान करेंगे।÷

एमजी एस्टर भारत की पहली एसयूवी है जिसमें मिड-रेंज रडार और एक मल्टी-पर्पज़ कैमरा द्वारा पॉवर्ड पर्सनल एआई असिस्टेंट और 14 ऑटोनोमस लेवल 2 फीचर्स हैं, जो आधुनिक ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) फ़ीचर्स संभव बनाते हैं।

# आइकू ने 2024 की अमेज़न ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के लिए की आकर्षक ऑफर की घोषणा



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आइकू, अमेज़न की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2024 के दौरान आइकूके टॉप रेटेड स्मार्टफोन जैसे ज़ेड7एस, ज़ेड7प्रो, नियो 7 प्रो, आइकू 12, नियो 7 पर बेहतरीन ऑफर देने के लिए तैयार है। अमेज़न प्राइम सदस्य 13 जनवरी, 12 बजे से अर्ली एक्सेस का आनंद ले सकते हैं, जबकि बाकी सब के लिए सेल 13 जनवरी, 12 बजे से लाइव होगी और 18 जनवरी, 11¬59 बजे समाप्त होगी।इन आइकूस्मार्टफोन्स को ग्राहकों की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिससे वे बिक्री के दिन अमेज़न पर सबसे ज्यादा बिकने वाले/रेटेड 5जी स्मार्टफोन बन गए हैं। ब्रांड की यह उपलब्धि भारतीय ग्राहकों के लिए टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में बेहतर करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।अमेज़न ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2024 के दौरान, ग्राहक 18 जनवरी, रात 11:59 बजे तक आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं। आइकूज़ेड7एस 5जी आपको इनोवेशन और शानदार परफॉर्मेंस का शानदार कॉम्बो देता है, जो एक बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। इसकी 6.38 इंच की एफएचडी+अमोल्ड स्क्रीन के साथ, यूजर्स वाइब्रेंट रंगों और शानदार विजुअल्स का आनंद ले सकते हैं, जिससे एक सचमुच में इमर्सिव व्यूइंग अनुभव बनता है। स्नैपड्रैगन 695 एसओसी द्वारा पॉवर्ड, यह डिवाइस फ़ास्ट परफोर्मेंस और सीमलेस मल्टीटास्किंग प्रदान करता है। 8जीबी तक रैम के साथ, यूज़र्स आसानी से एप्लिकेशन के बीच स्विच कर सकते हैं और नेविगेशन का आनंद ले सकते हैं। आइकूज़ेड7एस 5जी में एक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट स्कैनर शामिल है, जो सुविधाजनक और सुरक्षित अनलॉकिंग का विकल्प देता है। इसका एर्गोनॉमिक डिज़ाइन और चिकना प्लास्टिक बैक आरामदायक पकड़ और एक स्टाइलिश लुक देता है जो मोर्डेन एवं एस्थेटिक लगता है।

# ईज़मायट्रिप ने नई सहायक कंपनी का अनावरण किया

**लखनऊ।** भारत के दूसरे सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म में से एक, EaseMyTrip.com ने अपनी नई सहायक कंपनी ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड लॉन्च की है। यह कंपनी द्वारा अपने सेवा पोर्टफोलियो में विविधता लाने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष उत्पाद बनाकर बीमा बाजार में प्रवेश करने का एक रणनीतिक कदम है। नए उद्यम से उद्योग में ईज़मायट्रिप की स्थिति मजबूत होने और ईज़मायट्रिप के अपने 20 मिलियन उपयोगकर्ता आधार के साथ 7.9 ट्रिलियन रुपये के बाजार को पूरा करने की उम्मीद है।

भारत दुनिया के उभरते बीमा बाजारों में पांचवां सबसे बड़ा जीवन बीमा बाजार है, जो हर साल 32-34 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। भारतीय बीमा बाजार के 2027 तक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सहायक कंपनी ग्राहक संतुष्टि और पेशकशों में वृद्धि के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। बीमा ब्रोकरेज डोमेन में प्रवेश करके, कंपनी का लक्ष्य न केवल अपने सेवा पोर्टफोलियो को बढ़ाना है बल्कि व्यवसाय संचालन और राजस्व बढ़ाने के लिए नए रास्ते भी स्थापित करना है। ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को अम्ब्रेला ब्रांड के तहत एक विशिष्ट इकाई के रूप में शामिल किया गया है। ईटीपीएल के प्रोमोटर श्री निशांत पिट्टी, नवगठित सहायक कंपनी में निदेशक की भूमिका निभा रहे हैं। उनका नेतृत्व और विशेषज्ञता कंपनी को बीमा क्षेत्र में सफलता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ईज़मायट्रिप के सीईओ और सह-संस्थापक, निशांत पिट्टी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह नई सहायक कंपनी हमारे लिए एक बड़ा कदम है क्योंकि हम अपनी सेवाओं में विविधता ला रहे हैं और बीमा बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। मारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिए पूरा ट्रेवल इकोसिस्टम की पेशकश करना है और यह नया समावेश उसी दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के लिए अपनी मजबूत स्थिति के साथ, हमें विश्वास है कि हम अपने मौजूदा और नए ग्राहकों पर अच्छा प्रभाव डालेंगे।

# सबसे उन्नत कॉम्पैक्ट एसयूवीः किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपये की विशेष शुरुआती कीमत पर पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि फाइंड माइ कार विद एसवीएम, जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता



वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीज़ल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप-ऑफ़-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीज़ल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है।

नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कोलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट, लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट, और लेन फॉलोइंग असिस्ट जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट सहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं।

इसके अलावा, सॉनेट में 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, और सुरक्षा के साथ ऑल डोर पावर विंडो वन-टच ऑटो अप/डाउन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। निकटतम प्रतिस्पर्धियों की तुलना में, नई सॉनेट में कम से कम 11 फायदेमंद सुविधाएं हैं और यह तकनीकी रूप से सबसे उन्नत और सुविधा से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी है। नई सॉनेट में अब एक नई ग्रिल और नए बम्पर डिज़ाइन, क्राउन ज्वेल एलईडी हेडलैंप के साथ एक उन्नत फ्रंट फेस, आर16 क्रिस्टल कट अलॉय व्हील और स्टार मैप एलईडी कनेक्टेड टेल लैंप दिए गए हैं।

नए सॉनेट के लॉन्च/कीमत की घोषणा करते हुए, किआ इंडिया के चीफ सेल्स और बिज़नेस स्ट्रेटेजी ऑफिसर, श्री म्युंग-सिक सोन ने कहा, हम नई सॉनेट को पेश करके कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट को पुन¬ प्रीमियम बना रहे हैं।

# आसमा हुसैन ने सिखाई इनर इंजीनियरिंग



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में आई. क्यू. ए. सी. द्वारा आयोजित एक सप्ताह की कार्यशाला में, आधुनिक युग में आंतरिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता¬ वेदों के परिप्रेक्ष्य में विषय पर दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर आसमा हुसैन ने व्याख्यान दिया। इस कार्यशाला के प्रथम दिन समाज कल्याण विभाग की जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ आकांक्षा दीक्षित एवं सैफायर मीडिया लिमिटेड की सीनियर मैनेजर पारुल शुक्ल उपस्थित रहीं।

कार्यशाला में वेदों, उपनिषदों एवं तमाम ग्रंथों में बताए गए जीवन के मूल सिद्धांतों पर बात की गई । आसमा हुसैन ने बताया की वर्तमान समय में किस प्रकार भौतिकवाद में फंसे हुए होने पर स्वांतः सुखाय का मंत्र ही हमें सफलता दिला सकती है। डायरेक्टर गरिमा सिंह एवं डीन प्रो. एल. एस. अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने अपने तीर्थस्थल पोर्टफोलियो का किया विस्तार



**अयोध्या।** सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने उत्तर प्रदेश के तीर्थस्थल श्रावस्ती में ट्यूलिप इन खोलने की घोषणा की है, जो बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। होटल भारत में दूसरा ट्यूलिप इन ब्रांडेड होटल है, जो बेंगलुरु के कोरामंगला में एक सफल होटल के बाद और सरोवर के मौजूदा 09 तीर्थस्थान पोर्टफोलियो में नए जोड़े गए हैं, जिसमें हरिद्वार, कटरा, बोधगया, तिरुपति, अमृतसर, पावगढ़, बद्रीनाथ, अयोध्या और वृंदावन जैसे प्रमुख तीर्थस्थान शामिल हैं। यह उद्घाटन सररोवर की रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोकप्रिय तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर अपने फुटप्रिंटका विस्तार करना और विकास को गति देना है। एयरपोर्ट चौराहा, कटरा बलरामपुर-बहराइच राजमार्ग पर स्थित, यह होटल बलरामपुर रेलवे स्टेशन से 18 किमी दूर है और निकटतम हवाई अड्डे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एअरपोर्ट, लखनऊ से पहुंचा जा सकता है। तराई क्षेत्र में स्थित, इस होटल में 71 कमरे और सुइट हैं जिनमें आराम की सुविधा मौजूद है, ट्यूलिप इन - दिन का डाइनिंग रेस्तरां, एक लॉन के साथ जुड़ा बैंक्वेट हॉल, स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर मौजूद है। उद्घाटन पर बात करते हुए सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और लौवर होटल्स इंडिया के डायरेक्टर अजय के. बाकाया ने कहा, हम ओरिसन होटल एंड रिसॉर्ट के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

# गूगल के सहयोग से टैलेंटस्प्रिंट लॉन्च करेगा अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम का 6वां बैच



**हैदराबाद।** बेहतरीन डीपटेक प्रोग्राम बनाने वाली ग्लोबल एडटेक कंपनी टैलेंटस्प्रिंट अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रीमियम कैरियर के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। निष्पक्ष टेक लैंडस्कैप बनाने और वैश्विक कंपनियों के डीईआई (विविधता, इक्विटी और समावेश) मिशनों को सामने लाने के अपने मूल दर्शन के अनुरूप, टैलेंटस्प्रिंट ने गूगल के सहयोग से अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम के छठे बैच के शुभारंभ की घोषणा की है। छठी बैच देश भर की अलग-अलग सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रथम वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए 200 सीटें प्रदान करेगी। कार्यक्रम में 100त्न छात्रवृत्ति शामिल है जो प्रोग्राम फीस को कवर करती है, और साथ ही अतिरिक्त रूप से 100,000 रुपये की नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

इंजीनियरिंग महिला कार्यक्रम उन महिलाओं को प्रोत्साहित और समर्थन करता है जो एक ऐसे क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं जहाँ लैंगिक विविधता के चलते पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम है। वित्तीय सहायता और विशिष्ट अवसर प्रदान करके, कार्यक्रम महत्वाकांक्षी और योग्य महिला इंजीनियरों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। वित्तीय सहायता के अलावा, चयनित छात्राओं को कई लाभों मिलेंगें, जिसमें गूगल इंजीनियरों के साथ मेंटरशिप कार्यक्रम, बूटकैंप, नेटवर्किंग कार्यक्रमों तक पहुंच और संभावित कैरियर के अवसर शामिल हैं, जो युवा महिला इंजीनियरों को उनके भविष्य के तकनीकी करियर के लिए एक मजबूत आधार बनाने में मदद करेंगे।

गूगल इस कार्यक्रम का शुरू से ही हिस्सा रहा है। इसका लक्ष्य टेक्नोलॉजी के सभी पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें समर्थ बनाने और शामिल करने के अपने मिशन के साथ जुड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम एक ऐसा ही प्रयास है जो युवा छात्राओं को उन महिलाओं में बदलने का अवसर प्रदान करता है जो अत्यधिक प्रभावशाली और फायदेमंद तकनीकी कैरियर की चाह रखती हैं।

घोषणा पर टिप्पणी करते हुए गूगल के वीपी/जीएम शिव वेंकटरमन ने कहा एक इन्क्लूसिव और रिप्रेजेन्टेटिव टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम आज पहले से कहीं ज्यादा जरुरी है, क्योंकि दुनिया भर के लोगों के अनुभव इसके इनोवेशन और प्रगति से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। हमें टैलेंटस्प्रिंट फॉर विमेन इंजीनियर्स प्रोग्राम का समर्थन करने में खुशी है क्योंकि यह इस इंडस्ट्री से जुड़ी हर जरूरत को संबोधित करता है, यह प्रक्रिया लिंग भेद के अंतर को कम करते हुए यह भी सुनिश्चित करती है कि अनुभवों और दृष्टिकोणों की विविध तकनीक के भविष्य को नया आकार देती है। हम इस अगली पीढ़ी के इंजीनियरों द्वारा लाए जा रहे परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं, उनके भविष्य को सभी के लिए एक उज्ज्वल और बेहतर भविष्य के लिए बेहतर समाधान देने की क्षमता को सामने लाते हैं।

# मोबिक्विक ने यात्रा में एक्सक्लूसिव छूट देने के लिए अदाणी वन के साथ साझेदारी की

**गुरुग्राम।** नए साल के मौके पर पर्यटन को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। क्या आप घूमने-फिरने या अपनों से मिलने के लिए बेहतरीन मौकों की तलाश में हैं अब और सोचने की जरूरत नहीं! फिनटेक कंपनी, वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) ने फ्लाइट टिकट और ड्यूटी फ्री प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स पेश करने करने के लिए अदाणी ग्रुप के ट्रैवल बुकिंग ऐप अदाणी वन के साथ साझेदारी की है। यूजर्स इन सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं-

**छूट**

**मोबिक्विक वॉलेट के साथ अदाणी वन पर फ्लाइट बुकिंग के लिए 500 रुपए की छूट मिलेगी।**

**फ्लाइट बुकिंग पर इंस्टैंट डिस्काउंट** मोबिक्विक वॉलेट के साथ अदाणी वन पर फ्लाइट बुकिंग के लिए 500 रुपए की छूट मिलेगी। ऑफर प्राप्त करने के लिए व्यापारी भुगतान पेज पर कोड ONEMBK का उपयोग करें (नियम और शर्तें लागू)।

**ड्यूटी-फ्री उत्पाद्यदों पर इंस्टैंट डिस्काउंट** अदाणी वन के जरिए ड्यूटी-फ्री पर 250 रुपए की सीधी छूट के साथ अपने फ्री-फ्लाइट बुकिंग का बेहतर अनुभव मिलेगा, जब आप मोबिक्विक वालेट के साथ भुगतान करेंगे। ऑफर का लाभ उठाने के लिए व्यापारी भुगतान पेज पर कोड MBKDUTY का उपयोग करें (नियम और शर्तें लागू)।

परेशानीरहित यात्रा बुकिंग प्रबंधन का अनुभव करें और अदाणी वन ऐप के साथ अद्भुत उड़ान और ठहरने का ऑफर अनलॉक करें। मोबिक्विक वॉलेट डिस्काउंट के साथ अतिरिक्त बचत का भी आनंद लें। इससे आपको निश्चित रूप से सबसे बेहतर ट्रैवल और ठहरने की सबसे बेहतरीन डील सुनिश्चित होगी। ड्यूटी-फ्री दुकानों पर ग्लोबल ब्राण्ड के प्रीमियम उत्पाद पाएं और मुंबई ड्यूटी-फ्री जैसे भारत के सबसे बेहतरीन ड्यूटी-फ्री आउटलेट पर आएं। साथ ही 5त्न के एक्सक्लूसिव ऑनलाइन प्री-ऑर्डर डिस्काउंट का आनंद उठाएं।

अदाणी डिजिटल लैब, अदाणी वन द्वारा लॉन्च किया गया एक एकीकृत ट्रैवल प्लेटफॉर्म है। यह आपके ट्रैवल की हर जरूरत जैसे होटल, फ्लाइट, ट्रेन और कैब बुकिंग, फ्लाइट की जानकारी तथा ग्लोबल ब्राण्ड्स से ड्यूटी फ्री ऑर्डर करने के लिए सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। साल 2021 में बना, अदाणी डिजिटल लैब्स, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

# पैनटोन कलर ऑफ द इयर पीच फज़ के साथ मोटोरोला रेजर40 अल्ट्रा और ऐज40 नियो लॉन्च



**लखनऊ।** मोटोरोला ने भारत में जीवनशैली प्रौद्योगिकी को बदलते हुए वर्ष 2024 के पैनटोन कलर ऑफ द इयर, पीच फज़ के साथ मोटोरोला रेजर40 अल्ट्रा और ऐज40 नियो को लॉन्च किया है। इसकी बिक्री वर्ष 2024 के पैनटोन कलर ऑफ द इयर पीच फज़ के साथ अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर आज 12 जनवरी से शुरू हो गयी। मोटोरोला रेजन40 अल्ट्रा दुनिया का सबसे बड़ा, बाहरी डिस्प्ले के साथ, सबसे लेटेस्ट फ्लिप फोन है। यह आज 12 जनवरी से अमेजन, मोटोरोला डॉट इन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर 69,999 रुपये की विशेष सीमित अवधि की कीमत पर उपलब्ध हो गया। मोटोरोला ऐज40 नियो आईपी68 रेटेड अंडरवाटर प्रोटेक्शन और 144हर्टज 10-बिट कर्व्ड डिस्प्ले वाला दुनिया का सबसे हल्का फोन है। इस वर्ष, चुने गए रंग पैनटोन 13-1023 पीच फ़ज़, के साथ पैनटोन कलर ऑफ द ईयर कार्यक्रम की 25वीं वर्षगांठ है। एक मखमली कोमल पीच रंग, पीच फज़ की एक आदर्श आभा है, जो एकजुटता, समुदाय और सहयोग की भावनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। नए वर्ष का रंग, पैनटोन 13-1023 पीच फ़ज़, मोटोरोला के समावेश और प्रौद्योगिकी को सभी के लिए अधिक पहुच योग्य बनाने के साथ खूबसूरती से मेल खाता है। जबकि प्रौद्योगिकी मानवता के साथ जुड़ जाती है, हम रंग पर भरोसा करते हैं कि यह हमें अभिव्यक्ति और अपने डिवाइस के साथ और भी गहराई में और अधिक सार्थक अनुभवों के लिए एक उपकरण प्रदान करने में मदद करेगा। वर्ष 2024 का रंग हमारी आभासी दुनिया को गर्मजोशी, एकजुटता और करुणा की हमारी चाहत के साथ सहजता से एकीकृत करके इसे पूरा करता है।

# पारूल युनिवर्सिटी ने पीयू-डीएटी 2024 के माध्यम से बी.डेस प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**लखनऊ।** अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विख्यात पारूल युनिवर्सिटी ने महत्वाकांक्षी डिज़ाइनरों के लिए डिज़ाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (पीयू-डीएटी) हेतू आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। यह प्रतिष्ठित टेस्ट युनिवर्सिटी की डिज़ाइन फेकल्टी द्वारा पेश किए गए बी.डेस प्रोग्राम के लिए गेटवे की भूमिका निभाता है। इस प्रोग्राम में इंटीरियर एवं फ्यूचर डिज़ाइन, फैशन डिज़ाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, प्रोडक्ट डिज़ाइन और विजुअल कम्युनिकेशन में स्पेशलाइज़ेशन्स शामिल हैं। भावी उम्मीदवार अंतिम दिनांक 20 जनवरी 2024 से पहले ऑफिशियल वेबसाईट के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। इस साल पीयू-डीएटी की प्रवेश परीक्षा 26 जनवरी 2024 को होगी।

पीयू-डीएटी में तीन चरणों की मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है, जो महत्वाकांक्षी डिज़ाइनरों के व्यापक मूल्यांकन को सुनिश्चित करती हैः



लिखित परीक्षाः के द्वारा उम्मीदवारों के सैद्धान्तिक ज्ञान एवं विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है।

पोर्टफोलियो की समीक्षाः के द्वारा डिज़ाइन अवधारणां में रचनात्मकता और प्रेक्टिकल ऐप्लीकेशन्स का मूल्यांकन किया जाता है।

व्यक्तिगत साक्षात्कारः उम्मीदवारों को अपने जूनून को दर्शाने एवं अपनी डिज़ाइन की यात्रा पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है।

**युनिवर्सिटी के बैचलर ऑफ डिज़ाइन प्रोग्राम का विवरणः**

बी.डेस प्रोग्राम में व्यापक एवं विविध पाठ्यक्रम शामिल है जो डिज़ाइन हिस्ट्री, डिज़ाइन थ्योरी, ड्रॉइंग एवं स्कैचिंग, कम्प्यूटर-ऐडेड डिज़ाइन, टाइपोग्राफी, कलर थ्योरी, यूज़र-उन्मुख डिज़ाइन एवं डिज़ाइन थिंकिंग जैसे विषयों को कवर करता है। इसमें प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स और डिज़ाइन स्टुडियोज़ भी शामिल हैं, जो छात्रों को अपनी लर्निंग का इस्तेमाल वास्तविक जीवन में करने की चुनौती देते हैं।

**पारूल युनिवर्सिटी में डिज़ाइन इनोवेशन का मल्टीकल्चरल कैनवासः**

मल्टीकल्चरल यानि बहु-सांस्कृतिक संस्थान होने के नाते युनिवर्सिटी छात्रों को विभिन्न स्थानों एवं संस्कृतियों के आइडियाज़ के साथ जुड़ने का मौका देती है। इस तरह का समावेशी वातावरण रचनात्मकता को बढ़ावा देता है, छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों के अनूठे पहलुओं पर आधारित डिज़ाइन विकसित करने का मौका देता है।

# पीएम मोदी की प्रेरणा से बना खेलों का माहौल: मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



- गांव-गांव में तैयार हो रहा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर
- सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में विजयी खिलाड़ियों को सीएम ने किया पुरस्कृत

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महाकुंभ के आयोजनों से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। इसी माहौल को और शानदार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश गांव-गांव में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा देने के साथ खेल की उनकी उपलब्धियों को भारी पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियों से जोड़ रही है। सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, एथलेटिक्स और कुश्ती के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब सात साल पहले तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। पर, आज हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम बन रहे हैं। हर गांव में खेलों को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही है। गांवों में 80 हजार युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित किए जा चुके हैं। गांवों में पंचायत सचिवालयों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़कर युवाओं को सभी सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बातें कल्पना से दूर थीं आज वह हकीकत हैं। आज जंगल कौड़िया में कॉलेज के साथ खेल प्रतिभाओ के लिए ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के नाम से सभी सुविधाओं से युक्त स्टेडियम और स्थानीय कलाकारों के लिए आडिटोरियम बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश खेल नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य है। इस नीति के तहत सरकार ने ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि गत एशियाड में चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रदेश की खिलाड़ी पारुल चौधरी ने अपनी जीत की प्रेरणा को लेकर प्रदेश की खेल नीति को श्रेय दिया है। पारुल ने कहा था कि उन्हें गोल्ड मेडल जीतने पर डिप्टी एसपी की नौकरी देने की यूपी सरकार की घोषणा पर पूरा यकीन था और इसी यकीन ने उनके अंदर ऐसा जोश भर दिया कि उन्होंने चीन की खिलाड़ी को पीछे छोड़ स्वर्ण पदक जीत लिया।

## देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हैं पीएम मोदी: सांसद



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को नगर स्थित श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज व भड़कुलवा स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क पर चौपाल का आयोजन किया गया। जहां विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों के माध्यम से आम जन को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया और लाभार्थियों में स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हैं। सभी के सहयोग से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेद भाव के हर जाति व धर्म के लोगों का विकास हो रहा है। सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ का सपना है कि हर व्यक्ति को मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध हों। डबल इंजन की सरकार पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रामानन्द सिंह ने किया। संचालन प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी ने किया। इस दौरान नायब तहसीलदार आशीष रंजन, अग्निवेश मणि, विश्वास मणि, फैजान खान, सक्षम तिवारी, जयप्रकाश जायसवाल, विनय प्रताप सिंह, विश्राम प्रसाद, रामेंद्र तिवारी, संजीवन मिश्रा, आनंद वर्मा, पंकज भारद्वाज, सीडीपीओ प्रत्युष चंद्रा, अर्जुन गुप्ता, राजन गौंड सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## जरूरतमंदो में कम्बल का किया गया वितरण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। वही सरकार ने जिम्मेदारो को भी निर्देश रखे है कि हरहाल में लोगो को ठंड से बचाया जाये। भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने का जो प्रयास किया गया है। वह सराहनीय कदम है। उक्त बातें चेयरमैन सहजनवां संजू सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा के तत्वाधान में आयोजित जरूरतमंदो में कम्बल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगो को संबोधित करते हुए कही। शाखा प्रबंधक एम ए अंसारी ने कहा की भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ऐसे आयोजन आगे भी होते रहेंगे। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल,परिचालक मेमोरीलता, विनय कुमार सिंह, तौफीक अंसारी, प्रेमचंद, सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## मतदान कराकर डीएम ने किया वीवीपीएटी का सत्यापन



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट परिसर में ईडीसी (इलेक्शन डेमोंसट्रेशन सेंटर) का जिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान डीएम ने ईडीसी पर वोट डालकर मशीन का सत्यापन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर में ईडीसी (इलेक्शन डेमोंसट्रेशन सेंटर) का उद्घाटन करते हुए कहा कि सभी तहसीलों पर भी डेमोंसट्रेशन कर जनता को जागरूक करने के दृष्टिकोण से व्यवस्था की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता और विश्वसनीयता को बढ़ाना है। इसके बाद मौजूद लोगों ने ईवीएम मशीन और वीवीपीएटी मशीन में डमी बैलट पेपर के माध्यम से मतदान किया। इस दौरान इलेक्शन डेमोंसट्रेशन केंद्र के प्रभारी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी आलोक कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 16 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**कुशीनगर।** कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अपराधियों की निगरानी हेतु शुक्रवार को एसपी के निर्देश पर विभिन्न अपराधों में संलिप्त 16 अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलकर कार्रवाई की गई। जिन अपराधियों पर कार्यवाई की गई उसमें पडरौना कोतवाली क्षेत्र के परदेशी राजभर व विक्की उर्फ भगत, तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के परहमंश यादव, दिलीप सिंह, कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मुन्ना सिंह पुत्र बदरी सिंह निवासी गोनहां व जाने आलम उर्फ मोनू पुत्र मेहदी हसन निवासी महुअवा बुजुर्ग, कसया थाना क्षेत्र में अखिलेश शर्मा पुत्र बिकाऊ शर्मा निवासी पिपरा व असलम शेख पुत्र बालादिन निवासी अहिरौली राय, बरवापट्टी थाना क्षेत्र से इम्तियाज अंसारी पुत्र नवी रसूल निवासी रामपुर बरहन, नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के आजाद अली उर्फ ईश मोहम्मद पुत्र बसरुद्दीन निवासी जंगल अकबरपुर, विशुनपुरा थाना क्षेत्र में सुनील यादव पुत्र जितेंद्र यादव निवासी जंगल लुआठहां, चौराखास थाना क्षेत्र में अविनाश शुक्ला पुत्र दीनदयाल शुक्ला निवासी भठहीं बुजुर्ग व दिल मुहम्मद पुत्र मुबारक अंसारी निवासी भागपुर, हनुमानगंज थाना क्षेत्र के गोलू यादव पुत्र द्वारिका निवासी नरकहवां, सेवरही थाना क्षेत्र के वेदप्रकाश सिंह उर्फ वेद प्रताप सिंह पुत्र स्व दरोगा सिंह निवासी दौनहां शामिल है। एसपी ने बताया कि इन 16 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर कार्यवाई की गई है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में बड़हलगंज को प्रदेश में मिला 12वां स्थान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** देशभर के नगर निकायों में केंद्र सरकार द्वारा की गई स्वच्छता सर्वेक्षण में गोरखपुर जनपद का बड़हलगंज नगर पंचायत ने जिले में प्रथम व प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि केंद्र सरकार ने विगत तीन माह पूर्व देश भर के समस्त निकायों ने स्वच्छता के दृष्टिगत ऑनलाइन सर्वेक्षण कराया था, जिसमे बड़हलगंज नगर पंचायत को जिले में प्रथम जबकि प्रदेश में 12वा तथा जोनल रैंकिंग में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बड़हलगंज नगर पंचायत जनपद की पहली ऐसी निकाय है जो पूरे जनपद में गार्बेज फ्री सिटी में वन स्टार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़हलगंज के इस उपलब्धि का समस्त योगदान नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को जाता है। गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व केंद्रीय नगर व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पूरी की मौजूदगी में रिजल्ट जारी किया गया, जिसमें उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले नगर निकायों राष्ट्रपति ने अपने हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पंचायत को बेहतर प्रदर्शन करने पर चेयरमैन प्रीति उमर, प्रतिनिधि महेश उमर, ईओ शिवकुमार, एसबीएम आरके तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, सभासद दीपक शर्मा, राकेश राय, दीपक गौड़, वीरेंद्र गुप्ता, अमूल्य चतुर्वेदी, लक्ष्मण साहनी, संजय सोनकर, रवि साहनी, राजीव मिश्रा, रामदास मद्धेशिया, ऋषि कुमार, सुदीप वर्मा सहित समस्त सभासदों ने समस्त सफाई नायकों व सफाई कर्मियों को इसके लिए बधाई देते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

## सदर तहसील में आय, जाति, निवास और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों का बनना आसान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सदर तहसील में आय निवास जात ईडब्ल्यूएस के प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत किया जा रहा निस्तारण पुलिस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की आय जाति निवास ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के लिए दिक्कत नहीं होने पाएगी।

सदर तहसील प्रशासन आय जाति निवास ईडब्ल्यूएस के प्राप्त हो रहे आवेदन पत्र को तत्काल निस्तारण कराने का कार्य अपने सहयोगी लेखपालों की मदद से निस्तारित करवाने का कार्य कर रही है ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी तहसील सदर सभागार में नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान कानूनगो प्रद्युमन सिंह के देखरेख में 24 घंटे सातों दिन 30 - 30 लेखपालों की दो शिफ्ट में ड्यूटी लगा कर प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का तत्काल जांच करा कर निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा। शुरुआती दौर में तो आवेदन करने वाले आवेदकों की भीड़ लग रही थी। अब तक जात प्रमाण पत्र के आवेदक 10852 आय प्रमाण पत्र के 9694 निवास के 9476 ईडब्ल्यूएस 100 जिसमें जात 7739 आए 7471 निवास 3661 ईडब्ल्यूएस 100 का निस्तारण किया गया। 11 जनवरी 2024 को आय जाति निवास ईडब्ल्यूएस के कुल 4100 प्रार्थना पत्र सदर तहसील को प्राप्त हुआ सदर तहसील में बैठे लेखपालों ने 4100 आय जाति निवास ईडब्ल्यूएस के 100 प्रार्थना पत्र के प्राप्त हुए थे जो शत प्रतिशत निस्तारण किया गया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि सदर तहसील के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आय जात निवास ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र को शत प्रतिशत नोडल अधिकारी आकांक्षा पासवान और कानूनगो प्रद्युमन सिंह की देखरेख में हमारे लेखपाल 24 घंटे 30 30 की संख्या में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए रिपोर्ट लगाने का कार्य कर रहे हैं जिससे आय जात निवास ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की वजह से किसी भी प्रार्थना पत्रों को भरने में असुविधा न होने पाए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। हमारे सदर तहसील के अंतर्गत आगे भी किसी आवेदक को दिक्कत नहीं होने पाएगी।

## युवाओं के आईकान हैं स्वामी विवेकानन्द: प्रवीण




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा युवा मोर्चा जनपद देवरिया के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती युवा दिवस एवम युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो देवरिया के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने कहा कि स्वामी जी ऐसी शख्सियत है जिससे सिर्फ भारत के युवा ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के युवा सीख लेते हैं, महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ स्वामी जी महान वक्ता थे, उनके अच्छे विचार तमाम युवाओं के जीवन में जोश भरने का कार्य करता है। कार्यक्रम में स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा उनके विचारो एवं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला प्रभारी मयंक तिवारी, महामंत्री दिलीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह विशेन, सुधांशु मिश्र, रिंकू सिंह, अविनाश पाठक, शैलेष सहाय, शोध प्रमुख आशुतोष जायसवाल एवं कार्य समिती सदस्य विकाश सिंह सहित अन्य भाजयुमो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा पूरा जनपद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम के तत्वाधान में देवरिया शहर से भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तथा सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में विशाल जनसमूह के साथ सैकड़ों गाड़ियों का काफिला निकला।

श्री राम शोभा यात्रा के रूप में देवरिया के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के प्रांगण से निकलकर जलकल रोड कोतवाली चौराहा, सुभाष चौक होते हुए बैतालपुर से पांडे चक, डुमरी, गौरा, महुआडीह बाईपास हुए सोनूघाट से सोंदा होते हुए भटवलिया होते हुए पुनः मारवाड़ी इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। डुमरी चौराहे पर रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ श्री राम रथ यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया । यात्रा में शामिल श्री राम भक्तों का जगह जगह फूल मालाओं से लोगों ने स्वागत किया, राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा यात्रा के जनसमूह को देखकर लोगों में हर्ष और उल्लास देखने को मिला महिलाओं और बच्चों ने भाव विभोर होकर राम धुन पर झूम झूम के नृत्य किया । श्री राम रथ शोभा यात्रा का बरियारपुर में स्वागत मंडल अध्यक्ष नगेशपति तिवारी ने विशाल जनसमूह के साथ किया तथा पुष्प वर्षा की । डा शलभ मणि ने कहा कि श्री राम के प्रति लोगों में अपर श्रद्धा है हम लोगों ने 500 वर्षो तक प्रतीक्षा की है आज वो दिन आ गया है जब भगवान राम 22 जनवरी को भव्य मंदिर में विराजमान होंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज आस्था के इस समुद्र में पूरा विश्व गोटा लगा रहा है पूरा विश्व राममय हो गया है तथा जय श्री राम का नारा लगा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, संघ के विभाग प्रचारक सुशील, दीपेंद्र, अवनिंद्र त्रिपाठी, भूपेन्द्र शाही, सुषमा पांडे, संजय तिवारी, नीरज शाही, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रमोद शाही, नित्यानंद पांडे, राधेश्याम शुक्ला, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, भारती शर्मा, आराधना पांडे,रमेश वर्मा, मनीष सहाय, मोहन उपाध्याय, सुभाष तिवारी, राजन यादव, ब्यासमुनी पांडे सहित भारी संख्या में लोग यात्रा में शामिल रहे।

## प. बंगाल से अयोध्या पैदल जा रहे रामभक्तों का बड़हलगंज में हुआ जोरदार स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से पैदल अयोध्या धाम की यात्रा पर निकले विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी विशंभर सैनी,अभिषेक शर्मा, पप्पू वाला आदि का शुक्रवार को बड़हलगंज पहुंचने पर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रभुनाथ सोनी तथा उपाध्यक्ष बबलू राय के नेतृत्व में पटना चौराहा पर जोरदार स्वागत किया गया। अपने स्वागत से अभिभूत विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी विशंभर सैनी, अभिशेक शर्मा व पप्पू ने कहा कि पश्चिम बंगाल से हम लोगों की प्रारम्भ हुई यात्रा अयोध्या धाम में जाकर संपन्न होगी। 500 वर्षो बाद हम सभी को यह सौभाग्य मिला है कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीरामचंद्र जी का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो गया है। यह सौभाग्य की बात है कि अपने जीवन में हम सभी लोग भगवान श्रीराम जी का भव्य मंदिर देख रहे हैं । हम सभी लोग आने वाले 22 जनवरी को अपने घरों में अपने आसपास के देवालयों में दीपावली का पर्व मनाएं और साथ ही साथ उत्सव का माहौल बनाएं। इस अवसर पर सत्यम जायसवाल, हिमांशु सोनी, सुरेश चौरसिया, ओमप्रकाश भुज, प्रशांत जायसवाल, शुभम जायसवाल, अंजेश उमर, अभिषेक तिवारी, अमरजीत सोनकर, मंटू जायसवाल, घनश्याम मद्धेशिया सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## गोपाल कृष्ण दिव्यांग राज्य विवि के सदस्य नामित

**बस्ती।** टेक्नालोजी कमेटी नैब इण्डिया मुम्बई के सह अध्यक्ष एवं शिक्षित युवा समिति के निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल को जगदगुरू राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का सदस्य नामित किया गया है। पिछले तीन दशक से दिव्यांगता के क्षेत्र में सक्रिय निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल को जगदगुरू राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि का सदस्य नामित किये जाने पर विनोद उपाध्याय, पूनम सिंह, राम सुरेश, चांदनी त्रिपाठी, रामजी शुक्ल, चन्द्रेश्वर प्रसाद मिश्र, अनुसुईया देवी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अमर सिंह, राकेश कुमार सोनी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड परिसर बनकटा में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवा योजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी परशुराम राम द्वारा किया गया। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा रोजगार मेले में चयनित हुए अभ्यर्थियों को ऑफ़र लैटर वितरित करते हुए युवाओ का उत्साहवर्धन किया 7 मेले में 350 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया रोजगार मेले में उपस्थित 6 कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 169 को चयन किया गया। 16 जनवरी को सलेमपुर में आयोजित होने वाला रोजगार मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है जो की अब 27 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा, जिला कौशल प्रबंधक अतिकुर रहमान,उपेन्द्र सिंह चौहान, गोविन्द चौहान,कौशल विकास के कार्यालय सहायक राजेश यादव, आलोक पाण्डेय एवं प्रशिक्षण प्रदाता सुनैना समृद्धि फाउंडेशन, जाईंन आई टी ब्रेन्स के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** आगामी 26 जनवरी 2024 को जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के संबंध में शुक्रवार को तैयारी बैठक अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रमों/आयोजनों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में सभी धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में प्रार्थना सभा, प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किए गए है। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ विशेष रूप से महापुरूषों के प्रतिमाओं की रंगाई पुताई एवं साफ-सफाई करा ली जाए। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बंधित जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे दायित्व सौंपे जा रहें, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें।

## युवा देश की रीढ़ हैं, युवा भविष्य है: त्रिपाठी

### युवाओं के प्रेरणास्रोत है स्वामी विवेकानंद: डॉ एच एस राय



अवधनामा संवाददाता

**पड़रौना, कुशीनगर।** वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति को गौरव दिलाने वाले, युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतीक, स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर हर वर्ष 12 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मनाया जाता है। इसी क्रम में संयुक्त जिला चिकित्सालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन कर युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने कहा कि युवा देश की रीढ़ है, युवा भविष्य है। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि आज के दिन हम सभी स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाते है, इसके साथ ही विवेकानंद के जीवन एवं शिक्षा को युवाओं के बीच पहुंचाने का कार्य भी किया जाता हैं। जिससे उनके अंदर राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत किया जा सके। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष युवा दिवस की थीम इट्स ऑल इन द माइंड यानी सब कुछ आपके दिमाग में है। विवेकानंद की शिक्षा का मूल उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, शिक्षा और चरित्र विकास का बढ़ावा देने पर था। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सीएमएस डॉ एच एस राय ने कहा कि विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत है। भारत सरकार ने 1984 में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को नेशनल यूथ डे मनाने की घोषणा की। उसके अगले वर्ष यानी 1985 से ही देश भर में 12 जनवरी को मनाना प्रारम्भ हो गया। डॉ राय ने कहा कि इस दिवस पर हमें विवेकानंद जी के आदर्शों एवं विचारों को हर युवा तक पहुंचाना है जिसे युवा अपने जीवन मे उतारकर सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ सके। वहां उपस्थित सभी युवाओं को गुलाब देकर स्वागत किया गया।

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति भी अपने को सशक्त महसूस कर रहे: डॉ. रमापति

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के विकासखंड देसही देवरिया में ग्रामसभा दिघवा पौटवा में पहुंची। बतौर मुख्य अतिथि सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन कर, दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर उनके अनुभव को जाना।

कहा कि योजनाओं का लाभ सभी को मिले, सरकार की सीधे तौर पर मंशा है। सबका साथ सबके विकास से ही विकसित भारत बन सकेगा। सरकारी योजनाओं के प्राप्त होने से आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है, उज्ज्वला योजना से माता बहनों के आखों से आंसू निकलने से राहत मिली, तो शौचालय योजना से वे अपने को सुरक्षित महसूस कर रही। किसानों को सम्मान निधि मिलने से खेती किसानी में उनका सहयोग प्राप्त हो रहा। गांव में विद्युतीकरण होने से शहर की भांति गांव भी प्रकाशमान हो रहे, स्वास्थ्य एवं शिक्षा में व्यापक बदलाव आया है। विधवा एवं वृद्धा पेंशन मिलने से लोगों में आत्मसम्मान जगा। कहा कि बहुत सी योजनाएं अभी लोगों में जानकारी के अभाव में अछूती हैं, मोदी की गारंटी है कि जो रह गए हैं, वंचित हैं उन्हें भी भविष्य में योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुके लाभार्थियों का आव्हान किया कि वे अपने क्षेत्र के एंबेसडर बनकर दूसरों को भी बताएं कि उन्हें योजनाओं का फायदा किस तरह मिला है। उन्होंने कहा, %मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इन दिनों गांव-गांव और गली-गली जा रही है और लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बता रही है।

# ई-लाटरी के माध्यम से कृषि अनुदान के लिए चयनित हुए 153 कृषक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक में रू. दस हज़ार से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों यथा-रोटावेटर, लेजर लैण्ड लेवलर, पैडी मल्टी क्राप थ्रेसर, कल्टीवेटर, हैरो, पावर टिलर, ट्रैक्टर माउण्टेन स्प्रेयर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, आलू बोने की मशीन, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, चेपकटर मानव रहित, मिनी राइस मिल, स्ट्रारीपर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लिए विकास खण्ड चित्तौरा के लिए 11, पयागपुर के 08, हुजूरपुर के 20, विशेश्वरगंज के 09, तेजवापुर के 12, महसी के 12, शिवपुर के 06, नवाबगंज के 09, बलहा के 13, मिहींपुरवा के 16, रिसिया के 08, फखरपुर के 15, कैसरगंज के 07 तथा जरवल के 07 कुल 153 कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., सदस्य सचिव उप निदेशक कृशि टी.पी. शाही, संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मण्डल गोण्डा प्रेम कुमार ठाकुर, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश कुमार यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के डॉ. नीरज कुमार, प्रगतिशील कृषक एवं एफपीओ प्रतिनिधि लालता प्रसाद गुप्ता व अमित कुमार सिंह, प्रगतिशील कृषक राम प्रवेश मौर्या, रामफेर पाण्डेय, निरंजन लाल वर्मा, वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं मायादेवी मौजूद रहीं रहीं। समिति की अध्यक्ष जिलाधिकारी मोनिका रानी ने ई-लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग अपने मोबाइल में प्राप्त हुए मैसेज के अनुसार चयनित कृषि यंत्रों का क्रय कर कृषि विभाग के पोर्टल पर बिल अपलोड कर दें। डीएम ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया कि बिल अपलोड करने वाले कृषकों का अधिकारियों की टीम से सत्यापन कराकर नियमानुसार अनुदान की धनराशि उनके खातों में हस्तान्तरित करा दी जाय। उप निदेशक कृषि ने बताया कि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य 153 के सापेक्ष पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल के माध्यम से जिले के 692 कृषकों द्वारा आनलाइन बुकिंग की गई है।

# भूख मिटा रहा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ सप्ताह में एक दिन जनसहयोग के माध्यम से जरूरतमंदों की भूख मिटा रहा है। बृहस्पतिवार की देर शाम जिला अस्पताल में और रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों को स्वादिष्ट भोजन की थाल वितरित की गई। भोजन के मेन्यू में दाल, चावल, रोटी और सब्जी को शामिल किया गया था। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में बृहस्पतिवार देर शाम जिला चिकित्सालय में निशुल्क भोजन वितरण का आयोजन किया गया। निःशुल्क भोजन वितरण मरीजों और उनके तीमारदारों को थाली देकर किया। यहां पर 300 मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन थाल वितरित की गई। जिला अस्पताल के बाद रेलवे स्टेशन पर भोजन वितरण का सिलसिला शुरू हुआ। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर लाभार्थियों को भोजन की थाल वितरित की गई। जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर भी सैकड़ों जरूरतमंदों की भूख संघ की ओर से मिटाई गई। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने कहा कि सभी के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य संपन्न हो रहा है। जैसे-जैसे सहयोग करने वालों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे भोजन की थाल में भी बढ़ोतरी की जाएगी। भोजन वितरण में प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानो, सत्य प्रकाश वर्मा, डॉ. शादाब खान, विजय निगम, हसन वारिस बाबा,राज कुमार यादव,संतोष चौरसिया, मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद वर्दी टेलर, चुन्ने, भोलू, इस्लाम खान पप्पू ,दानिश खान,सुफियान खान, सुल्तान महमूद आतिफ़ खान अफ्तार अहमद जावेद अहमद आदि का सहयोग रहा।

# राहगीर हो या यात्री, रात्रि में भ्रमण कर जरूरतमन्दों को दिया गया कम्बल

- रात सड़क पर निकले राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वॉलिंटियर्स

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शीतलहरीऔर सर्द पछुवा हवाओ से हांड कंपाने वाली ठंड के कारण निर्धन, असहाय ,बेसहारा,यात्रियों ,सड़क के किनारे विश्राम करने वाले लोगो को ठंड से बचाने के लिए निःशुल्क कम्बल उपलब्ध कराने पहुँचे राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वॉलिंटियर्स। कोहरे का चादर लपेटे मौसम में देर रात राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में दर्जनों समाजसेवियों की टीम ने सुल्तानपुर नगर में उच्च गुणवत्ता के कम्बल लेकर भ्रमण किया। ठंड से कंपकँपा रहे लोगो को जब रात में अचानक कम्बल मिला तो यह लोग खुश हो गए और युवाओं को धन्यवाद और आशिर्वाद देते हुए भावुक हो गए। देर रात कम्बल वितरण होता देख लोगो ने कहा कि कम्बल वितरण कर सर्दी से ठिठुरते , गरीब , असहाय के चेहरे पर मुस्कान ला दी। गोद मे बच्चा लिए महिला यात्रियों का तो खुशी का मंजर भावुक कर देने वाला रहा। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि हमारी टीम अभी छोटी है।

इस मुहिम की शुरुआत में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डी बी सिंह, मुखरोग विशेषज्ञ, डॉ मोहतशम रजा, डॉ अनवर आलम, राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दुबे, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय निगम, हाफिज सईद, नफीसा बानों, हाजी मोहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद खान , राशिद वर्दी टेलर्स, डॉ शादाब खान, सत्य प्रकाश वर्मा सेवानिवृत्त आई बी विनोद यादव, अरुण शुक्ला। दानिश खान सुफियान खान, भोलू, चुन्ने, मंजर सलीम, मसूद खान, एकलाख खान, इरशाद खान, अंकित सिंह, सिंकन्दर वर्मा, संतोष चौरसिया, प्रदीप यादव हेमन्त यादव, जय प्रकाश जायसवाल, दीप चन्द्र जायसवाल, विनय पाण्डेय, रमन तिवारी, दिव्यांश विक्रम सिंह, सईद अहमद स्टेडियम, फिरोज खान, आसिफ खान सरदार गुरप्रीत सिंह राज कुमार यादव, सुहेल सिद्दीकी फ़ैज़ उल्लाह अंसारी आतिफ़ खान सुल्तान महमूद कैफ़ी, हसन वारिश बाबा इत्यादि अहम सहयोग रहा।

## अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई अभियान का किया गया निरीक्षण

**सुलतानपुर।** आगामी अयोध्या में आयोजित होने वाले रामोत्सव कार्यक्रम व श्रीराम चरणपादुका यात्रा के दृष्टिगत चल रहे अतिक्रमण हटाने के कार्य, साफ-सफाई अभियान, सौंदर्यीकरण आदि के कार्यो का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पंकज सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 को निर्देशित करते हुए कहा गया कि गोपालदास पुल का निर्माण कार्य 15 जनवरी, 2024 तक पूर्ण कर आम जनमानस के लिये खोल दिया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ तिकोनिया पार्क से पयागीपुर चौराहे तक हटाये गये अतिक्रमण कार्य के अवलोकन के दौरान शाहगंज चौकी के पास फुटपाथ पर फल विक्रेता व चाय की दुकान को फुटपाथ से दूर हटाये जाने के निर्देश दिये गये।

# प्रो. डा. पंकज शर्मा 'मेजर' पद पर प्रोन्नत

- ब्रिगेडियर रौतेला ने मेजर रेन्क प्रदान कर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इतिहास विभाग के प्रोफेसर एवं 56 उ.प्र. एनसीसी बटालियन, झांसी के कम्पनी कमाण्डर, एनसीसी अधिकारी प्रो.(डा.) पंकज शर्मा को एनसीसी निदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उनके एनसीसी विषयों पर व्यापक ज्ञान, असाधारण प्रशिक्षण क्षमता तथा अनुशासित नेतृत्व कौशल प्रदर्शन की अद्वितीय सेवाओं के आधार पर मेजर रैन्क पर पदोन्नत किया गया है। एनसीसी ग्रुप कानपुर के ग्रुप कमाण्डर ब्रिग्रेडियर एस.पी.एस रौतेला, कमान अधिकारी कर्नल संजय मिश्रा एवं सूबेदार मेजर जयप्रकाश ने डा. शर्मा के कन्धों पर मेजर रेंक चढाकर उन्हें सम्मानित किया। ऑफीसर्स प्रशिक्षण अकादमी, काम्पटी, नागपुर में प्रशिक्षण के दौरान प्रो.शर्मा ने अपने दोनों रिफ्रेशर प्रशिक्षण कोर्स के कठोर शारीरिक, मानसिक एवं सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक अल्फा ग्रेड में उत्तीर्ण कर योग्यताक्रम में एक उल्लेखनीय स्थान हांसिल किया। इसके अलावा वे 18 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, दो सैन्य संलग्नता शिविर, एक थल सैनिक शिविर, एक ट्रेकिंग शिविर सहित सन् 2018 से अद्यतन प्रतिष्ठित राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय एकीकरण (एक भारत, श्रेष्ठ भारत) शिविर का एडजूडेण्ट के रूप में सफल संचालन कर चुके हैं। इनके अनुशासनप्रिय कुशल नेतृत्व के बल पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई, बटालियन झांसी स्तर पर विगत कई वर्षों से निरंतर सर्वोत्तम प्रदर्शन करती रही है एवं इनके 92 प्रशिक्षु कैडेट्स भारतीय सेना सहित विभिन्न अर्द्धसैन्य बलों एवं पुलिस बलों में चयनित होकर अपनी उल्लेखनीय सेवायें प्रदान कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर कर्नल सोमवीर, सूबेदार मेजरा, धर्मवीर 56 बटालियन के समस्त पी.आई. स्टाफ, राजकुमार, अरविन्द कुमार, आनन्द सीरोठिया, श्रीचन्द, अंजना निगम, दीपक श्रीवास्तव, भावना अग्रवाल, याशिका शर्मा एवं रंजना आदि उपस्थित थे। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. रवीन्द्रनाथ यादव, प्रो. अवधेश अग्रवाल एवं प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा गौरवान्वित होते हुये बधाई एवं शुभाशीष देने तथा शुभेच्छु प्राध्यापकों एवं सहयोगी कर्मचारियों ने मेजर पद पर पदोन्नति की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुये महाविद्यालय के लिये गर्व का क्षण बताकर हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई

**सुल्तानपुर।** महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एके सिंह थे जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमजीएस के वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश सिंह ने बताया की स्वामी विवेकानंद जैसा विद्वान सदियों में एक बार जन्म लेता है। उनके विचार युवाओं के लिए आदर्श और अनुकरणीय है। स्वामी जी युवाओं से कहते हैं की उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेते हो। समाज के वे लोग जो आपकी मदद करते हैं उन्हें जीवन में कभी मत भूलना। आज युवाओं को अधिक से अधिक अध्ययन की आवश्यकता है। अध्ययन के लिए एकाग्रता जरूरी है और एकाग्रता के लिए ध्यान जरूरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी सिर्फ राष्ट्र के ही नहीं बल्कि विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर न सोए



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आमजन से अपील की है कि शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए कोयले की अंगीठी/हीटर का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन/वायु संचार बनाये रखें ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीला धुआ एकत्र न हो। रात्रि में सोते समय बन्द कमरे में हीटर/अंगीठी का प्रयोग कदापि न करें। बन्द कमरे में हीटर/अंगीठी के प्रयोग से कार्बन मोनो आक्साइड का स्तर बढ़ने तथा ऑक्सीजन का स्तर घट जाने से अक्सर दम घुटने से लोगों की मौत भी हो सकती है। डीएम ने लोगों से अपील की है कि रात को बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर न सोये, अपने तथा अपने परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

## जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच।** वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए मकर संकान्ति, गणतन्त्र दिवस, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, समीक्षा अधिकारी परीक्षा, आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा, यूपी बोर्ड परीक्षा, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधिनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024, बसन्त पंचमी व महाशिवरात्रि आदि आगामी त्योहारों एवं अयोध्या में श्री राम मन्दिर उद्घाटन/प्राण प्रतिष्ठा तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेउ्ट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा दं.प्र.संहिता, 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 27 प्रस्तर 14 जनवरी 2024 से 11 मार्च 2024 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## अनुरक्षण कार्य के लिए बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच।** उप खण्ड अधिकारी आनन्द सिंह ने बताया कि 13 जनवरी 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-गुल्लाबीर से पोषित 11 के.वी. गुल्लाबीर फीडर पर प्रस्तावित पर अनुरक्षण कार्य के कारण पूर्वान्ह 10:00 बजे से सांयकाल 05:00 बजे तक गुल्लाबीर, मीरपुर कस्बा, घसियारीपुरा मस्जिद, गुल्लाबीर कालोनी आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। श्री सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही व्यवस्थित कर ले।

## संजय सिंह राज्यसभा भेजे गये, आप ने जताया हर्ष



**ललितपुर।** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा में भेजे जाने पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया गया। इस खुशी के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराते हुये हर्ष व्यक्त किया। वक्ताओं ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीबाल का धन्यवाद देते हुये अपनी-अपनी बात रखी। तत्पश्चात बैण्ड बाजों के साथ कार्यकर्ताओं ने नृत्य करते हुये मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड के प्रान्तीय अध्यक्ष विवेक जैन, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., महासचिव अनूप ताम्रकार, जिला मंत्री रमेश कुमार झां, महिला अध्यक्ष हरीबाई राजपूत, पूनम राजा, मीना, डा.सोबरन सिंह, बुद्धसिंह बुन्देला, गनेशराम रजक, हजारीलाल राजपूत, प्रमोद कुमार नामदेव, मनीष जैन, महेन्द्र कुमार पाराशर, कैलाश नारायण एड., दीपक सिंह, अनुराग सिंह एड., मानसिंह, गजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# तहसील तालबेहट को मिला आई.एस.ओ. प्रमाण पत्र

- जिलाधिकारी ने एसडीएम तालबेहट को प्रदान किया सर्टिफिकेट

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के कायाकल्प हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा उपजिलाधिकारी तालबेहट श्रीराम यादव को गुणवता प्रबंधन तंत्र (आईएसओ 9001-2015) प्रमाणपत्र आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कुछ माह से तहसील तालबेहट के ढ्रस्ह प्रमाणन हेतु उपजिलाधिकारी तालबेहट की अध्यक्षता में विभिन्न तरह की गतिविधियां जिनमें प्रमुख रूप से पूरे कार्यालय भवन का पुनरुद्धार, सौंदयीकरण, रंगरोगन, आंगतुकों हेतु स्वागत कक्ष का निर्माण, पेयजल की उचित व्यवस्था, कार्यालयों में अभिलेखों का बेहतर प्रबंधन इत्यादि की जा रहीं थी, जिस हेतु प्रमाणन संस्था के माध्यम से विभिन्न पटलों की ऑडिट के पश्चात यह प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। तहसील का आईएसओ प्रमाणन, केंद्रीय कमर्शियल मंत्रायलय के अधीन स्वायत्त संस्था क्वालिटी कौंसिल ऑफ इंडिया से सम्बद्ध नेशनल अवक्रेडिटशन बोर्ड ऑफ सर्टिफिकेशन बॉडी के अधीन संस्था द्वारा किया गया तथा इन सुधार कार्यो तथा प्रमाणन प्रक्रिया में सहयोग लखनऊ स्थित संस्था अपेक्स अस्सेस्मेंट प्रा. लि. ने किया, जिनके प्रतिनिधिगण पिछले कुछ माह से तहसील क्षेत्र में रह कर ही दैनिक रूप से उपरोक्त कार्य पूर्ण करा रहे थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अंकुर श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी तहसील तालबेहट श्रीराम यादव, नाजिर राजेश कुमार, नाजिर सदर नरेंद्र कुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारी (राजस्व सहायक) वीरेन्द्र कुमार जैन, (न्याय सहायक) आशीष श्रीवास्तव, सूचना विभाग से सुमित कुमार एवं प्रवीण कुमार सलाहकार तथा जिलाधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर होगी बेहतरीन परेड

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके उपरांत आगामी गणतन्त्र दिवस राष्ट्रीय पर्व परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी ने मौके पर ही यू.पी. 112 के वाहनों को चेक करते हुये यू.पी. 112 पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराया गया। साथ ही यू.पी. 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने परिवहन शाखा, अपराध शाखा, स्टोर, भोजनालय, बैरकों, पुलिस कैन्टींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# विश्व युवा दिवस के रूप में मनाई गयी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** विश्व युवा दिवसके रूप मे स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के अवसर पर समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रबंधक डॉक्टर ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी के निर्देशन,प्राचार्य प्रो अंग्रेज सिंह राणा के आयोजकत्व एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के नेतृत्व में प्रभात फेरी सीता कुंड से निकालकर इसका समापन व्याख्यान माला के साथ किया गया।मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर अंग्रेज सिंह राणा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत युवाओं का देश है और जिस समय भारत अंग्रेज़ों की गुलामी में था, भारत का एक युवा विदेश में भारतीय धर्म और संस्कृति का डंका बजा रहा था।अतः स्वामी जी के संदेश उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए को अपने जीवन में उतारने की बात उन्होंने युवाओं से कही। साथ ही प्राचार्य ने जोर देकर कहा कि सच को कहने के हजारों तरीके हो सकते हैं फिर भी सच तो वही रहता है।व्याख्यान माला में डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव ने स्वामी जी के बारे में बोलते हुए कहा की स्वामी जी आडंबर विरोधी थे। वे दरिद्र के भीतर ईश्वर को देखने की बात कहते थे, वे शिक्षा को सूचनाओं का संग्रह मात्र नहीं मानते थे।वह सभी धर्मो के आदर की बात करते थे। कार्यक्रम में जहां छात्र -छात्राओं साक्षी सिंह, खुशी यादव, अनुष्का श्रीवास्तव, खुशी श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा तिवारी, दीपा सिंह, खुशी दूबे, मनीषा गुप्ता, दीपेंद्र सिंह ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये, वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह, डॉक्टर शाहनवाज़ आलम ने समीक्षात्मक भाषण प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉक्टर विनय कुमार मिश्र ने किया। प्रमुख रूप से प्रोफेसर जयशनाथ मिश्र, डॉक्टर आलोक रावत, डॉ. विनय कुमार पाण्डेय, डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. अजय मिश्र, डॉ. विष्णुशंकर अग्रहरि, कार्यालय अधीक्षक राजकुमार पांडेय, आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह तथा नंदलाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।


## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल सेव हाउसिंग फाइनेन्स लि0, लखनऊ द्वारा अपने ग्राहक श्रीमती गुरविन्दरजीत कौर व रंजीत सिंह को उनकी सम्पत्ति भवन मय भूमि क्षेत्रफल 125.464 वर्ग मीटर जो खसरा सं0- 182 का भाग है स्थित- इब्राहिमपुर, वार्ड- इब्राहिमपुर व जिला- लखनऊ को बंधक रखकर ऋण प्रदान करना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति की पूर्व श्रृखंला से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख दिनांकित 01.11.2002 बही सं0 1, जिल्द सं0 5208 पृष्ठ सं0 297/312 पर क्रमांक 8024 जो श्री शिव नारायण सिंह द्वारा श्रीमती निर्मला सिंह के पक्ष मे निष्पादित है व विक्रय अनुबंध पत्र (बिना कब्ज़ा) दिनांकित 16.09 3003 बही सं0 1, जिल्द सं0 5827 क्रमांक 11483 जो श्रीमती निर्मला सिंह पत्नी देवनाथ सिंह एवं श्री रंजीत सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह के मध्य निष्पादित है, उनके अनुसार कहीं खो गये हैं। यदि किसी व्यक्ति व संस्था को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस गापति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 7 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवचि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

(एम.एम. सिद्दीकी)
एडवोकेट
मो0 8896584050
कार्यालयः भूतल, मक्का मंजिल, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ।

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार**
(वाक इन इंटरव्यू)

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु 04 मेडिकल प्रैक्टिसनरों पुरुष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी और अनुबंध की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अनुबंध को आगे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और अधिकतम अनुबंध की अवधि 12 वर्ष की हो सकती है। सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को 65 वर्ष की आयु तक (एक वर्ष हेतु) अधिकतम पाँच अनुबंध अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

– इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। विस्तृत विवरण नियम शर्तें, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ.रे./चारबाग, लखनऊ। | 17.01.2024 | 11.00 बजे |

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ.रे., लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ.रे. के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु (CMP-GDMO) | 04 GDMO (OBC-01, UR-02, EWS-01) | MBBS |

**शैक्षिक योग्यताः-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**पारिश्रमिकः-** CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न है–

| सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रुपये में |
|---|---|
| GDMO | 75,000/- |

**आयुः- क.** दि. 01.01.2024 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए / OBC को 03 वर्ष की नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

**ख.** सेवानिवृत्त आई.आर.एम.एस. अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि.– 01.01.2024 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।

**ग.** वर्तमान नियमों के अनुसार आरक्षण नीति लागू होगी।

**पदों की संख्याः- 04**

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | OBC | UR | EWS |
|---|---|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल उ.रे. की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 01 GDMO | 02 GDMO | 01 GDMO |

**घ.** चयनित CMP/GDMO को Private practice करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी।

रिक्तियाँ केवल सांकेतिक है, आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। प्रशासन चयनित उम्मीदवारों को लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे में कहीं पर भी नियुक्त कर सकता है।

159/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर

संख्याः 1843/जि0आ0अधि0/सुलतानपुर/चेता0/अपील/2023-24/ दिनांक : जनवरी, 12, 2024

**चेतावनी/अपील**

जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध स्थानों/अड्डों से खरीदी गयी शराब जहरीली हो सकती है। इसमें मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है। मिथाइल अल्कोहल एक घातक जहर है। इसकी थोड़ी सी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है और उसकी जान भी जा सकती है और उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

अतः किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। ''सस्ते के चक्कर में जान न गवायें''। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुज्ञापित मदिरा की दुकान से ही सही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी हुई बोतलें तथा टेट्रा पैक ही खरीदें।

इसके अतिरिक्त किसी भी सरकारी मदिरा की दुकानों पर किसी प्रकार की शिकायत/ओवर रेटिंग तथा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री होने की सूचना, प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर 9454466019 तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 (तहसील सदर) सुलतानपुर मो0नं0 8004490847, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 (तहसील कादीपुर) सुलतानपुर 8318983571, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 (तहसील जयसिंहपुर) सुलतानपुर 9453328884, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 (तहसील लम्भुआ) सुलतानपुर 9451587745, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 (तहसील बल्दीराय) सुलतानपुर 7007078052 पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम, नम्बर गुप्त रखा जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी**
**सुलतानपुर।**

# विशेष सचिव नें गौशालाओं का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** शुक्रवार को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से नामित जनपदीय नोडल अधिकारी शिव प्रसाद द्वारा दिनांक 11.01.2024 से 13.01.2024 तक जनपद हमीरपुर भ्रमण कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 11.01.2024 को नगर पंचायत कान्हा गौशाला सुमेरपुर का निरीक्षण किया गया जिसमें 592 गोवंश संरक्षित पाये गये। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गौशाला के चारो तरफ त्रिपाल व आलाव इत्यादि की समुचित व्यवस्था पायी गयी। गोवंशो के भरण-पोषण हेतु भूसा चारा व पानी पीने हेतु स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी।


इसीक्रम में गो आश्रय स्थल मकरांव विकास खण्ड मौदहा का निरीक्षण किया गया जिसमें 319 गोवंश संरक्षित पाये गये। गोवंश के रख-रखाव हेतु आवश्यक मूलभूत आवश्यकताएं यथा शेड, चरही, छाया एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल व आलाव की व्यवस्था पायी गयी। गोवंश के भरण-पोषण हेतु हरा चारा भी मौके पर पाया गया।

दिनांक 12.01.2024 को गो आश्रय स्थल जराखर विकास खण्ड गोहाण्ड का निरीक्षण किया गया जिसमें 168 गोवंश संरक्षित एवं स्वस्थ्य पाये गये तथा गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था पायी गयी बीमार गोवंश के लिये 01 अलग शेड बना हुआ पाया गया। गोवंश के भरण-पोषण हेतु गौशाला में लगभग 430 कुन्टल भूसा उपलब्ध पाया गया साथ दाना बनाने की मशीन भी लगी पायी गयी एवं वर्तमान में चार बीघे में हरा चारा भी लगा पाया गया। गौशाला निरीक्षण के समय 01 गोबर गैस प्लाट पाया जो अपूर्ण है उसे पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है। गौशाला में अच्छे पशुओं को देख कर विशेष सचिव द्वारा निर्देश दिये गये कि दूध देने वाले गोवंशों को सुपुर्द कराना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को लाभ मिल सकें।

इसी क्रम में पंजीकृत ओम गौशाला गिरवर राठ का निरीक्षण किया गया जिसमें 300 गोवंश संरक्षित पाये गये गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गौशाला में त्रिपाल व आलाव इत्यादि की समुचित व्यवस्था पायी गयी। गोवंशो के भरण-पोषण हेतु भूसा चारा व पानी पीने हेतु स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी। निरीक्षण के समय विशेष सचिव महोदय द्वारा गोबर गैस प्लांट तथा वर्मी कम्पोस्ट बनाने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी मौदहा, राठ, सुमेरपुर, गोहाण्ड व जराखर उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी ने रैनबसेरा व सरकारी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण ठंड, कोहरा और शीतलहर के चलते एसडीएम ने मुख्य सड़कों सहित सीएचसी और रैनबसेरा जाकर व्यवस्था देखी और अलाव में अधिक लकडि़यों के जलाने की बात कही। एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा ने सुबह सुबह कस्बे के सरकारी अस्पताल, रैनबसेरा सहित कस्बे के मुख्य मार्ग थाना चौराहा सहित अन्य स्थानों और नगरपालिका द्वारा जलाए जाने वाले अलावों का निरीक्षण किया। हालांकि सरकारी अस्पताल और रैनबसेरा में सभी व्यवस्थाऐं सही पाए जाने के साथ ही कस्बे के थाना चौराहा, स्टेशन, मलीकुआं चौराहा, बड़ा चौराहा और सरकारी अस्पताल में नगरपालिका द्वारा जलाए जाने वाले अलाव में और अधिक लकड़ियों को जलाने की बात अधिशासी अधिकारी से कही ताकि राहगीरों और अस्पताल में तीमारदारों को देररात तक अलाव में आग तापने को मिल सके।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह तैयारियों के संबंध में बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत दिनॉक 27.01.2024 को राठ एवं दिनॉक 31.01.2024 को हमीरपुर कुछेछा में होने वाली सामूहिक विवाह की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी पात्र जोडों के चयन हेतु दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पात्र जोड़ों के चयन हेतु जो लक्ष्य दिया गया है उसको समयबद्ध पूर्ण कर लिया जाए ताकि आगामी निर्धारित दिवसों में एक बड़ा एवं भव्य सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित कर लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने वार्डो एवं ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कर पात्र जोड़ों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की शिथिलताध् लापरवाही न बरती जाए। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 51000 की सहायता राशि का प्रावधान है, जिसमें से 35000 लड़की के खाते में तथा10000 के सामान जिसमें कपड़ा ,बिछिया ,पायल बर्तन दिया जाता है।

## रोजगार मेले में 163 बेरोजगारों का हुआ चयन

**नरैनी।** कौशल विकास मिशन और सेवायोजन कार्यालय ने रोजगार मेले का आयोजन कर 163 अभ्यर्थियों का चयन किया। आयोजन में विभिन्न कंपनियों ने हिस्सा लिया। विकास खंड परिसर में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने संयुक्त रूप से रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले में दूरदराज के गांवों से आए 478 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और अपने अपने आवेदन किए। इसमें विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 163 अभ्यर्थियों को चयनित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला समन्वयक प्रदीप अग्निहोत्री, जिला सेवायोजन अधिकारी ओपी पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य की गोष्ठी एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में युवा महोत्सव के रूप में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय स्तर पर चलाए जा रहे हैं स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हमीरपुर ने सभी महाविद्यालय के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र एवं छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदान हेतु मतदाता सूची से जोड़ने का निर्देश दिया तथा विद्यालयों के माध्यम से नए मतदाताओं को जागरूक करने अपेक्षा की। अपर जिलाधिकारी हमीरपुर ने नए जुड़े मतदाताओं का को मतदान का महत्व बताया उप जिलाधिकारी निर्वाचन खालिद अंजुम ने विद्यालयों में एवं ईवीएम व वी वी पैट एवं मार्ग ड्रिल जानकारी दी। स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने विद्यालयों में ईएलसी क्लब एवं वोटर अवेयरनेस फोरम के साथ ही मतदाता हेल्प डेस्क एवं नोडल शिक्षक द्वारा जन जागरूकता तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वीप अभियान से सभी को प्रतिभागिता व जागरूकता के बारे में बताया इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शासन से आए हुए स्मार्टफोन का लाभार्थी छात्र एवं छात्राओं को वितरण व जागरूकता के साथ डिजिटल इंडिया से जुड़ने की अपेक्षा की। मतदाता जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनमानस को टीम ने जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली द्वारा किया गया।

## विवेकानंद जयंती और स्थापना दिवस पर कराया भोज

**बांदा।** शुक्रवार को दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार की बांदा ईकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती और 28वां सेवा मिशन स्थापना दिवस के मौके पर नरैनी रोड स्थित वृद्धा आश्रम में सहभोज का आयोजन किया। इस दौरान सभी वृद्धजनों को भोजन कराया गया। इसके बाद महेंद्र देवपुरिया जी ने मिशन के कार्यो के बारे में वहां पर कार्यरत कर्मचारियों को बताया।

मिशन के जिला संयोजक दिनेश दीक्षित ने आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी। अंत में मिशन के सह संयोजक अमित सेठ भोलू ने आये हुए लोगों का आभार जताया। मिशन के कार्यकर्ता सुनील दीक्षित, अवधेश शर्मा, प्रेम गुप्ता, राजेश शुक्ला, शिवाआधार गुप्ता, शिवदत्त त्रिपाठी बच्चा भईया, बिजली गुप्ता सहित मिशन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 20 छात्र-छात्राओं को दिये गये स्मार्टफोन



अवधनामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** स्वामी विवेकानन्द यूवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत दिनांक 12/01/2024 को जिलाधिकारी राहुल पांडे की अध्यक्षता में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इसअवसर पर डिग्री कॉलेज में अध्ययन छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि युवाओं को तैयार कर 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पूर्ण करें। जनपद में कुल 15800 स्मार्टफोन आवंटित हुए इसके सापेक्ष 4114 स्मार्टफोनों का वितरण अब तक किया जा चुका है इसी क्रम को बढ़ाते हुए आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 20 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन देकर उत्तर प्रदेश की लाभकारी योजना से लाभान्वित किया गया। इस ऑफर पर अपर जिलाधिकारी अरुण मिश्रा उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम जिला विद्यालय निरीक्षक के के ओझा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह स्मार्टफोन प्रभारी चक्रेश तथा जनपद के विभिन्न महाविद्यालय एवं नवोदय विद्यालय के प्राचार्य तथा लाभार्थी बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

# रात में सड़क किनारे सो रहे ज़रूरतमंदो को बांटे कंबल



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** खबर राबर्ट्सगंज से है जहा दावते इस्लामी इंडिया डिपार्टमेंट के जीएनआरएफ फाउंडेशन की तरफ से आज राबर्ट्सगंज में बढ़ती ठंड को देखते हुए जीएन आरएफ फाउंडेशन की टीम द्वारा राबर्ट्सगंज शहर के मुख्य मार्गो और बस स्टैंड, जिला अस्पताल पर सड़क किनारे सो रहे ज़रूरतमंदो को कंबल बांटे है। बता दे की वही दावते इस्लामी इंडिया के डिवीजन निगरान हाफिज नसीम अत्तारी ने बताया है की ये दावते इस्लामी इंडिया का ये बहुत अच्छा डिपार्टमेंट है ज़हज़्रज़्न जिसके तहत हम लोग नेक काम करते है, लोगो की मदद करते है। इसी के तहत ठंड बहुत है जिसको देखते हुए दावते इस्लामी वाले कंबल वितरण के लिए निकले हुए है। हमारा मकसद है की जो ग़रीब है और ज़रूरत मंद है जो सड़को के किनारे सो रहे है उसके तक ये कंबल पहुंच जाए यही हमारा मक़सद है। इस दौरान दावते इस्लामी इंडिया कमेटी के मोहम्मद रिजवान खान, अनवर अहमद , सुहेल अत्तारी, शमसाद भाई, शमीम अत्तारी, मुन्ना भाई, इमरान भाई, तालिब भाई , सोनू भाई आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की मेजबानी के लिये तैयार है तथागत



अवधनामा संवाददाता

- चार दिवसीय महिला प्रतियोगिता में चार सैकड़ा खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग
- अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगा आयोजन

**बांदा।** मंडल मुख्यालय के अतर्रा में पहली बार खेलो इंडिया के तहत चार दिवसीय राष्ट्रीय महिला खो-खो लीग प्रतियोगिता 18 जनवरी से शुरू होगी। लीग का आयोजन खेल मंत्रालय के सहयोग से भारतीय खो-खो महासंघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 12 राज्यों की टीमों के दो सैकड़ा से ज्यादा खिलाड़ी भागीदारी करते हुए अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान मंडलीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि खो-खो पारंपरिक भारतीय खेल है, जो प्राचीन भारत से चला आ रहा है। यह भारतीय उपमहाद्वीप में कबड्डी के बाद दूसरा सबसे लोकप्रिय पारंपरिक खेल है। खो-खो आयताकार कोर्ट पर खेला जाता है।

यह खेल पूरे दक्षिण एशिया में व्यापक रूप से खेला जाता है। यह भारत और पाकिस्तान में स्कूली बच्चों द्वारा सबसे अधिक खेला जाता है। अल्टीमेट खो-खो की पहली लीग का अगस्त 2022 में भारत में अनावरण किया गया था। खो-खो का प्रदर्शन 1936 के बर्लिन ओलंपिक में अन्य पारंपरिक भारतीय खेलों के साथ किया गया था। यह अब दक्षिण एशियाई खेलों में एक पदक खेल है। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिताएं भारतीय खो-खो महासंघ और इंग्लैंड के महासंघ जैसे संगठनों के सहयोग से आयोजित की जा चुकी हैं। यह खेल दक्षिण एशियाई प्रवासियों द्वारा विदेशों में फैलाया गया है। इसे खेलो इंडिया जैसे प्रमुख खेल आयोजनों में स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया के तहत चार दिवसीय सब जूनियर (मध्य क्षेत्र) और सीनियर महिला खो-खो लीग प्रतियोगिता अतर्रा स्थित तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल (अतर्रा) में 18 जनवरी से शुरू होगी। कहा कि यह प्रतियोगिता बुंदेलखंड के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उप जिलाधिकारी इरफान उल्लाह खान ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए जिला मुख्यालय व अतर्रा तहसील से सभी व्यवस्थाएं प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, निदेशिका संध्या कुशवाहा, भागवत प्रसाद अकादमी प्रधानचार्य वृंदा विजय जिनराल आदि उपस्थित रहे। चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा ने सभी का आभार जताया।

# युवा महोत्सव पर सेमिनार का आयोजन, छात्राओं ने किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** विन्ध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय राबर्ट्सगंज सोनभद्र में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार का आयोजन नागालैण्ड विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग तथा विन्ध्य कन्या महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में ÷अध्ययन पद्धतियों का पारस्परिक आदान-प्रदान÷ विषय पर किया गया। जिसमे दानो राज्यों के छात्र-छात्राओं प्रोफेसरो तथा रिसर्च स्कालरों द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमे नागालैण्ड विश्वविद्यालय प्रोफेसर अम्बरीश सिंह, तेम्सुइनला अमेर, अचेन्ला तथा रिसर्च स्कॉलर थेरोला और मान्थाइ सहित 19 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय को नेहरू युवा केन्द्र सोनभद्र के उपनिदेशक अनिल सिंह द्वारा अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नें छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती ऐसे समय में इस बार पड़ रही है जब सारा भारत अयोध्या जी में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की प्रतिक्षा कर रहा है। 22 जनवरी 1863 को विश्वनाथ दत्त के पुत्र के रूप में मकरसक्रान्ति संवत् 1920 को जन्मे विरेश्वर ही नरेन्द्र नाथ दत्त थे जिन्हे स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने विवेकानंद नाम दिया था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजली विक्रम सिंह ने सम्बोधन में कहा की स्वामी विवेकानंद के विचार ज्ञान की खान है उन्होने कहा था उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय। इस अवसर पर नागालैण्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अम्बरीश सिंह ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ सत्र 2023 में टॉप-10 में एम0ए0 इतिहास की-2 चित्रकला की-3 तथा शिक्षाशास्त्र की 1 छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के ट्रस्टी डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 कैलाश नाथ, डॉ0 अरुणेन्द्र संदल, डॉ0 मालती, डॉ.0 अनुग्रह सिंह, पंकज सिंह, मनीश, अनिश सिंह तथा समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# फल वितरण कर मनाया प्रियंका का जन्मदिन

- सोनभद्र से बहुत करीबी लगाव रहा है गांधी परिवार का
- बेरोजगार, किसान, व्यापारियों की आवाज है प्रियंका गांधी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के अवतरण दिवस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) द्वारा घोरावल विधानसभा के उरमौर में स्थित बाल गृह बालक पर अनाथ बच्चों को फल वितरित कर उन्हे याद किया गया।आशु दुबे ने कहा कि जनपद सोनभद्र से गांधी परिवार का बहुत पुराना नाता रहा है।देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू सोनभद्र जनपद को मिनी स्विट्ज़रलैंड के रूप में देखना चाहते थे। वही जब सोनभद्र में उम्भा की घटना हुई, उसमें प्रियंका गांधी ने सर्वप्रथम घटना संज्ञान में लेकर यहां के अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी और न्याय भी दिलाया। किसान, व्यापारी, नौजवान, बेरोजगार, आम-जनमानस की आवाज के रूप में प्रियंका गांधी जी है, हम सभी ये जानते हैं की सर्वप्रथम उनकी लड़ने के लिए हमेशा आगे आती हैं और उनकी आवाज को बुलंद करती हैं। बाल गृह बालक में बाल कल्याण अधिकारी के रूप में कार्यरत श्यामू यादव जी ने बताया कि यहां पर 10 साल से 18 साल तक के बच्चों को सुधार हेतु अगर उन्हें कोई सजा हुई है तो लाया जाता है , सन 2023 में करीब 68 बच्चों को उनके परिवार के सुपुर्त यहां से स्थानांतरित करके किया भी गया था। यह संस्था करीब 2011-12 से चल रही है। युवा नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं उनका शिक्षा दीक्षा होना समय पर अति आवश्यक है उसका ख्याल रखना चाहिए, युवा कांग्रेस के नेता सूरज वर्मा ने कहा कि अनाथ बच्चों के साथ सबको ध्यान देकर उनका समर्थन करना चाहिए क्योंकि ये हमारे देश के भविष्य हैं, युवा कांग्रेस के नेता अंशु मद्धेशिया ने कहा कि सामाजिक और स्थानीय नेताओं को भी बीच-बीच में आकर यहां के बच्चों का उत्साह वर्धन करना चाहिए ताकि वह आगे चलकर देश समाज की सेवा कर सकें।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वीप कोऑर्डिनेटर बने अकबर अली



**हमीरपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में आगामी लोकसभा निर्वाचन तथा स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप टीम का गठन किया गया है । जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक हमीरपुर को स्वीप नोडल अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर को स्वीप सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। विभिन्न विभागों से सामंजस्य कर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की जिम्मेदारी हेतु स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर में अकबर अली जिला स्काउट मास्टर बेसिक हमीरपुर को नियुक्त कर निर्देशित किया है कि जनपद में जिला निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जिससे जनपद में आगामी लोकसभा निर्वाचन में सभी वोटर्स की बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता हो। इस हेतु एक कार्य-योजना बना कर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ-साथ अन्य विभागों में भी स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## दो लोगों पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढाओ के नारे की आएदिन धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जहां पर बेटियों के साथ ही छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही है ऐसे ही मामले में विवाहिता के साथ छेड़खानी करने का दो लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रामकरन पुत्र श्यामू और मनीष पुत्र सत्यनारायण ने उसके साथ छेड़खानी करने के साथ ही गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन




**मौदहा-हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मौदहा के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा से मोनू गुप्ता, राष्ट्रीय छात्र शक्ति के प्रदेश संयोजक अक्षय गहोई व कोचिंग के संचालक शोभित आदि उपस्थित रहे उमेश शर्मा ने युवाओं को उद्बोधित करते हुए बताया कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता अगर मन में इच्छा शक्ति हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं का प्रेरणा स्रोत हैं, विद्यार्थी परिषद भी ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र को अपना करके स्वामी जी और मां सरस्वती के विचारों पर चलती है ढ्ढ एबीवीपी छात्र की प्रत्येक समस्या को हल करती है एवं युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम में नवनीत चौहान , आयुष निगम , लखन लखेरा, अश सोनी ,आर्यन गुप्ता आदि कार्यकर्ता एवं 200 से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## चुर्क-घुर्मा नगर वासियों को 3 करोड़ की सौगात



**सोनभद्र/चुर्क।** नगर पंचायत चुर्क- घुर्मा कार्यालय परिषद में विवेकानंद जी के जयंती पर विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करने के बाद सदर विधायक भूपेश चौबे,नगर पंचायत चुर्क घुर्मा चेयरमैन मीरा यादव,के द्वारा शिलान्यास किया गया और उसके बाद बच्चों के द्वारा नगर में स्वच्छ का संदेश पहुंचाने के लिए रैली भी निकल गई लगभग 3 करोड़ का शिलान्यास किया गया शिलान्यास में नाली, सड़क इंटरलॉकिंग, पेयजल इत्यादि नगर वासियों को सदर विधायक भूपेश चौबे ने सौगात दिया कार्यालय परिषद में मोदी से डायरेक्ट जुड़ने के लिए नमो ऐप भी लोगों को डाउनलोड करवाया गया सदर विधायक ने कहा कि विवेकानंद जी की जयंती पर उनके जीवन गाथा पर उन्होंने बताया आज लगभग तीन करोड़ का शिलान्यास किया गया और कहां की एक प्रयास नगर पंचायत चुर्क घुर्मा को चकचक चुर्क बनाने का है जो अब सहकार होता दिख रहा है इस शिलान्यास कार्यक्रम में सभासद हिमांशु खत्री, सूरज चंद्रवंशी, अशफाक कुरैशी, विशाल सिंह, पूनम देवी, आरती देवी, उषा देवी चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे, जयराम वर्मा, शिवकुमार सिंह, अरुण सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपचंद महतो, प्रशांत सिंह, संजय सिंह, साधना सिंह, संगीता सिंह चुर्क नगर की जनता जनार्दन मौजूद रहे।

## नाबालिग को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**नरैनी।** एक युवक के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 7 जनवरी की रात उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का मुस्लिम युवक सलमान पुत्र हनीफ बहला फुसलाकर साथ ले गया है।

## छात्राओं को कराया गया थाना भ्रमण



**कमासिन।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्राएं जो व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, शुक्रवार को उन्हें थाने का भ्रमण कराया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष जयचंद सिंह ने छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराने के बाद बंदी ग्रह, शस्त्रागार, क्राइम रजिस्टर, महिला सशक्तिकरण व साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य हेमलता वर्मा, इन्डस एजुकेशन कोऑर्डिनेटर इमरान खान समेत व्यावसायिक शिक्षक मयूरेश आजाद मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने श्रीरामोत्सव-सबके राम कार्यक्रम को सम्बोधित किया

अवधनामा ब्यूरो

- मैं स्वयं 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं: मुख्यमंत्री योगी
- मुझे दृढ़विश्वास था कि प्रभु श्रीराम का मन्दिर अवश्य बनेगा: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम का स्वयं के भव्य मंदिर में पुनरागमन हो रहा है। यद्यपि प्रभु श्रीराम सर्वव्यापी हैं, लेकिन भव्य मंदिर में उनका आगमन हृदय स्पर्शी होगा। तुलसीदास ने कहा था कि अवधपुरी सोहइ एहि भाँती, प्रभुहि मिलन आई जनु राती।'

अर्थात् अवधपुरी इस प्रकार सुशोभित हो रही है, मानो प्रभु से मिलने आई हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप अयोध्या में इस भावना को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य विगत दो-तीन वर्षों से प्रदेश सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री आज यहां फार्चून होटल सभागार में दैनिक जागरण द्वारा आयोजित श्रीरामोत्सव-सबके राम कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं तथा देश और दुनिया में निवास करने वाले सनातन धर्मावलम्बी 22 जनवरी की तिथि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल शोभा कै खानी।' अर्थात् प्रभु के आगमन का समाचार सुनकर अवधपुरी सम्पूर्ण शोभा की खान हो गई है। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार अयोध्या को सजाने-



संवारने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या में अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से अनेक प्रयास किए गए हैं। भारतीय जनमानस प्रफुल्लित और उत्साहित है। प्रभु श्रीराम के विग्रह को उनके भव्य मंदिर में विराजमान होने की तिथि नजदीक आ रही है, यह भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि वह तीसरी पीढ़ी के हैं, जो इस आन्दोलन और अभियान के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की पावन जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन द्वारा बरती जा रही क्रूरता और बर्बरता के कारण लोगों के मन में निराशा का भाव था।



वरिष्ठ शिया मुस्लिम धर्मगुरु ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना डॉ0 यासूब अब्बास ने दानिश आजाद अंसारी राज्यमंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण,मुस्लिम वक़्फ़ एवं हज) उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाक़ात कर मुस्लिम समाज के कई अहम मुद्दों पर बात की।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों में यूपी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

- स्वच्छता के लिए समर्पित उत्तर प्रदेश में दो साल में हुआ ऐतिहासिक सुधार
- यूपी के 65 शहर हुए कचरा मुक्त: ए.के. शर्मा

**लखनऊ।** देश के स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस बार यूपी ने एक इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। वाराणसी और प्रयागराज को स्वच्छ गंगा टाउन श्रेणी में सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया। ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाने में कामयाब हुए हैं। जिससे हमने एक ऐतिहासिक समस्या से निजात पाई है। अब हमारा लक्ष्य सभी नगरों के लिए ओडीएफ. के उच्च मानकों को हासिल करना और स्वच्छता में वैश्विक मापदंडों तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मंत्री शर्मा ने इस ऐतिहासिक व सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए नगर विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही सफाईमित्रों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा आज जल निगम फील्ड हास्टल संगम, लखनऊ में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत बनाने का आह्वान व पहल का ही परिणाम है कि हम सब स्वच्छता की ओर बढ़ रहे हैं। सभी के सहयोग से ही यूपी में स्वच्छता के नये मापदंड स्थापित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अभी हम रूक नहीं सकते, न ही थक सकते हैं। अभी तो शहरों को व्यवस्थित करने का सही रास्ता पकड़ा गया है। शीघ्र ही यूपी के शहरों को देश के सबसे स्वच्छ शहर बनाना है और यूपी को देश का सबसे स्वच्छ प्रदेश। प्रदेश के नगरों की ग्लोबल बेंच मार्किंग करनी है। सभी मापदंडों के साथ वैश्विक नगर बनाना है।

# प्रियंका गांधी वाड्रा का सादगी से मनाया जन्मदिन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में सादगी के साथ मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने पार्टी मुख्यालय में केक काट कर प्रियंका गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा कि हम गांधीवादी विचारधारा के मानने वाले लोग हैं। हम हर दिन को, हर आयोजन को समाज में खड़े आखिरी व्यक्ति के हित से जोड़ कर देखते हैं। हम अपने वरिष्ठ नेताओं के जन्मदिन को भी वंचितों को लाभ देने के अवसर के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रिचा कौशिक सहित अन्य कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी को मुबारकबाद देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी ने बताया कि जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी ने निलमथा स्थित रैन बसेरे में रहने वाले मजदूरों को कम्बल वितरित किये। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, डॉ. रिचा कौशिक, सिद्धिश्री, मेहताब जायसी, अंकित तिवराी आदि ने सदर स्थित गुरुद्वारे और चारबाग रेलवे स्टेशन पर गरीब मजदूरों को कम्बल वितरित कर कड़ाके की ठण्ड से राहत पहुंचाने का काम किया।

# पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने शुक्रवार को मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के साथ लखनऊ मण्डल के रामघाट हाल्ट एवं कटरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरम्भ में महाप्रबंधक ने कटरा रेलवे स्टेशन पर हुए यात्री सुविधा उन्नयन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होनें स्टेशन मास्टर कार्यालय, स्टेशन के नये प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार, पीपी शेल्टर, नये प्रसाधन का निर्माण तथा पुराने प्रसाधन का नवीनीकरण, 40000 लीटर क्षमता के वॉटर हेड टैंक का निर्माण, श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए प्रतीक्षालय का सौन्दर्यीकरण आदि का अवलोकन किया। उन्होनें अधिकारियों को अयोध्या परिक्षेत्र में चल रही रेल परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने पर बल दिया। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध हो सकें। महाप्रबंधक ने रामघाट हाल्ट स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाये जा रहे मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। महाप्रबंधक ने गोंडा परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्युत लोको शेड एवं आरओएच शेड तथा उप मण्डलीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए रेल संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों का दायित्व गम्भीरता से पूरा करने की आवश्यकता है। रेल कर्मचारी कल्याण की दिशा में कार्य किये जाने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने एनई रेलवे मजदूर यूनियन, एससीएसटी एसोसिएशन एवं ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

## जैतवार स्टेशन पर दिया जा रहा प्रायोगिक ठहराव 13 अगस्त तक के लिए बढ़ा

**लखनऊ।** रेलवे ने 15 जनवरी तक 15205 व 15206 लखनऊ जंक्शन जबलपुर लखनऊ जंक्शन चित्रकूट एक्सप्रेस का मझगावां स्टेशन तथा 15159 व 15160 छपरा दुर्ग छपरा एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन पर दिया जा रहा प्रायोगिक ठहराव 13 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। 15205 लखनऊ जंक्शन जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस मझगावां स्टेशन पर 1:13 बजे पहुंचकर 1:15 बजे प्रस्थान करती है। इसी प्रकार 15206 जबलपुर लखनऊ जंक्शन चित्रकूट एक्सप्रेस मझगावां स्टेशन पर 12:23 बजे पहुंचकर 12:25 बजे प्रस्थान करती है। 15159 छपरा दुर्ग एक्सप्रेस जैतवार स्टेशन पर 6:23 बजे पहुंचकर 6:25 बजे प्रस्थान करती है। इसी प्रकार 15160 दुर्ग छपरा एक्सप्रेस जैतवार स्टेशन पर 8:23 बजे पहुंचकर 8:25 बजे प्रस्थान करती है।

## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने तैयारी तेज की




**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने तैयारी तेज कर दी है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था ट्रेन चलायेंगे। इसके लिए रेलवे बोर्ड की ओर से अनुमति का इंतजार है। अयोध्या आने वाले विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए भाषाओं को लेकर परेशानी ना हो इसके लिए विभिन्न भाषाओं की जानकारी रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती स्टेशन पर की जायेगी। शुक्रवार को उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिन मोहन शर्मा ने बताया कि नई ट्रेनों के लिए प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड भेजा गया है। विभिन्न शहरों से अयोध्या के लिए नई ट्रेन की मंजूरी बोर्ड के देने का इंतजार है। इसी मकसद से यात्री सुविधाओं को बढाया जा रहा है। हर दिन बढ़ते यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराना बड़ा लक्ष्य होगा। दोहरीकरण और विद्युतीकरण से ट्रेनों की संख्या और रफ्तार दोनों बढ़ेगी। आने वाले दिनों में यात्रियों को कम समय में ट्रेन से सफर पूरा होगा।

# समूहों की सभी दीदियां 'नमो ऐप' डाउनलोड करें: केशव

- वन जी0पी0-वन बी0सी0 के लक्ष्यों पूर्ण किया जाए
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्युत सखी का चयन कराया जायेगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त कैडरों के साथ विभिन्न विन्दुओ पर वार्ता की। उप मुख्यमंत्री ने बी सी सखियों, विद्युत सखियों व कैडर के लोगों से वार्ता करते जहां उनके क्रियाकलापों के उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण गुर बताए, वहीं उनमे नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार भी किया। उन्होंने विभिन्न सखियों से सीधा संवाद करते हुये फील्ड में हो रहे कार्यों का फीडबैक लिया, उनकी समस्याये भी सुनी और उनका उत्साहवर्धन भी किया। सफाई व स्वच्छता के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी के विजन की विस्तार से चर्चा करते हुए समूहों से भी स्वच्छता अभियान में प्राण प्रण से सहभागिता करने की अपील की। और कहा कि हर ग्राम-अयोध्या धाम, हर मन्दिर -राम मंदिर के भाव के साथ 14 से 22जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलायें। कहा सभी दीदियां 22 जनवरी को को अपने घरों में दीपावली मनायें, इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें, समूह की दीदियां दीपक बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लायें, रंगोली सजायें और उनकी फोटो/वीडियो क्लिप बनाये, उसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें और मुख्यालय भी भेजें। कहा भगवान राम हिन्दुओं के लिए आस्था व श्रद्धा के केन्द्र हैं, लेकिन मुसलमानो के पूर्वज हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार बेहद संवेदनशील व गम्भीर है।समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता और अधिक बढ़ाना है।कहा कि समूहों के उत्पाद की बिक्री के लिए उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। अन्न (मोटे अनाजों) के महत्व व महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में इसका स्कोप और बढ़ेगा, इसकी उपयोगिता के दृष्टिगत इसकी मांग भी बढ़ी है, इसलिए अन्न के उत्पादन में समूह आगे कदम बढ़ायें।

# स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

- युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने के लिए किया प्रेरित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के पावन अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में युवाओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। बतादें कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर लक्ष्मण सिंह ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभा का परिचय दिया। युवा दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग के मो. इरफान, हिंदी विभाग की आराधना अस्थाना, इतिहास विभाग के डॉक्टर राजकुमार सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग के विपिन सिंह एवं मृणाल झा, इतिहास विभाग के डॉक्टर मनीष कुमार सहित विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डा हारून रशीद ने किया गया।

# विधायक राजेश्वर सिंह ने बंटवाया कंबल

- मरीजों के भी खिल उठे चेहरे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा सीट से विधायक राजेश्वर सिंह कम्बल वितरण महाभियान के तहत कंबल पहुंचा कर हर क्षेत्र, हर वर्ग के जरुरतमंदों को कड़ाके की ठंड और शीतलहर से बचाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला रहे हैं। अब तक सरोजनीनगर के करीब 12,000 से अधिक लोगों तक ठंड से बचाव के लिए विधायक राजेश्वर सिंह ने कंबल पहुंचाया है।



सरोजनीनगर के प्रत्येक असहाय, निराश्रित और जरूरतमंद तक कंबल पहुंचाने के क्रम में लोकबंधु अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गरीब, असहाय, मरीजों और तीमारदारों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इलाज कराने आये सभी मरीजों, तीमारदारों और अन्य असहायों को विधायक राजेश्वर ने अपनी टीम द्वारा कंबल भिजवाया, इस कड़ाके की ठंड में राहत पाकर सभी के चेहरे खिल उठे, सभी ने अपने क्षेत्र के विधायक की जमकर सराहना की। वहीं शुक्रवार को ग्राम भटगांव के निराश्रितों और असहायों को विधायक राजेश्वर द्वारा कंबल प्रदान किया गया। अबतक सरोजनीनगर स्थित वृद्धाश्रम के वृद्धजनों, मानसिक मंदित आश्रयगृह की महिलाओं, दृष्टिबाधित विद्यालय के छात्रों, रैन बसेरों में रहने वाले असहायों, क्षेत्र के 4 प्रमुख मंदिरों, राहगीरों समेत सरोजनीनगर कई क्षेत्रों में कंबल वितरित करने के साथ - साथ विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्षों के माध्यम से हर- गांव, हर गली के जरूरतमंदों तक 12000 से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं।

जानता के सकारात्मक प्रतिक्रिया से सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह का कहना है कि माता तारा सिंह जी की स्मृति में संचालित इस महाभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जरुरतमंद व आभावग्रस्त लोगों में कंबल वितरित किए जाएंगे' और जनता के सेवा में पूर्णतः समर्पित रहेंगे। आगामी दिनों में फुटपाथ के किनारे सोने वाले बेघरों के बीच कम्बल वितरित किये जायेंगे।

# मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी ने किया शिया यतीमखाने का दौरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मौलाना (डॉ) कल्बे सिब्तेन नूरी ने शुक्रवार को शिया यतीमखाने का दौरा किया। मौलाना ने वहां रह रहे यतीम बच्चों से मुलाकात की । उन्होंने ने कहा कि यतीमखाना हमारे बुजुर्ग उलमा की मेहनतों का नतीजा है। मौलाना ने बच्चों से मुलाकात कर उनकी सुख सुख-सुविधाओ खासकर पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी बातचीत की। बच्चों ने यतीमखाने में कंप्यूटर क्लासेस चालू कराने की इच्छा जाहिर की। मौलाना ने कौम के टीचर्स से अपील की है कि वो वक़्त निकाल कर इन बच्चों को फ्री एडुकेशन दें।

# भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी को

- मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय सेना 15 जनवरी को लखनऊ में अपना 76वां सेना दिवस मना रही है। यह कार्यक्रम दूसरी बार राष्ट्रीय राजधानी से बाहर आयोजित किया जा रहा है। पिछली सेना दिवस परेड 15 जनवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। इस बात की जानकारी आज मेजर जनरल सलिल सेठ ने प्रेस वार्ता में देते हुए कहा कि सेना दिवस की शुरुआत थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, एडीसी द्वारा स्मृति युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ होगी, जिसमें उन सभी सेना कर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कर्तव्य की पंक्ति में रहता है। इसके बाद थल सेनाध्यक्ष लखनऊ में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के परेड ग्राउंड में सेना दिवस परेड की समीक्षा करेंगे और बहादुरी और बलिदान के व्यक्तिगत कार्यों के लिए वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे। सिग्नल कोर के मोटर साइकिल सवारों की एक टीम भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेगी। इसके अलावा, भारतीय सेना की सूची में मौजूद विभिन्न हथियार प्रणालियों को भी परेड ग्राउंड पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड गन, टी-90 टैंक, सर्वत्र ब्रिजिंग सिस्टम, इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल बीएमपी-2, तुंगुस्का एयर डिफेंस सिस्टम, स्वाति रडार शामिल हैं। आम आदमी को पहले आओ पहले देखो के आधार पर लगभग 1800 खुले पास वितरित किए गए हैं। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षकों और छात्रों के साथ-साथ एनसीसी कैडेटों आदि सहित जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित किया है। 15 जनवरी शाम को, सूर्य खेल परिसर में परेड के बाद शौर्य संध्या आयोजित की जाएगी, जहां माननीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। यह स्थानीय जनता के लिए भी खुला है और इसमें लगभग 5000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें मार्शल आर्ट के विभिन्न रूपों, डेयर डेविल्स द्वारा मोटरसाइकिल प्रदर्शन और रिमाउंट वेटरनरी कोर सेंटर एंड कॉलेज द्वारा टेंट पेगिंग, लड़ाकू प्रदर्शन, एएलएच, एएलएच - डब्ल्यूएसआई, चीता, माइक्रोलाइट, सुखोई और किरण विमानों द्वारा फ्लाई पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा।

## दिखा रजब का चांद

**लखनऊ।** जमादिस्सानी की 29 तारीख शुक्रवार को इस्लामी महीने रजब का चांद दिखायी दिया। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने ऐलान किया कि शनिवार 13 जनवरी को रजब की पहली तारीख होगी। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि शबे-मेराज 7 फरवरी को होगी। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हजरत अली का जन्मदिन 13 रजब 25 जनवरी को , ईदे मेराजुल नबी 27 सफर 8 फ़रवरी को और इमाम हुसैन का मदीने से सफर 28 रजब 9 फरवरी को होगी। वहीं आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी और इदारए शरैय्या फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने भी शनिवार को रजब की पहली तारीख होने का ऐलान किया।

# डॉ. जोवद ने लिखा पत्र, मदरसों की जांच परीक्षाओं के बाद कराने की मांग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मदरसों की जांच को लेकर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह को पत्र लिख कर जांच रोकने और मदरसा परीक्षाओं के बाद कराने की मांग की है। अपने पत्र में डॉ. जावेद ने मंत्री से मदरसों की जांच रोकने के लिए लिखित आदेश करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसम्बर को भी डॉ. जावेद ने मदरसों की जांच मदरसा परीक्षाओं के बाद कराने की मांग की थी जिस पर अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर



- मौखिक आदेश के बावजूद विभागीय उच्च अधिकारियों ने जांच रोकने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किये

आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने जांच परीक्षाओं के बाद कराने की बात कही थी और बीती 5 जनवरी को हुई बैठक में भी मौखिक रूप से जांच की कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया था। अपने पत्र में डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह को मदरसों की जांच रोकने के लिए लिखित आदेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्व में मंत्री की ओर से दिये मौखिक आदेश के बावजूद विभागीय उच्च अधिकारियों ने जांच रोकने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किये, जिससे प्रदेश के जनपदीय अधिकारियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गयी है। संज्ञान में आया है कि अनेक जनपदों में जांच की कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं और बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राएं और शिक्षक परीक्षा की तैयारी में भी व्यस्त हैं।